Page 11
खेल
टीम इंडिया में 4 नए खिलाड़ियों की एंट्री, वनडे टीम से पांच बाहर, रोहित-हार्दिक के खेलने...



जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित


देश
गोधाम स्थापित करने रायपुर, बिलासपुर समेत कई जिलों में पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं
Page 09



शुक्ल पक्ष, पुष्य, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • गुरूवार • 21 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 168 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,58,350 | ₹ 2,80,000 |



## आज का इतिहास

**1991 :** भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की हत्या तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में आत्मघाती हमलावर द्वारा की गई थी।

**1929 :** भारत की पहली एयर कार्गो सेवा तत्कालीन कलकत्ता (अब कोलकाता) और बागडोगरा के बीच शुरू।

## न्यूज बाइट्स

### हाईवे से 20 दिनों में हटेंगे अवैध ढाबे और होटल

**पटना (नि.सं.)** । राज्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय उच्च पथों (एनएच) के किनारे बने अवैध ढाबा-होटल एवं अन्य अवैध व्यावसायिक संरचनाओं को हटाया जाएगा। इसके साथ ही राज्य सरकार ने एनएच के किनारे किसी भी नए ढाबा, होटल अथवा व्यावसायिक निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। किसी भी नई संरचना के निर्माण से पूर्व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) या पथ निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। एनएच के किनारे ट्रकों-बसों आदि की अनधिकृत पार्किंग को भी पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब वाहनों की पार्किंग केवल निर्धारित ट्रक ले-बाय एवं वे-साइड अमेनिटी स्थलों पर ही की जा सकेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं संचालकों पर जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बुधवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् के सभी पणधारी विभागों की बैठक में इसका निर्णय लिया गया।

### कैबिनेट बैठक में 13 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# गया से बैंकॉक के लिए फ्लाइट, औरंगाबाद और अरवल में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

- गयाजी इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में औद्योगिक इकाइयों को पानी की सप्लाई करने के लिए एक नया डैम बनाया जाएगा।
- नेपाल बॉर्डर और अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा मजबूत करने के लिए आईजी बॉर्डर का एक नया पद भी सृजित कर दिया गया है।

**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बिहार राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में औद्योगिक विकास, खेल आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य सेवाओं और विमानन क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने गयाजी के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नए डैम निर्माण को मंजूरी दी है। इसके तहत 324 एकड़ भूमि पर 8.5 एमसीएम क्षमता वाला जलाशय बनाया जाएगा। यह डैम गयाजी इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए विकसित किया जाएगा, जिसे भारत सरकार पूर्वी समर्पित फ्रेट कॉरिडोर के साथ विकसित कर रही है। सरकार का मानना है कि इस परियोजना से क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, रोजगार और आर्थिक





गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बैंकॉक (थाईलैंड) के लिए सीधी नॉन-स्टॉप उड़ान सेवा शुरू करने को भी मंजूरी दी गई। सिविल विमानन विभाग के अनुसार इस सेवा के संचालन के लिए इंडिगो एयरलाइंस का चयन किया गया है। सरकार ने व्यवहार्यता अंतर निधि योजना के तहत अधिकतम 12 माह के लिए 10 करोड़ 40 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति प्रदान की है।

वहीं बिहार में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में भी बड़ा फैसला लिया गया। अरवल और औरंगाबाद में अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाए जाएंगे, जबकि सहरसा जिले के सलखुआ में आउटडोर स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार अरवल में 6.81 एकड़ भूमि तथा औरंगाबाद में 13.09 एकड़ जमीन पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किए जाएंगे। वहीं सहरसा के सलखुआ में 6.61 एकड़ भूखंड पर आउटडोर स्टेडियम बनेगा। इन परियोजनाओं का निर्माण राज्य खेल विभाग द्वारा कराया जाएगा। सरकार का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना और ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। कैबिनेट बैठक में नालंदा में राइस मिल और कैमूर में इथेनॉल प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। इसके अलावा पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 747.97 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की गई है।

### युवा पेशेवर चयन नीति को मंजूरी

विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और उसके अधीनस्थ संस्थानों में तकनीकी व विशेषज्ञ सेवाओं के लिए "युवा पेशेवर चयन नीति-2026" को मंजूरी दे दी गई है। इस नीति के लागू होने से विभाग और उससे जुड़े संस्थानों को प्रतिभाशाली युवा पेशेवरों की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। उद्योग विभाग ने नालंदा और कैमूर जिलों में 161.63 करोड़ के कुल निजी पूंजी निवेश वाली दो बड़ी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को प्रशासनिक स्वीकृति दी है, जिससे राज्य में 278 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### निवेश के बढ़ावा को ब्रांड बिहार पहल की शुरुआत

**पटना (नि.सं.)।** पटना में बिहार सरकार ने राज्य की सकारात्मक छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'ब्रांड बिहार' पहल की शुरुआत की है। राज्य सरकार का उद्देश्य बिहार को निवेश, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में एक उभरते हुए राज्य के रूप में स्थापित करना है। इस महत्वाकांक्षी पहल का नेतृत्व मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत करेंगे। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 'ब्रांड बिहार' पहल का गठन राज्यभर में हो रहे विकास कार्यों, संस्थागत सुधारों, उद्यमिता, स्टार्टअप संस्कृति, औद्योगिक निवेश, सांस्कृतिक विरासत और प्रशासनिक बदलावों को एकीकृत रूप से प्रदर्शित करने के लिए किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य बिहार की ऐसी आधुनिक और प्रगतिशील पहचान बनाना है, जो निवेशकों, उद्योग जगत, शिक्षाविदों और युवाओं को आकर्षित कर सके। अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय तक बिहार की पहचान केवल पलायन, पिछड़ेपन और बुनियादी समस्याओं तक सीमित कर देखी जाती रही, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, उद्योग, पर्यटन और डिजिटल प्रशासन के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हुए हैं।

# बिहार के विकास में पर्यटन की बड़ी भूमिका, समय सीमा में पूरी हों सभी परियोजनाएं : मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता

- बुद्ध, रामायण, जैन, सूफी, शिव शक्ति, सिख, ईको और गांधी सर्किट के विकास कार्यों पर चर्चा।
- 'पर्यटन नीति', 'होम स्टे नीति' और 'ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति' की समीक्षा।
- पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ाने और रोजगार सृजन पर जोर।





**निज संवाददाता | पटना**

पटना स्थित पर्यटन निदेशालय सभागार में बुधवार को बिहार के नवनियुक्त पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पर्यटन मंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली परिचयात्मक और समीक्षा बैठक थी, जिसमें विभाग की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और नीतियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत में पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विभाग की संगठनात्मक संरचना, कार्यप्रणाली और वर्तमान में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित पर्यटन परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से मंत्री को अवगत कराया। समीक्षा बैठक के दौरान बिहार के प्रमुख पर्यटन सर्किटों — बुद्ध सर्किट, रामायण सर्किट, जैन सर्किट, सूफी सर्किट, शिव शक्ति सर्किट, सिख सर्किट, ईको सर्किट और गांधी सर्किट से जुड़े विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों ने इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, बजट उपयोग और आगामी योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में विशेष सचिव सह निदेशक उदयन मिश्रा ने पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए लागू 'पर्यटन नीति', 'होम स्टे नीति' और 'ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति' की जानकारी दी। मंत्री ने इन नीतियों की सराहना करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि देश-विदेश से अधिक निवेश आकर्षित किया जा सके और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा हों।

अपने संबोधन में मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार के समग्र विकास में पर्यटन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी स्वयं पर्यटन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करते हैं, इसलिए विभाग की जिम्मेदारी है कि सभी स्वीकृत योजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों। बैठक में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) के प्रबंध निदेशक नंद किशोर, संयुक्त सचिव इंदु कुमारी, महाप्रबंधक चंदन चौहान सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आम लोगों तक पहुंचे जानकारी

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन से जुड़ी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी आम लोगों और पर्यटकों तक आसानी से पहुंचे, इसके लिए सूचना तंत्र को और मजबूत बनाया जाए। साथ ही बिहार के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक मेलों एवं महोत्सवों को और अधिक भव्य तथा आकर्षक बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मंत्री ने कहा कि बिहार में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और यदि योजनाओं को समय पर पूरा किया जाए तो राज्य में रोजगार, निवेश और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिल सकती है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# गया जी के समग्र विकास को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार

**निज संवाददाता | पटना**

पटना में बुधवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात कर गया जी जिले के समग्र विकास से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान गया जी में बढ़ते यातायात दबाव, जाम की समस्या, पर्यटन विकास, धार्मिक स्थलों के विस्तार और औद्योगिक विकास से संबंधित कई अहम प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ।



विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के समक्ष गया शहर में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि शहर में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण फ्लाईओवर और आरओबी निर्माण परियोजनाओं को जल्द शुरू करने की आवश्यकता है। उन्होंने गया जी के धार्मिक और पर्यटन महत्व को देखते हुए आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर भी जोर दिया, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मुलाकात के दौरान जिले में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

# पटना में 26 मई को एक्युप्रेशर चिकित्सकों का महाकुंभ

**निज संवाददाता | पटना**

पटना स्थित अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय परिसर में आगामी 26 मई को 33वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, इंडियन काउन्सिल ऑफ एक्युप्रेशर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सम्मेलन संयोजक डॉ. अजय प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के 18 राज्यों से लगभग 500 चयनित चिकित्सक भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान छह महत्वपूर्ण विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन एक्युप्रेशर जनक डॉ. चन्द्रमा प्रसाद गुप्त की 105वीं जयंती के अवसर पर किया जा रहा है। इस मौके पर "एक्युप्रेशर डिजीज एंड मैनेजमेंट" पुस्तक तथा "आयुष्मान भवः" स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। साथ ही चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 16 चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान 11 मई से 25 मई तक देशभर में आयोजित एक्युप्रेशर पखवाड़ा के अंतर्गत सैकड़ों निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने वाले चिकित्सकों एवं संयोजकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में बिहार के कई प्रमुख राजनेता, विधानसभा अध्यक्ष, विधान परिषद सभापति, मंत्रीगण, शिक्षाविद्, वरिष्ठ चिकित्सक एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन की अध्यक्षता एक्युप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त करेंगे। वहीं प्रमुख वक्ताओं में डॉ. एल. पी. सिंह, डॉ. हरेराम राय, डॉ. श्रीप्रकाश बरनवाल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. निखिल चौधरी, डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद, डॉ. अनीता सिन्हा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. शारदा सुमन तथा डॉ. मुकेश कुमार सहित कई विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल होंगे।

### पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, घबराकर खरीदारी नहीं करने की अपील

# बिहार में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य

- बिना किसी प्रतिबंध के जारी

**निज संवाददाता | पटना**

पीआईबी पटना द्वारा जारी जानकारी के अनुसार बिहार में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) सहित सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद राज्यभर में निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा है कि टर्मिनल, डिपो, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और रिटेल आउटलेट के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से ईंधन की उपलब्धता सुचारु रूप से जारी है। सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन वितरण सामान्य रूप से हो रहा है और सुरक्षा मानकों के अनुरूप बिना किसी प्रतिबंध के आपूर्ति की जा रही है। राज्य में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार आपूर्ति की जा रही है। बिहार में कुल 3697 रिटेल आउटलेट संचालित हैं, जिनमें 3590 सरकारी तेल कंपनियों और 107 निजी कंपनियों के हैं। राज्य में प्रतिदिन लगभग 5700 किलोलीटर पेट्रोल और 9000 किलोलीटर डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी गैस की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है। राज्यभर में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की करीब 2000 एलपीजी एजेंसियों के माध्यम से गैस सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। वर्तमान में राज्य में एलपीजी आपूर्ति का बैकलॉग लगभग 4.5 दिन बताया गया है। तेल कंपनियों ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और पहल योजना के लाभार्थियों से सब्सिडी जारी रखने के लिए ई-केवाईसी पूरा करने की अपील की है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां लॉजिस्टिक्स, स्टॉक प्रबंधन और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखे हुए हैं ताकि आम लोगों को निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति मिलती रहे। लोगों से अपील की गई है कि वे सामान्य तरीके से ही ईंधन की खरीदारी करें और अनावश्यक घबराहट में अधिक खरीदारी से बचें। साथ ही ईंधन उपलब्धता से संबंधित सही और प्रमाणित जानकारी के लिए केवल तेल कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने की सलाह दी गई है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

CM FELLOWSHIP SCHEME FOR ACADEMIC EXCELLENCE

झारखंड में मेधावी विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को फेलोशिप, छात्रवृत्ति और असिस्टेंटशिप प्रदान कर शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना।





हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

यह योजना 5 लक्षित कार्यक्रमों में विभाजित है:
पी.एच.डी. फेलोशिप, शोध पत्र प्रस्तुति हेतु अनुदान, विदेश अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति, टीचिंग असिस्टेंटशिप तथा रिसर्च असिस्टेंटशिप।

घटक 1: पी.एच.डी. फेलोशिप
पात्रता
UGC NET / CSIR NET / JET अंकों के आधार पर राज्य/निजी विश्वविद्यालयों में नामांकित झारखंड के स्थानीय निवासी।
फेलोशिप की अधिकतम अवधि: 4 वर्ष
अधिकतम ₹25,000 मासिक फेलोशिप
* UGC NET / CSIR NET उत्तीर्ण: ₹25,000 प्रति माह
* JET उत्तीर्ण: ₹22,500 प्रति माह
प्रतिवर्ष 1000 फेलोशिप

घटक 2: शोध पत्र प्रस्तुति हेतु अनुदान
अधिकतम ₹2,00,000
QS रैंकिंग में शीर्ष 500 विदेशी विश्वविद्यालयों में छात्रों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुति के लिए
प्रतिवर्ष अनुदान: 100 छात्र
अधिकतम ₹50,000
भारत के भीतर NAAC A या उससे ऊपर ग्रेड वाले संस्थानों या NIRF शीर्ष 200 में रैंक प्राप्त संस्थानों में छात्रों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुति के लिए
प्रतिवर्ष अनुदान: 200 छात्र

घटक 3: विदेश अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति
पात्रता
झारखंड का स्थानीय निवासी हो तथा QS शीर्ष 200 विदेशी संस्थानों में नामांकित हो
वार्षिक पारिवारिक आय ₹8 लाख से कम
पूर्ण ट्यूशन फीस छात्रवृत्ति
झारखंड के छात्रों के लिए ट्यूशन फीस का 100% तथा जीवन-यापन भत्ता (अधिकतम ₹6 लाख तक)
प्रतिवर्ष 50 छात्रवृत्तियाँ

घटक 4 एवं 5: असिस्टेंटशिप
टीचिंग असिस्टेंटशिप (TA)
राज्य विश्वविद्यालयों एवं संघटक महाविद्यालयों में विभागाध्यक्ष द्वारा शैक्षणिक एवं शोध सहायता के लिए नियुक्त छात्रों को मासिक वजीफा प्रदान किया जाएगा—
डिप्लोमा/स्नातक (UG) छात्रों के लिए ₹1,500 प्रति माह तथा स्नातकोत्तर (PG) छात्रों के लिए ₹2,000 प्रति माह।
रिसर्च असिस्टेंटशिप (RA)
मासिक वजीफा झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद द्वारा जारी किए गए शोध अनुदानों के अंतर्गत प्रदान किया जाएगा।

PRI No.- 380345/IPRD/2026-27

आवेदन कैसे करें

ऑनलाइन पोर्टल
सभी छात्रवृत्तियों एवं फेलोशिप के लिए आवेदन निम्न पोर्टल पर ऑनलाइन किए जाएँ: https://scholarships-dhte.jharkhand.gov.in/

प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा आवेदनों की जांच
सभी आवेदनों की जांच एवं अनुमोदन सक्षम प्राधिकारी द्वारा उनकी पात्रता मानदंडों के अनुसार किया जाएगा।

भुगतान
योजना के अंतर्गत सभी वित्तीय सहायता प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में प्रदान की जाएगी।

SCAN HERE

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखण्ड

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के अधिकारों के संरक्षण हेतु लीगल सर्विसेज यूनिट फॉर चिल्ड्रेन (LSUC) के सदस्यों की बैठक आयोजित

**नवादा।** नवादा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में लीगल सर्विसेज यूनिट फॉर चिल्ड्रेन (LSUC) के सदस्यों की समिति के पुनर्गठन के संबंध में दिनांक 20.05.2026 को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव महोदय ने कहा कि LSUC के सदस्यों की सहमति के उपरांत उक्त समिति का गठन किया गया है। उन्होंने सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में बच्चों के अधिकारों से संबंधित विधिक सहायता (Legal Aid) उपलब्ध कराने तथा बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में राजेश कुमार सिन्हा, मो० साजिद अयुब खॉन, अमन जैन, चन्द्रशेखर सिंह, डा० संजय कुमार मिश्रा, सुनिता कुमारी, निशा गुप्ता तथा पारा विधिक स्वयंसेवक अजय कुमार अकेला, आशुतोष कुमार, विकास सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कौआकोल में बुधवार को दवा दुकानें रही बंद, लोगों को हुई परेशानी

**कौआकोल।** बुधवार को कौआकोल बाजार की सभी दवा दुकानें बंद रहने के कारण लोगों को आंशिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ा।आवश्यक दवाइयों के लिए मरीजों और उनके परिजनों को इधर-उधर भटकना पड़ा। दवा दुकानदारों द्वारा विभिन्न मांगों के समर्थन में दुकानें बंद रखी गईं। इस दौरान बाजार की सभी मेडिकल दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। दवा दुकानदार संघ के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, राजीव रंजन सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि यह बंदी संगठन के निर्णय के तहत की गई है।

### सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी, मनरेगा बहाली की मांग

**कौआकोल।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सह सचिव मंटू कुमार ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को लेकर सरकार के विरुद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा व्यवस्था को पूरी तरह बहाल किया जाए तथा वीबीजी राम जी को पुनः कार्य पर वापस लिया जाए। साथ ही मनरेगा में काम की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 200 दिन करने तथा मजदूरी दर 700 रुपये प्रतिदिन निर्धारित करने की मांग की गई।मंटू कुमार ने कहा कि ग्रामीण मजदूरों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### रजौली में पुलिस की छापेमारी, 48 लीटर महुआ शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**रजौली।** रजौली पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए शराब धंधेबाजों के खिलाफ छापेमारी कर 48 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब बरामद की है। पुलिस को देखते ही धंधेबाज शराब फेंककर मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने दोनों की पहचान कर ली है।

**बाइक सवार ले जा रहे थे शराब की खेप :-** थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराबमुक्त बनाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में सूचना मिली कि जोगियामारण गांव की ओर से एनएच-20 पर बाइक सवार दो लोग शराब की खेप लेकर जा रहे हैं। सूचना पर एएसआई संजय कुमार यादव को पुलिस बल के साथ भेजा गया। छापेमारी के दौरान पुलिस वाहन को दूर से आता देख बाइक सवार दोनों लोग बोरे में बंद शराब को सड़क पर पटक कर भाग निकले।

**24 पाउच में मिली 48 लीटर शराब :-** बोरे की जांच करने पर दो-दो लीटर के प्लास्टिक पाउच में बंद कुल 24 पीस शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 48 लीटर है। थानाध्यक्ष ने कहा कि बरामद शराब और फरार धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शराब निर्माण, भंडारण, बिक्री, परिवहन और सेवन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सोखोदेवरा आश्रम में किसानों के बीच धान के बीज का हुआ वितरण



**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम नवादा में बुधवार को शिविर आयोजित कर राजेंद्र स्वेता प्रभेद के धान बीज का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि फसल वैज्ञानिक सह बीज उत्पादन प्रभारी रविकांत चौबे की देखरेख में कुल 700 क्विंटल धान बीज किसानों के बीच वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि नवादा जिला के अलावा जमुई, शेखपुरा सहित विभिन्न जिलों से आए 1000 से अधिक किसानों ने 50 रुपये प्रति किलो की दर से धान बीज प्राप्त किया। बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,डॉ० भारत भूषण शर्मा,वैज्ञानिक अंगद कुमार, रौशन कुमार, पिंटू पासवान, सलोनी कुमारी सहित अन्य कृषि कर्मी एवं किसान मौजूद रहे।

### जानलेवा हमले पर 4 नामजद, 4 अज्ञात पर केस

**गयाजी।** गयाजी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पहाड़तल्ली मोहल्ले में अवैध धंधे के वर्चस्व को लेकर सोमवार देर शाम मारपीट और गला रेते जाने के मामले में 3 नामजद ओर 4 अज्ञात के खिलाफ मंटू पासवान ने केस दर्ज कराया है। दूसरी ओर मंटू पासवान और जीतू रवानी के समर्थकों ने पगला मांझी के एक समर्थक के साथ मारपीट की है। हालांकि इस मामले में देर रात तक कोई केस दर्ज नहीं कराया जा सका था। वहीं जीतू रवानी और मंटू पासवान का गला रेते जाने के मामले में अब तक न तो मुख्य आरोपी ओर न ही उसके गुर्गे का ही मुफस्सिल पुलिस सुराग ढूंढ पाई है। यही वजह है कि वारदात को अंजाम देने वाले सभी आरोपी फरार हैं। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार सुबह जख्मी मंटू पासवान और जीतू रवानी के चहेतों ने अबगिला पहाड़तल्ली में घुसकर मुकेश कुमार की पिटाई कर दी। इसके बाद से मोहल्ले में तनाव बढ़ गया। कई परिवार अपने घरों में तालाबंदी कर सुरक्षित जगहों की ओर निकल गए हैं। इस संबंध में लोगों का कहना है कि यदि पुलिस तेजी से इस मामले में गिरफ्तारियां नहीं करती है, तो हालात और भी खराब हो सकते हैं। जांच अधिकारी के अनुसार मंटू पासवान के आदेवन पर प्रहलाद मांझी उर्फ पगला मांझी, लंगटू मांझी, सेठवा मांझी सहित 4 नामजद और 4 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। दरअसल, सोमवार देर शाम जीतू रवानी और मंटू पासवान को पगला मांझी और उसके गुर्गे ने घेर लिया था और दोनों को पहड़तल्ली लाइन किनारे ले जाकर गला रेत दिया था। दोनों को उसके समर्थकों व परिजनों ने निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। फिलहाल दोनों का इलाज चल रहा है। पगला मांझी इलाके का कुख्यात बदमाश है। उसके खिलाफ 50 हजार रुपए का इनाम था। वर्ष 2025 में पुलिस के साथ हुए इनकाउंटर में पगला जख्मी हो गया था। पगला मांझी के पैर में गोली लगी थी। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। जेल से रिहा होने के बाद से एक बार फिर से वह जरायम की दुनिया में सक्रिय हो गया है।

# रजौली में 36 दिव्यांगों को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## बीडीओ ने दिखाई हरी झंडी



ट्राई साइकिल वितरण के दौरान बीडीओ एवं फिजियोथैरेपिस्ट के साथ अन्य

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित बुनियाद केंद्र में बुधवार को 36 दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। बीडीओ संजीव झा एवं सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. गौरव कुमार ने लाभुकों को चाबी सौंपकर ट्राई साइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नवादा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के नाजिर साजन पासवान, अजीत कुमार एवं कार्यपालक सहायक शशि कुमार मौजूद रहे। नाजिर साजन पासवान ने बताया कि निदेशक रितेश कुमार के निर्देश पर रजौली अनुमंडल क्षेत्र के 36 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल दी गई। सभी लाभुकों को पूर्व में दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई थी।

**आत्मनिर्भर बनेंगे दिव्यांगजन :-** बीडीओ संजीव झा ने कहा कि बैटरी चालित ट्राई साइकिल देने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को व्यवसाय के मुख्य मार्ग से जोड़ना है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। बुनियाद केंद्र द्वारा अबतक लगभग 100 बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरित की जा चुकी हैं। इससे पहले 5 मई को भी 23 लाभुकों को ट्राई साइकिल दी गई थी।

**दूसरों पर निर्भरता खत्म:-** लाभुक रजौली निवासी अनुज कुमार, मो. जहांगीर, मो. सलाम, भूषण कुमार और अशोक कुमार समेत मेसकौर व बिजूबिगहा के दर्जनों लोगों ने कहा कि अब सरकारी दफ्तरों और व्यवसाय के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इस ट्राई साइकिल से वे घर से दूर ट्यूशन पढ़ाने भी जा सकेंगे। कार्यक्रम में बुनियाद केंद्र के लिपिक अजीत कुमार, सामाजिक सुरक्षा रजौली के कार्यपालक सहायक शशि कुमार एवं सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट गौरव कुमार समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## 6 महीने में एनडीए सरकार के वादे फेल, युवा और मजदूर बेहाल : जन सुराज पार्टी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जन सुराज पार्टी ने नवादा में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर एनडीए सरकार पर युवाओं, महिलाओं और मजदूरों के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया। जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा रोजगार और महिला सहायता को लेकर किए गए वादे अब तक धरातल पर नहीं उतरे हैं। बिहार में बेरोजगारी और पलायन लगातार बढ़ रहा है, जबकि टीआरई-4 भर्ती को लेकर छात्रों के साथ भी अन्याय किया गया है। जिला मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश प्रसाद सिंह ने राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध और परिवारवाद के मुद्दे पर सरकार को घेरा। मीडिया ज़ोनल प्रभारी अजय कुमार ने नीट छात्रा हत्याकांड मामले में समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होने पर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

नेताओं ने कहा कि जन सुराज पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। साथ ही "बिहार नवनिर्माण अभियान" के नए चरण के तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से संवाद करेंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, लोकसभा प्रभारी उदय शंकर, नालंदा, ज़ोनल संगठन प्रभारी सैयद मसूद्दीन तथा कोषाध्यक्ष ललन कुमार शर्मा , महिला जिला अध्यक्ष स्वीटी कुमारी, राधा देवी, पूनम कुमारी गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार जी भी उपस्थित थे।

# जांच टीम ने लिया अनुसूचित जनजाति शिविर का जायजा

## विरहोरटांड़ एवं बदरवातरी गांव में एसटी परिवारों को विभिन्न योजनाओं का मिला लाभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कौआकोल।** जनजातीय परिवारों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जनभागीदारी अभियान सबसे दूर, सबसे पहले कार्यक्रम के तहत लगाए गए शिविर का निरीक्षण बुधवार को एससी-एसटी कल्याण विभाग,पटना से आई जांच टीम ने किया। जांच टीम के प्रतिनिधि कल्याण पदाधिकारी वीरेन कुमार ने शिविर का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रियरंजन ने प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत स्थित विरहोरटांड़ तथा लालपुर पंचायत के बदरवातरी गांव में मंगलवार से संचालित शिविर का निरीक्षण किया। विरहोरटांड़ गांव में अधिकारियों द्वारा लाभुकों के बीच विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,जॉब कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का वितरण किया गया। साथ ही शिविर में उपस्थित लाभुकों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता सबसे पिछड़े एवं दूरस्थ जनजातीय समुदायों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों ने विरहोरटांड़ में पौधारोपण भी किया। मौके पर बीपीआरओ शमा बानो,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी लोकेश नाथ चौधरी,कस्तूरबा विद्यालय के लेखापाल अजित कुमार सुमन,विकासमित्र जितेंद्र मांझी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# वार्ड नंबर 7 के निवासियों ने सड़क पर बह रहें नाले का पानी को लेकर दिया आवेदन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**वारिसलीगंज :** नगर परिषद के मुड़लाचक शिवाजी नगर मोहल्ला स्थित वार्ड संख्या 7 के आम रास्ता में जल जमाव के चलते लोगों को हो रही परेशानी से छुटकारा दिलाने की मांग महल्ला वासियों ने बुधवार को आवेदन देकर कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार चौधरी से की है। कार्यपालक पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामलखन प्रसाद, जदयू जिला महासचिव अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा, अरुण कुमार, आंगनवाडी सेविका सुनीता कुमारी, पूर्व मुखिया अनिरुद्ध प्रसाद आदि समेत दो दर्जन से अधिक प्रमुख मोहल्ला वासियों ने कहा है कि मुड़लाचक देवीस्थान के उत्तर से सेवकस्थान तक जानेवाली आम रास्ते में कई महीने से नाली का पानी जमा रहने के कारण आंगनवाडी में पढ़ने वाले छोटे - छोटे बच्चे गिरकर अक्सर घायल हो जाते हैं। इस रास्ता होकर हर किसी का जाना मुश्किल हो गया है। महल्ला वासियों ने जल जमाव के चलते मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से बचाने की भी मांग की है। साथ ही, शिवाजी नगर के वार्ड संख्या 7 के नाली के पानी का निकासी मुख्य सड़क के बगल होकर गुजरने वाले नाला में मिलाने की मांग की है। कार्यपालक पदाधिकारी ने समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है।

## राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा में "Legal and Compliance Clinics" कार्यक्रम का आयोजन




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** स्टार्टप बिहार के तत्वावधान में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा में "Legal and Compliance Clinics" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप से जुड़े युवाओं एवं विद्यार्थियों को कानूनी एवं अनुपालन (Compliance) संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें स्टार्टअप पंजीकरण एवं कानूनी संरचना, कराधान एवं नियामकीय अनुपालन, बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR), तथा स्टार्टअप अनुबंध एवं संस्थापक समझौते जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त, सफल स्टार्टअप उद्यमियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए, जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक चुनौतियों एवं उनके समाधान के संबंध में उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम में अमित विक्रम भारद्वाज, महाप्रबंधक ज़िला उद्योग केन्द्र नवादा, इंजीनियरिंग कॉलेज नवादा के प्राचार्य, स्टार्टअप सेल प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित वैद्य नवल किशोर प्रसाद सिंह का मंगलवार की देर रात निधन

## निःस्वार्थ सेवा करने वाले वैद्य जी के परिवार ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा:** जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरावा गांव निवासी राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित वैद्य नवल किशोर प्रसाद सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। समाज सेवा और निःशुल्क उपचार के लिए पहचान बनाने वाले वैद्य नवल किशोर सिंह जिंदगी भर असहाय गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करते रहे।

बताया जाता है कि वर्ष 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल जी के हाथों उन्हें राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उन्हें पशुओं में फैलने वाली गंभीर "अढ़ैया रोग" जैसी जानलेवा बीमारी की दवा के अविष्कार के लिए मिला था। इस बीमारी में जानवरों को तेज बुखार, लंगड़ाकर चलना, दूध की कमी,जैसी समस्याएं होती थीं, और धीरे-धीरे उन बेचारो जानवरों की मौत हो जाती थी। वैद्य नवल किशोर सिंह ने इस गंभीर बीमारी का सफल इलाज तैयार कर देश विदेश तक के पशुपालकों को राहत पहुंचाई थी।

इसके बाद उन्होंने महिलाओं और पुरुषों में भीं होने वाली कई गंभीर बीमारियों की दवाएं भी तैयार कीं। खास बात यह रही कि उन्होंने जीवनभर लोगों का इलाज निःस्वार्थ भाव से और बिल्कुल निःशुल्क किया। गरीबों की सेवा को ही उन्होंने अपना धर्म माना। परिवार वालों का कहना है कि निःशुल्क सेवा देने के कारण आज तक उनका घर मिट्टी का ही बना हुआ है। ना ही उन्हें किसी सरकारी योजना का लाभ मिला और ना ही आर्थिक सहयोग। अब उनके निधन के बाद परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

छोटे बेटे कन्हैया कुमार ने भावुक होकर कहा कि "मेरे पापा पूरी जिंदगी समाज सेवा करते रहे, लेकिन बदले में हमें क्या मिला। आज तक हम एक पक्का घर नहीं बना पाए। बहन की शादी करनी है, अब तो सब कुछ खत्म हो गया।" उन्होंने सरकार और जनप्रतिनिधियों से परिवार को उचित सहायता देने की मांग की है।

वैद्य नवल किशोर प्रसाद सिंह के निधन पर क्षेत्र के लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें समाज का सच्चा सेवक बताया है।

# ककोलत जलप्रपात में पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर प्रवेश शुल्क में बढ़ोतरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- प्रति व्यक्ति 100रुपया हुआ प्रवेश शुल्क, रविवार को लगेंगे 200 सौ
- वाहन पार्किंग का शुल्क भी हुआ दुगना



**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री श्रेष्ठ कृष्णा द्वारा संयुक्त रूप से आज गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ककोलत जलप्रपात का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पर्यटकों की अत्यधिक भीड़, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, यातायात नियंत्रण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि गर्मी के मौसम एवं अवकाश के दिनों में ककोलत जलप्रपात में प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं, जिसके कारण स्थल पर अत्यधिक दबाव उत्पन्न हो रहा है। कई अवसरों पर अत्यधिक भीड़ के कारण कुंड क्षेत्र में अव्यवस्था, सुरक्षा संबंधी जोखिम एवं पर्यावरणीय दबाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए भीड़ प्रबंधन, पर्यटकों की सुविधा,पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रवेश शुल्क एवं पार्किंग शुल्क की दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ककोलत जलप्रपात की प्राकृतिक सुंदरता एवं पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। बढ़ती पर्यटक संख्या के कारण पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, आपदा प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। पर्यटकों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्णय लिया गया है,जो निम्नवत है- भीड़ नियंत्रण एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन अधिकतम 8000 टिकट ही निर्गत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त कुंड क्षेत्र में एक समय में सीमित संख्या में ही पर्यटकों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण के दृष्टिकोण से कुंड क्षेत्र में पर्यटकों के ठहराव की अवधि अधिकतम एक घंटा निर्धारित की गई है। एक घंटे की अवधि पूर्ण होने के उपरांत कुंड क्षेत्र में मौजूद पर्यटकों को वापस भेजा जाएगा तथा उसके बाद नए पर्यटकों को प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाएगी, ताकि सभी पर्यटक सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से स्थल का आनंद ले सकें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय केवल व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन, पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन स्थल के समुचित रख-रखाव के उद्देश्य से लिया गया है।

**संशोधित दरें निम्नवत् निर्धारित की गई हैं—**

| | |
|---|---|
| **सोमवार से शुक्रवार तक (मंगलवार बंद रहेगा)** | |
| प्रवेश शुल्क – | 100 प्रति व्यक्ति |
| टू-व्हीलर पार्किंग शुल्क – | 100 |
| फोर-व्हीलर पार्किंग शुल्क – | 200 |
| **शनिवार एवं रविवार** | |
| प्रवेश शुल्क – | 200 प्रति व्यक्ति |
| टू-व्हीलर पार्किंग शुल्क – | 200 |
| फोर-व्हीलर पार्किंग शुल्क – | 400 |

*उक्त सभी निर्णय दिनांक 21.05.2026 से प्रभावी होंगे एवं माह जुलाई 2026 तक लागू रहेगा।*

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में दहेज के लिए गर्भवती विवाहिता को पीटा, पीड़ित महिला बोली- मेरा जबरन अबॉर्शन भी कराया

**नालंदा।** नालंदा के महिला थाने में एक विवाहिता ने अपने पति, सास-ससुर और ननद-नंदोई समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और जबरन गर्भपात कराने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। नूरसराय थाना क्षेत्र के चण्डासी गांव के रहने वाले श्रवण कुमार की 24 साल की बेटी की शादी साल 2018 में हिलसा थाना क्षेत्र के बनवारीपुरी गांव में रहने वाले मनीष कुमार के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के महज एक सप्ताह बाद से ही ससुराल वाले उसे कम दहेज मिलने का ताना देने लगे। पति मनीष कुमार, ससुर गणेश कुमार, सास संजू देवी, देवर नीतीश कुमार, देवरानी और ननद-ननदोई मिलकर उस पर मायके से पाँच लाख रुपये नकद और एक बुलेट मोटरसाइकिल लाने का दबाव बनाने लगे। महिला ने बताया कि प्रताड़ना के बीच जब वो 5 महीने की प्रेग्नेंट हुई, तो उसने डर की वजह से इसकी जानकारी ससुरालवालों को नहीं दी। महिला ने कहा कि मुझे डर था कि पति समेत ससुरालवाले मिलकर मेरा अबॉर्शन करा देंगे। महिला ने बताया कि 12 अप्रैल 2026 को मुझे खबर मिली कि मेरे पिता को पैरालिसिस की शिकायत है। इसके बाद मैं अपने मायके चण्डासी आ गई। मायके में मैंने खुद के प्रेग्नेंट होने की जानकारी दी। जैसे ही मेरे घरवालों ने मेरे पति और ससुराल के लोगों को इसकी जानकारी दी तो वे भड़क गए। 16 मई 2026 को पति मनीष जबरन मायके पहुंचा और मेरे साथ मारपीट कर अपने साथ ससुराल ले आया।

महिला ने बताया कि ससुराल ले आने के बाद पति ने मेरे साथ मारपीट की। 18 मई को ससुराल वाले मुझे हिलसा अस्पताल ले गए और मेरी मर्जी के खिलाफ जबरन गर्भपात करा दिया। गर्भपात कराने के बाद मुझे वापस घर लाया गया, जहां ससुरालवाले मिलकर मेरी हत्या की साजिश रचने लगे और मुझे कुछ संदिग्ध दवाईयां भी खिलाई गई। महिला ने बताया कि जब मेरी तबीयत अचानक खराब हुई तो मैं किसी तरह ससुरालवालों की नजर से खुद को बचाकर भागी। रास्ते में चौकीदार मिला, जिसे मैंने सारी जानकारी दी, फिर उसने मेरी हालत खराब देखकर मुझे हिलसा थाने पहुंचाया। हिलसा पुलिस ने घटना की सूचना पीड़िता के पिता को दी। इस बीच ससुराल वाले उसे दोबारा थाने से ले गए, लेकिन 19 मई की सुबह करीब 3 बजे आरती के पिता और परिजन ने ससुराल पहुंचकर महिला को ससुराल से लेकर सदर अस्पताल में एडमिट कराया। पीड़िता के आवेदन पर नालंदा महिला थाना में केस दर्ज किया गया है। महिला थाना की एएसआई सुमिता कुमारी को इस पूरे मामले की कमान सौंपी गई है और वे मामले की सघन जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### ग्राहक बनकर आए दंपती ने 80 हजार के जेवर उड़ाए, गयाजी में महिला ने दुकानदार को उलझाया



**गया।** गयाजी शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बजाज रोड पर आज एक ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। ग्राहक बनकर आए एक दंपती ने अपने दो बच्चों के साथ मिलकर दुकान से लगभग 80 हजार मूल्य के चांदी के जेवर चुरा लिए और फरार हो गए। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के बजाज रोड स्थित कमला भूषणालय ज्वेलर्स में यह दंपति अपने बच्चों के साथ खरीदारी करने पहुंचा था। दुकान में पहुंचने के बाद महिला ने विभिन्न प्रकार के चांदी के आभूषण देखने का बहाना किया, जबकि पुरुष ने दुकानदार को बातचीत में उलझाए रखा। इसी दौरान, बच्चों की गतिविधियों से दुकान में हलचल बनी रही। इसका फायदा उठाकर महिला के पति ने चांदी के जेवरात धीरे से उठाकर एक 'काले बैग' के नीचे छिपा दिए और फिर उन्हें अपने बैग में रख लिया। कुछ देर बाद, पूरा परिवार बिना कोई सामान खरीदे दुकान से चला गया। दुकानदार संजय वर्मा ने बताया कि शुरुआत में उन्हें किसी तरह की आशंका नहीं हुई। बाद में जब दुकान का मिलान किया गया, तो लगभग 80 हजार के चांदी के जेवर गायब पाए गए। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई, जिसमें चोरी की घटना स्पष्ट रूप से कैद थी। ज्वेलर्स दुकानदार संजय वर्मा ने घटना के बाद कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी है। उन्होंने बताया कि ऐसी घटनाओं से ज्वेलर्स व्यवसायियों में भय का माहौल है। संजय वर्मा बुलियन एसोसिएशन के सचिव भी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही कई अन्य ज्वेलर्स दुकानदार उनकी दुकान पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की। कोतवाली थाना अध्यक्ष ने बताया कि ज्वेलर्स दुकानदार की ओर से सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है। फुटेज के आधार पर संदिग्ध दंपति की पहचान की जा रही है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान जल्द हो सके। घटना के बाद बजाज रोड के व्यवसायियों ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

### युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत, कमाने के लिए दोस्त के साथ सूरत निकला था, ड्रग्स का ओवरडोज देने की आशंका




**नालन्दा।** नालंदा जिले के भागन बीघा थाना क्षेत्र के मोरा तालाब गांव में एक 19 वर्षीय युवक जय भगवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसके दोस्त पर लापरवाही बरतने और ड्रग्स के ओवरडोज के कारण मौत होने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान मोरा तालाब निवासी संजय पासवान के बेटे जय भगवान के रूप में हुई है। पड़ोस में रहने वाला अभिजीत कुमार उर्फ बिट्टू, जय भगवान को यह कहकर अपने साथ ले गया था कि दोनों सूरत कमाने जा रहे हैं। शाम में जय भगवान ने फोन पर परिजनों को बताया था कि वे लोग बख्तियारपुर स्टेशन पर हैं, लेकिन इसके कुछ देर बाद ही उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। मृतक के चाचा इंद्रलोक पासवान ने बताया कि देर रात तक जब जय भगवान का सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने अभिजीत उर्फ बिट्टू से संपर्क किया। बिट्टू ने बताया कि ट्रेन छूट जाने के कारण वे लोग वापस लौट रहे हैं। हालांकि, काफी देर तक जब दोनों घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सुबह मोरा तालाब होटल के सामने ओवरब्रिज के नीचे जय भगवान अचेत अवस्था में पड़ा मिला। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

महज 6 महीने पहले ही जय भगवान ने बिंद थाना क्षेत्र के घड़ियारी गांव की कृति कुमारी से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद उसकी पत्नी फिलहाल अपने मायके में रह रही थी। इस घटना के बाद पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन आरोप लगा रहे हैं कि अभिजीत उर्फ बिट्टू पूरे मामले को छिपाने की कोशिश कर रहा था। अगर उसने समय रहते घरवालों को सही जानकारी दे दी होती, तो जय भगवान को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती थी। परिवार ने आशंका जताई है कि युवक को ड्रग्स का ओवरडोज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। भागन बीघा ओपी प्रभारी राजकुमार चौधरी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, युवक ड्रग एडिक्ट था और मौत की वजह ड्रग्स का ओवरडोज होना सामने आ रही है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार विधान सभा सचिवालय में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की पहल

## महिला कर्मियों के लिए चलेगी पिंक बस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया।** वैश्विक ऊर्जा संकट और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती खपत को देखते हुए बिहार विधान सभा सचिवालय में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को विधान सभा सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर इस विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने तथा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने की जो पहल की गई है, उसे बिहार विधान सभा सचिवालय में भी प्रभावी रूप से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कर्मचारियों की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक बस सेवा की व्यवस्था शीघ्र शुरू की जाए।

इस दौरान अध्यक्ष ने महिला पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से "पिंक बस" सेवा शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिला कर्मियों की सुरक्षा, सुविधा और समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित करने के लिए अलग से रूट चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही पुरुष पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए "ग्रीन बस" सेवा शुरू करने की योजना पर भी काम करने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में प्रभारी सचिव की अध्यक्षता में बिहार विधान सभा सभागार में महिला पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला कर्मियों ने सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का उपयोग करने के प्रति सहमति व्यक्त की और इसे एक सकारात्मक कदम बताया।

विधान सभा सचिवालय की ओर से बताया गया कि वर्तमान में सचिवालय में लगभग 239 महिला कर्मचारी एवं करीब 700 पुरुष कर्मचारी कार्यरत हैं। बस सेवा को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए महिला कर्मियों से उनके निवास स्थान के निकटतम बस स्टॉपेज और संभावित रूट की जानकारी ली जा रही है, ताकि कर्मचारियों की सुविधा के अनुसार परिवहन व्यवस्था तैयार की जा सके। अधिकारियों के अनुसार, आने वाले दिनों में बसों के संचालन को लेकर विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग के माननीय मंत्री के साथ अलग से बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें रूट, बसों की संख्या और संचालन व्यवस्था पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। विधान सभा सचिवालय की इस पहल को ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और कर्मचारियों की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल निजी वाहनों के उपयोग में कमी आएगी, बल्कि ट्रैफिक दबाव और ईंधन की खपत में भी कमी लाने में मदद मिलेगी।

# केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को मिली धमकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को सोशल मीडिया पर खुलेआम धमकी देने का मामला सामने आया है। एक वायरल वीडियो में एक युवक मांझी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी देता नजर आ रहा है। यह मामला तब सामने आया है जब केंद्रीय मंत्री के समधी परिवार से जुड़े हमले का मामला शांत भी नहीं हुआ।

वायरल वीडियो में युवक कथित तौर पर बेहद आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहता सुनाई दे रहा है। साथ ही कह रहा है कि यादव दरोगा को टारगेट करना छोड़ दो। मामले की गंभीरता को देखते हुए गया के वरीय पुलिस अधीक्षक (SSP) सुशील कुमार ने तत्काल कार्रवाई की है। एसएसपी के निर्देश पर धमकी देने वाले युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पुलिस अब वीडियो की जांच कर आरोपी की पहचान में जुट गई है।

एसएसपी ने बयान जारी करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने या किसी जनप्रतिनिधि और केंद्रीय मंत्री के खिलाफ धमकी भरी भाषा का प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायरल वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार काम कर रही है। एसएसपी ने आम लोगों से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास वीडियो में दिख रहे युवक के संबंध में कोई जानकारी हो तो वह पुलिस को उपलब्ध कराए।

# किसानों ने रेलवे को दी आंदोलन की चेतावनी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी के मानपुर प्रखंड के गेरे गांव में आज किसानों की पंचायत हुई। पंचायत में ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC) परियोजना को लेकर ग्रामीणों ने गहरी चिंता जताई। किसानों ने साफ कहा कि अगर रेलवे ने उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 15 दिन बाद आंदोलन शुरू होगा और निर्माण काम को रोक दिया जाएगा। सभा में गांव के बुजुर्गों से लेकर युवा किसान तक मौजूद रहे। किसानों का कहना था कि यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं है, बल्कि पूरे गांव के भविष्य और खेती बचाने की लड़ाई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेलवे की निर्माणाधीन लाइन की वजह से करीब 2200 एकड़ खेती पर सिंचाई का संकट मंडरा रहा है। अगर समय रहते अंडरपास, पुल और जल निकासी की व्यवस्था नहीं हुई, तो गेरे गांव की उपजाऊ जमीन मरुभूमि बन जाएगी।

किसानों ने कहा कि गांव की खेती मुख्य रूप से फल्गु नदी से निकलने वाली पईन, मोराटाल, पोखर और आहर के पानी पर निर्भर है। यही पानी खेतों तक पहुंचता है। लेकिन रेलवे लाइन बनने के बाद पानी का बहाव रुक जाएगा। इससे खेत सूख जाएंगे और फसलें बर्बाद हो जाएंगी। ग्रामीणों ने कहा कि खेती खत्म होने का मतलब गांव में भुखमरी जैसी स्थिति का पैदा होना है। खेती किसानी का समय नजदीक आ गया है। समस्या का हल समय रहते हर हाल में होना चाहिए।

सभा में यह भी मुद्दा उठा कि रेलवे लाइन बनने के बाद खेतों तक ट्रैक्टर, हार्वेस्टर को पहुंचाने में भारी परेशानी होगी। किसानों ने कहा कि बिना अंडरपास के खेती करना लगभग असंभव हो जाएगा। गांव के कई किसानों ने बताया कि पहले भी अंग्रेजों के समय और बाद में रेलवे लाइन बनने से उनकी काफी जमीन जा चुकी है। अब फिर उसी गांव की जमीन ली जा रही है, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों ने बताया कि गेरे गांव के किसान मूल रूप धान व गेहूं की खेती करते हैं। यही इस गांव के बड़े छोटे किसानों का आर्थिक आधार है जिस पर अब संकट के बादल छाने लगे है।

**किसान बोले- रेलवे के पास पहले से पर्याप्त जमीनः** किसानों ने दावा किया कि रेलवे के पास पहले से पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। ऐसे में नई लाइन के लिए किसानों की खेती वाली जमीन लेने की जरूरत नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की कि रेलवे उपलब्ध जमीन का ही इस्तेमाल करें और गांव की खेती बचाएं। सभा में पुराने आवेदन और आपत्तियों का भी जिक्र किया गया। किसानों ने बताया कि साल 2013 में भी उन्होंने रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय और बिहार सरकार को आवेदन देकर विरोध जताया था। उस समय भी किसानों ने चेताया था कि यदि बिना सहमति जमीन अधिग्रहण हुआ, तो आंदोलन होगा। अब एक बार फिर वही स्थिति बन रही है।

खेती के लिए संघर्ष कर रहे गेरे गांव के किसान अलखदेव सिंह ने बताया कि सिंचाई की उपलब्धता गेरे गांव के दक्षिण दिशा में है, जबकि हजारों एकड़ खेती उत्तर दिशा में है। बीच मे कॉरिडोर का काम हो रहा है, जो खेती की भूमि से काफी ऊपर हो रही है। इससे न केवल खेत तक तकनीकी संसाधनों का पहुंचना असम्भव हो जाएगा, बल्कि सिंचाई के लिए खेतों तक पानी भी पहुंचाना कठिन हो जाएगा।

# गयाजी पहुंचे मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम, बच्चों के हाईटेक मॉडल अस्पताल का निरीक्षण किया

## व्यवस्थाओं को करीब से परखा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया।** मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने बुधवार को गया स्थित प्रभावती अस्पताल स्थित बच्चों के हाईटेक मॉडल अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं और हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम को करीब से देखा। अस्पताल में चल रही गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली गई। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भी उन्हें अस्पताल के कामकाज और सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ने अस्पताल के मॉडल सिस्टम को समझने की कोशिश की। उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, दवा वितरण व्यवस्था, मरीजों के रिकॉर्ड और सूचना आदान-प्रदान की प्रक्रिया को देखा। अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि किस तरह यहां डिजिटल सिस्टम के जरिए मरीजों से जुड़ी जानकारी को संभाला जाता है और पटना स्थित कमांड सेंटर से इसकी निगरानी की जाती है।

**स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाताः** डॉक्टरों ने डिप्टी सीएम को बताया कि प्रभावती अस्पताल बच्चों के मॉडल अस्पताल के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां इलाज के साथ-साथ बच्चों की देखभाल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अस्पताल के अलग-अलग विभागों की कार्यप्रणाली को भी विस्तार से समझाया गया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि उन्होंने प्रभावती अस्पताल में आकर हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम की बारीकियों को समझा और परखा है। उन्होंने कहा कि यहां का सिस्टम काफी व्यवस्थित और आधुनिक तरीके से संचालित हो रहा है। डॉक्टर, स्टाफ, दवा व्यवस्था और मरीजों के प्रबंधन को बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है।

**बिहार सरकार की तारीफ कीः** उन्होंने बिहार सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि बिहार ने हेल्थ सिस्टम को मॉडल रूप देने की दिशा में अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार और मध्य प्रदेश सरकार के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अनुभवों का आदान-प्रदान होगा। दोनों राज्यों के बीच इसको लेकर सहमति भी बनी है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान मीडिया ने अस्पताल में डॉक्टरों की कमी का सवाल भी उठाया। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि उन्हें भी इसकी जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार लगातार डॉक्टरों की भर्ती के लिए वैकेंसी निकाल रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है और आगे भी जारी रहेगी। डिप्टी सीएम के दौरे को लेकर अस्पताल परिसर में दोपहर बाद हलचल बनी रही। अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भी निरीक्षण को लेकर पूरी तैयारी कर रखी थी।

# 7 ब्लाइंड दिव्यांग को मिले स्मार्टफोन, लाभार्थी बोले- सरकारी योजना से बेहतर तरीके से जुड़ेंगे, तकनीक के जरिए पढ़ाई करेंगे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया।** गया जिला प्रशासन ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। आज डीएम शशांक शुभंकर ने सात दृष्टिहीन दिव्यांगजनों के बीच स्मार्टफोन और हेडफोन का वितरण किया। यह वितरण मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है। स्मार्टफोन और हेडफोन मिलने के बाद लाभार्थियों ने बताया कि ये उपकरण उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब वे मोबाइल तकनीक के जरिए पढ़ाई, ऑनलाइन जानकारी, सरकारी योजनाओं और अपने परिजनों से बेहतर तरीके से जुड़ सकेंगे। कई लाभार्थियों ने बिहार सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार व्यक्त किया।


**समाज की मुख्यधारा से जुड़ने में सहायता मिल रहीः** लाभार्थियों ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत सहायक उपकरण और बैटरी चालित ट्राइसाइकिल मिलने से दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने में काफी सहायता मिल रही है। उन्होंने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, गया, अविनाश कुमार ने जानकारी दी कि जिला प्रशासन लगातार दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में जिले के 878 दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरणों का लाभ दिया गया है। इनमें व्हीलचेयर, सीपी व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, हियरिंग एड, बैसाखी और डिजिटल ब्लाइंड स्टिक सहित कई उपयोगी उपकरण शामिल हैं। अविनाश कुमार ने आगे बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 940 चलंत दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। यह योजना विशेष रूप से उन दिव्यांगजनों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है, जिन्हें आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**आवासीय प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकतेः** अविनाश कुमार ने बताया कि जो दिव्यांगजन सहायक उपकरण या बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का फायदा लेना चाहते हैं, वे आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड, दो लाख रुपये से कम आय प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन पोर्टल sambalyojana.bihar.gov.i पर किया जा सकता है। इसके अलावा लाभार्थी अपने प्रखंड कार्यालय, नजदीकी बुनियाद केंद्र अथवा जिला कार्यालय में जाकर भी आवेदन जमा कर सकते हैं।

# दुखों में भी भगवान का स्मरण दे देता है शांति : पंडित गौरांगी गौरी

## मां के संस्कार और गुरु कृपा से संवरता है जीवन : पंडित गौरांगी गौरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




कथा वाचक स्वरूप पंडित गौरांगी गौरी जी कथा सुनाते हुए।



उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़।

**इमामगंज।** जीवन में चाहे कितने भी दुख और कठिनाइयाँ आएं, यदि मन भगवान के चरणों में लगा हो तो हर परिस्थिति सहज लगने लगती है। यह बातें कथा वाचक स्वरूप पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने इमामगंज प्रखंड के बिश्रामपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान कही। गया जिले के इमामगंज प्रखंड अंतर्गत बिश्रामपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं इस दौरान पंडित गौरांगी गौरी जी द्वारा सुनाई जा रही कथा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया है। कथा के दौरान श्रद्धालु भगवान के भजनों और प्रवचनों का रसपान कर भाव-विभोर हो रहे हैं। कथा के दौरान पंडित गौरांगी गौरी जी ने ध्रुव जी महाराज के प्रसंग के माध्यम से माता के संस्कार, गुरु कृपा और सत्संग की महिमा का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया।उन्होंने कहा कि माता यदि चाहे तो अपने पुत्र को भक्त और संत बना सकती है। ध्रुव जी के जीवन में भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति उनकी माता सुनिति के संस्कारों का ही परिणाम था। उन्होंने कहा कि भजन और सत्संग मनुष्य के भीतर धैर्य, सहनशीलता और सकारात्मक सोच पैदा करते हैं। जब मन भगवान के चरणों में लग जाता है, तब जीवन के बड़े से बड़े दुख भी छोटे लगने लगते हैं। कथा में आगे उन्होंने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है। गुरुमंत्र और सत्संग मनुष्य के जीवन को अंधकार से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने "घाटन दास" नामक एक चोर की कथा सुनाते हुए बताया कि गुरु के एक छोटे से नियम—"झूठ नहीं बोलना"—ने उसके जीवन को बदल दिया।

प्रवचन के दौरान पंडित गौरांगी गौरी जी ने कहा कि मनुष्य को दूसरों के दोष देखने के बजाय अपने कर्मों पर विचार करना चाहिए। भगवान का स्मरण, मधुर वाणी और सत्संग ही जीवन को सफल बनाने का सबसे सरल मार्ग है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और पूरा वातावरण जयकारों तथा भक्ति गीतों से गूंज रहा है। इस मौके पर सोनम सिंह, पिंटू सिंह, कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुखिया बिट्टू सिंह, जन अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष भवानी सिंह, कृष्ण देव उसे कारू सिंह, साकेत सिंह, पिंटू सिंह, पंकजसिंह सहित अन्य सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-फार्मेसी के विरोध में दवा की दुकानें बंद, टेकारी रोड मंडी में पसरा है सन्नाटा

**गया।** गयाजी शहर में बुधवार ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में दवा व्यापारियों ने 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल की। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर दवा दुकानें बंद की गई है। इस दौरान गया के टेकारी रोड स्थित दवा मंडी सहित अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे, जिससे दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। व्यापारियों ने ऑनलाइन दवा कंपनियों के खिलाफ काली पट्टी बांधकर विरोध-प्रदर्शन किया। दवा व्यापारी प्रशांत गुहा ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री और भारी छूट के कारण पारंपरिक दवा कारोबार



बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इससे छोटे दुकानदार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। व्यापारियों ने बैनर-पोस्टर के साथ प्रदर्शन करते हुए सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू करने की मांग की। गया शहर के कई इलाकों में मेडिकल स्टोर्स बंद रहने के कारण लोगों को जरूरी दवाइयां खरीदने में परेशानी हुई। कई लोग दवा दुकानों के चक्कर लगाते नजर आए। हालांकि कुछ स्थानों पर गंभीर मरीजों और इमरजेंसी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए सीमित संख्या में दुकानें खुली रखी गई थीं, ताकि लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। उनके अनुसार, कई ऑनलाइन कंपनियां बिना पर्याप्त जांच और प्रशिक्षित फार्मासिस्ट की निगरानी के दवाइयां बेच रहे हैं, जो मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है। गया जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार जमुआर और सचिव रंजीत कुमार गुप्ता ने इस मुद्दे को व्यापारिक प्रतिस्पर्धा से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा गंभीर विषय बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर फर्जी प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर भी दवाइयों की बिक्री की जा रही है, जिससे गलत दवा के सेवन और गंभीर दुष्प्रभावों का खतरा बढ़ रहा है।

व्यापारियों ने कहा कि पारंपरिक मेडिकल स्टोर पर दवा देने से पहले मरीज की पर्ची की जांच की जाती है और आवश्यकता पड़ने पर डॉक्टर से भी संपर्क किया जाता है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऐसी प्रभावी व्यवस्था का अभाव है, जिससे मरीजों को गलत दवा मिलने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना विशेषज्ञ निगरानी के दवाइयों की बिक्री सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है।

### गया ने रचा इतिहास, अंडर-16 क्रिकेट में बना बिहार चैंपियन, भोजपुर को पांच विकेट से हराया



**गयाजी।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित श्यामल प्रसाद सिन्हा अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में गया जिला क्रिकेट संघ की टीम ने इतिहास रच दिया। फाइनल मुकाबले में गया ने भोजपुर को पांच विकेट से हराकर बिहार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सीतामढ़ी के टर्फ विकेट मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में गया के खिलाड़ियों ने गेंद व बल्ले दोनों से दमदार प्रदर्शन किया। जीत के बाद पूरे जिले में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की तारीफ हो रही है। फाइनल मुकाबले में भोजपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन गया के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बना दिया। तेज और अनुशासित गेंदबाजी के सामने भोजपुर की बल्लेबाजी पूरी तरह लड़खड़ा गई। पूरी टीम 38.3 ओवर में सिर्फ 143 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। गया की ओर से अमित कुमार ने सबसे शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने चार विकेट लेकर भोजपुर की कमर तोड़ दी। वहीं विकास कुमार ने भी तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर टीम की जीत की मजबूत नींव रखी। गया के गेंदबाजों ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाया और विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया की टीम ने भी आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की। शुरुआती झटकों के बावजूद बल्लेबाजों ने संयम नहीं खोया। सुमन कुमार ने सबसे ज्यादा 47 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने टीम को संभालते हुए जीत की राह आसान की। वहीं नितीश रॉय ने 33 रन बनाकर टीम को मजबूती दी।

मुकाबले का सबसे यादगार पल तब आया जब राहुल कुमार ने शानदार छक्का लगाकर गया को जीत दिला दी। जैसे ही गेंद सीमा रेखा के पार गई, मैदान में जश्न शुरू हो गया। खिलाड़ी खुशी से उछल पड़े। टीम के कोच और सपोर्ट स्टाफ ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी। इस ऐतिहासिक जीत के पीछे टीम के मुख्य कोच डीपी पांडेय की मेहनत को भी बड़ी वजह माना जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन किया। टीम मैनेजर एमडी दानिश ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और टीम को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाई। गया जिला क्रिकेट संघ के चेयरमैन देवेश आनंद ने टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं अध्यक्ष पुलस्कर सिंह ने कहा कि गया के कई खिलाड़ियों में बिहार टीम तक पहुंचने की क्षमता है। इसके अलावा प्रियंकर कुमार, संजय कुमार सिंह, मंगल कुमार, निक्कू कुमार, जावेद, अख्तर खान और अबुजर पठान समेत कई लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इस जीत ने गया जिले का नाम पूरे बिहार में रोशन कर दिया है।

# पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल में मिलेगी राहत, अंतिम तिथि मार्च 2027 : ईएसई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास।** आम उपभोक्ताओं को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने और बिजली खर्च में राहत देने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है। इस योजना के तहत उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर न केवल बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी ला सकते हैं, बल्कि लंबे समय तक मुफ्त बिजली का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि यह योजना आम उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी होने के साथ-साथ भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सोलर संयंत्र लगाने पर आकर्षक अनुदान (सब्सिडी) उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ काफी कम हो जाएगा। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि मार्च 2027 निर्धारित की गई है। इसलिए उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

उन्होंने जानकारी दी कि योजना के तहत 1 किलोवाट सोलर संयंत्र पर 30000, 2 किलोवाट पर 60000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78000 तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे उपभोक्ता कम लागत में अपने घरों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए बैंकों द्वारा लगभग 7 प्रतिशत ब्याज दर पर 2 लाख तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ऋण भुगतान की अवधि उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। शहरी क्षेत्रों में ऋण की वसूली 4 से 5 वर्षों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों में की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपनी मासिक बिजली खपत के आधार पर उपयुक्त क्षमता वाले सोलर संयंत्र का चयन कर सकते हैं। 150 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक खपत वालों के लिए 2 किलोवाट तथा 300 यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता का सोलर संयंत्र उपयुक्त माना गया है।

सोलर संयंत्र की अनुमानित लागत की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 1 किलोवाट संयंत्र की लागत लगभग 80 हजार से 1 लाख, 2 किलोवाट की 1.30 लाख से 1.50 लाख तथा 3 किलोवाट संयंत्र की लागत लगभग 1.90 लाख से 2 लाख तक हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू कार्यों में किया जा सकता है। यदि बिजली उत्पादन उपभोक्ता की आवश्यकता से अधिक होता है, तो अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर बिजली बिल में समायोजित कराया जा सकता है। इससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा। सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट स्थान की आवश्यकता होती है। उचित रखरखाव के साथ सोलर पैनल लगभग 25 वर्षों तक प्रभावी रूप से कार्य कर सकते हैं। इससे न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

उपभोक्ता ऑनलाइन आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर कनेक्शन, आधार कार्ड, बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर आवश्यक होंगे। वहीं ऋण लेने की स्थिति में पैन कार्ड और ईमेल आईडी भी जरूरी होगी। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, स्वच्छ ऊर्जा को अपनाएं तथा ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अपना योगदान दें। आवेदन समर्पित करने मे समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय के सुविधा काउंटर के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

## लू से बचाव व ट्रीटमेंट के लिए अस्पताल में उपलब्ध हुआ हीट कुलिंग वार्ड



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में लू से बचाव व मरीजों के बेहतर उपचार हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा हीट कुलिंग वार्ड उपलब्ध करा दिया गया है.जहां मरीजों को अत्याधुनिक तकनीक एवं औषधीय उपचार से जल्द से जल्द रिकवर किया जायेगा.

जानकारी देते हुए प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सुमित कुमार,अस्पताल प्रबन्धक संदीप कुमार,आशा मैनेजर विकास कुमार व ड्यूटी में मौजूद डा उदय कुमार ने बताया कि लू लगने से उल्टी दस्त व वीकनेस आदि से परेशान मरीजों को अभी तक अस्पताल के समान्य वार्ड में भर्ती रखकर ईलाज किया जाता था.अब सरकार ने ऐसे मरीजों को जल्द रिकवर के लिए अलग से वातानुकूलित वार्ड तैयार किया गया है.

लू नियंत्रण हिट कुलिंग वार्ड में ग्लूकोज, जींक एवं वाटर सप्लिमेंट्स समेत सभी आवश्यक दवाइयों को व्यवस्थित किया गया है.लू से प्रभावित अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को जल्द से जल्द आवश्यक चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराकर रिकवर कर लिया जायेगा. मौके पर एकाउंटेंट बिनोद द्विवेदी, कर्मी नवीन कुमार गौतम डाटा अपरेटर राकेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे.

## करूप बाजार में किराने दुकान से नमक का बैग चोरी, सीसीटीवी वीडियो वायरल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास।** थाना क्षेत्र के करूप बाजार में बीते रात एक किराने दुकान से नमक का एक बैग चोरी हो गया। थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी दुकानदार उदयकांत तिवारी ने बताया कि दुकान के बाहर रखे टाटा नमक का बैग शाम से ही रखा हुआ था। सीसीटीवी रिकॉर्ड में स्पष्ट दिख रहा है कि एक अज्ञात व्यक्ति रात में लगभग आधे घंटे तक दुकान के आसपास घूमता रहा और अंत में बैग उठा कर भाग गया। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है।

उदयकांत ने कहा कि ज्यादा आर्थिक नुकसान तो नहीं हुआ, इसलिए उन्होंने अभी पुलिस को शिकायत नहीं दी है। हालांकि उन्होंने बताया कि करीब 10 दिन पहले भी करूप बाजार में उनकी



मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 एज़ेड 1446) चोरी हो गई थी, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। दुकानदार ने कहा कि इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है।

स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि वायरल सीसीटीवी फुटेज देखकर पुलिस जल्द ही चोर की पहचान कर लेगी। काराकाट थाना से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी मिली नहीं है।

## काराकाट मुख्य बाजार गोडारी में मेडिकल दुकानें बंद, ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों का प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास।** नगर पंचायत अंतर्गत मुख्य बाजार गोडारी एवं काराकाट प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दवा एवं मेडिकल दुकानों की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) और बिहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर यह बंदी आयोजित की गई। इस दौरान काराकाट,करूप,बेलवाई , सकला बाजार, चिकसील , कुरूर बाजार,काराकाट बाजार ,गोडारी बाजार की सभी दवा दुकानें बंद रहने से लोगों को दवा खरीदने में परेशानी का सामना करना पड़ा। मेडिकल दुकानदारों ने बताया कि




यह एक दिवसीय बंदी ऑनलाइन दवा खरीद-बिक्री, भारी डिस्काउंट और दवा कारोबार में बढ़ती अनियमितताओं के विरोध में की गई है। दुकानदारों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे मेडिकल व्यवसायियों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और मरीजों के स्वास्थ्य से भी समझौता हो सकता है। गोडारी बाजार के मेडिकल दुकानदार सूर्यदेव ने कहा कि "ऑनलाइन दवा बिक्री पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। बिना उचित जांच और डॉक्टर की सलाह के दवाओं की बिक्री मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।" वहीं एक अन्य दुकानदार (नाम जोड़ें) ने बताया कि "बड़ी कंपनियों द्वारा भारी छूट देकर दवा बेचने से छोटे दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, इसलिए सरकार को इस पर सख्त कदम उठाना चाहिए।" दुकानदारों ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को ऑनलाइन दवा बिक्री से संबंधित नियमों की समीक्षा करनी चाहिए और स्थानीय दवा व्यवसायियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। बंदी के दौरान मेडिकल दुकानदारों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

## मिड-डे-मिल का खाना खाकर 36 से ज्यादा बच्चे बीमार, कुछ हो गए बेहोश, छात्रा बोली- चावल-सब्जी में दवा की गोली थी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में बुधवार को मिड-डे-मिल का खाना खाकर 36 से अधिक बच्चे बीमार हो गए। खाना खाने के थोड़ी ही देर बाद सभी को उल्टी, दस्त और चक्कर आने लगे। कई तो बेहोश होने लगे। तुरंत बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) नगरनौसा में भर्ती कराया गया। जहां इलाज जारी है। कुछ बच्चों की स्थिति गंभीर है, उन्हें चंडी रेफरल अस्पताल भेजा गया है। 5वीं कक्षा की छात्रा अमृता कुमारी ने बताया कि खाने में चावल और चने (बूट) की सब्जी परोसी गई थी। खाने में दवा की एक गोली मिली थी। मामला नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय कला कैला का है।

छात्राओं ने कहा कि रोज की तरह बच्चों से पहले शिक्षकों ने भोजन को नहीं चखा था। हालांकि, बाद में अमरेश सर नामक एक शिक्षक ने खाना खाया था, जिसके बाद उन्हें



भी चक्कर आने लगा और वे भी इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे।

**एकता फाउंडेशन की कार्यशैली पर उठे सवालः** मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल में मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) की आपूर्ति 'एकता फाउंडेशन' नामक संस्था की ओर से की गई थी। घटना के बाद से संस्था की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि भोजन की गुणवत्ता की जांच किए बिना ही इसे बच्चों को परोस दिया गया, जिससे बच्चों की जान पर बन आई।

अस्पताल में भर्ती कराए गए बीमार बच्चों में अमृता कुमारी, अंकुश कुमार, अनुराधा कुमारी, तमन्ना, निशु मुस्कान, कृति,ऋषि, आरती, सिमरन, खुशी, आदित्य, प्रियांशु, प्रिय, दीपक, प्रीति, डोली, सौरभ, किरण, राधा कुमारी इनके अलावा तीन दर्जन से अधिक बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं।

**वरीय पदाधिकारियों को सूचना दी हैः** स्कूल की प्रधानाध्यापिका रजनी कुमारी ने बताया कि बच्चों को मिड-डे मील में छोला और चावल परोसा गया था। जैसे ही बच्चों ने भोजन करना शुरू किया, अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। कई बच्चों को उल्टी-दस्त शुरू हो गए और कुछ बच्चे चक्कर खाकर बेहोश हो गए।

स्थिति को देखते हुए तुरंत सभी को नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और चंडी रेफरल अस्पताल ले जाया गया। घटना की लिखित सूचना विभाग के वरीय पदाधिकारियों को दे दी गई है।

## दवा दुकानदारों की हड़ताल का दिखा असर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की अपील पर नालंदा जिला औषधि विक्रेता संघ की ओर से राष्ट्रव्यापी हड़ताल का जिले में असर देखने को मिला। बंद के समर्थन में जिले की तमाम दवा दुकानें पूरी तरह से बंद रहीं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, इस एक दिवसीय हड़ताल के कारण जिले में करीब 50 लाख रुपए का दवा कारोबार प्रभावित होने की आशंका जताई गई है।

हड़ताल के कारणों के संबंध में बातचीत करते हुए संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि देश में दवा का व्यापार ड्रग एक्ट के कड़े नियमों के तहत संचालित होता है, जिसमें योग्य डी.फार्मा और बी.फार्मा डिग्री धारकों की मौजूदगी में ही दवाओं का रख-रखाव और बिक्री सुनिश्चित की जाती है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने ऑनलाइन दवा आपूर्ति की अनुमति देने वाले दो नोटिफिकेशन जारी किए थे। विडंबना यह है कि कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी सरकार द्वारा इस नोटिफिकेशन को रद्द नहीं किया गया है, जिसके विरोध में आज देश भर के दवा विक्रेताओं को सड़क पर उतरना पड़ा है।

**ऑनलाइन दवा कारोबार से नकली दवाइयों की खेप बढ़ीः** अध्यक्ष ने ऑनलाइन दवा व्यापार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इसके माध्यम से बाजार में नकली दवाओं की आमद बेहद बढ़ गई है। बिना वैध डॉक्टर के पर्चे या फर्जी प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर धड़ल्ले से दवाएं भेजी जा रही हैं, जिससे मरीजों की सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़ हो रहा है। इतना ही नहीं, ऑनलाइन माध्यमों से नशीली दवाओं की आपूर्ति भी आसानी से हो रही है। शेड्यूल एच-1 श्रेणी की दवाएं, जिन्हें कड़े नियमों के तहत सिर्फ पंजीकृत डॉक्टरों के पर्चे और बकायदा रजिस्टर मेंटेन करके ही बेचा जा सकता है, वे भी ऑनलाइन बिना किसी रोक-टोक के उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**'ऑनलाइन में दवाईयों का न पक्का बिल होता है, न कोई प्रमाण की वे असली हैं':** दवा विक्रेताओं ने बाजार में भारी छूट पर बेची जा रही दवाओं की प्रामाणिकता पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि ऐसी दवाओं का न तो कोई पक्का बिल होता है और न ही कोई प्रमाण कि वे असली हैं या नकली। संघ ने आम जनता से भी अपील की है कि वे अपनी सेहत की सुरक्षा के लिए केवल उन्हीं नजदीकी दुकानदारों से दवाएं खरीदें जो पक्का बिल देते हों। विक्रेताओं की मांग है कि सरकार ऑनलाइन दवाओं से जुड़े इस नोटिफिकेशन को तुरंत रद्द करे और ड्रग एक्ट के नियमों के अनुसार ही काम सुनिश्चित कराए।

# जनसुराज चीफ बोले- पहले मवालियों, अब पदाधिकारियों का आतंक है, 6 महीने में एक भी रोजगार नहीं मिला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** जन सुराज पार्टी के नालंदा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने सरकार की ओर से चुनाव में किए गए 1 करोड़ रोजगार और महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के वादों को पूरी तरह से खोखला बताया। इसके साथ ही उन्होंने टीआरई-4 अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की और वर्तमान कानून-व्यवस्था की तुलना 'जंगलराज 2' से की। दिनेश कुमार ने कहा कि जन सुराज राज्य में एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा रही है और जनता के मुद्दों को सड़क पर उठा रही है। सरकार ने 5 साल में 1 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। अगर इसका गणित समझें, तो प्रतिदिन लगभग 5,476 युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि 6 महीने बीत चुके हैं, इस हिसाब से 10 लाख नौकरियां मिल जानी चाहिए थीं। 10 लाख छोड़िए, सरकार 2 लाख नौकरियों की भी लिस्ट जारी नहीं कर पाई है। उन्होंने बताया कि रोजगार की आस में बैठे युवा निराश हैं और प्रदेश से लगभग 50 लाख युवा गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों में पलायन कर चुके हैं, क्योंकि सरकार सिर्फ 25% लोगों को ही स्थानीय स्तर पर रोजगार दे पा रही है।

**BPSC अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज और FIR निंदनीयः** दिनेश कुमार ने बीपीएससी अभ्यर्थियों के मुद्दे पर सरकार




को घेरते हुए कहा कि सरकार ने नोटिफिकेशन का लालच देकर छात्रों को सिर्फ सपने दिखाए। आज जब वे अपना हक मांग रहे हैं, तो उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। 5,000 से अधिक छात्रों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अब सिर्फ एक आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि एक बड़ी राजनीतिक समस्या बन चुकी है।

**महिलाओं को 2 लाख देने का वादा सिर्फ चुनावी प्रलोभनः** महिलाओं के लिए की गई घोषणाओं पर दिनेश कुमार ने कहा कि चुनाव में महिलाओं को प्रलोभन दिया गया था कि 3 से 6 महीने के अंदर हर महिला को 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। 6 महीने पूरे हो चुके हैं, लेकिन न तो किसी से कोई फॉर्म भराया गया है और न ही पैसे देने की कोई तारीख तय हुई है। उन्होंने कहा कि जन सुराज पार्टी जनता के साथ खड़ी है और सरकार से यह राशि दिलवाकर रहेगी।

**नीट छात्रा हत्याकांडः यह 'जंगलराज 2' हैः** नीट छात्रा हत्याकांड के मुद्दे पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि 16 जनवरी से जन सुराज ने इस मामले को उठाया था, लेकिन सरकार और प्रशासन कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाए। मामला सीबीआई को सौंपा गया, लेकिन आज तक कोई रिपोर्ट जनता के सामने नहीं आई। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां और महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो लोग कहते हैं कि लालू जी का दौर जंगलराज था, लेकिन आज 'जंगलराज 2' चल रहा है। उस समय मवालियों का अत्याचार था, और आज पदाधिकारियों का अत्याचार हावी है।

**जिले और प्रदेश में चल रहा संगठन विस्तारः** पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जन सुराज का संगठन पूरे प्रदेश के हर जिले में स्थापित हो चुका है। पिछले एक महीने से नालंदा सहित पूरे बिहार में पार्टी के विस्तार का अभियान लगातार और तेजी से चल रहा है। इस अवसर पर महिला जिला अध्यक्ष शोभा कुमारी, जिला महामंत्री संजीव कुमार, नालंदा जिला क्षेत्रीय प्रभारी महिला प्रकोष्ठ पूनम सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष शशिकांत एवं इंजीनियर अशोक समेत अन्य पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस में किया वृक्षारोपण

**अररिया।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद द्वारा बुधवार को जिला अतिथि गृह परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी आवश्यक है। मंत्री ने जिले में आयोजित सहयोग शिविर के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनके निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि जनता को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए। सहयोग शिविर इसी उद्देश्य को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है। मंत्री ने आम लोगों से अपील की कि वे सहयोग पोर्टल अथवा सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखें तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जनता की सक्रिय भागीदारी से ही सुशासन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मौके पर बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता सहित अधिकारी मौजूद थे।

### राजद जिलाध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर संगठन को लेकर की चर्चा

**अररिया।** अररिया के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जिलाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद बुधवार को पटना स्थित आवास पर नेता प्रतिपक्ष एवं पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद से मुलाकात की और जिले के संगठनात्मक ढांचों के साथ सीमांचल के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। पटना से जानकारी देते हुए राजद जिलाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद ने बताया कि राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी से उनके 1 पोलो रोड स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात हुई। जहां कलम और अंग वस्त्र भेंट किया। राजद जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला के राजद की सांगठनिक ढांचा पर विस्तृत चर्चा के साथ कई मुद्दों पर बात हुई। जिले में घटित कई घटनाओं के साथ ही नरपतगंज के पांच मजदूरों के मध्यप्रदेश के देवास में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की घटना में मौत मामले की जानकारी देते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

### दो दिनों से लापता छात्र का शव बरामद, हिरासत में दो दोस्त

**अररिया।** दो दिनों से लापता दसवीं कक्षा के छात्र विशाल कुमार का शव मजलिशपुर पंचायत के कुजरी बेलबाड़ी गांव के बांस की झाड़ी में बुधवार को संदिग्ध हालत में मिला। ऐसी आशंका है कि हत्या कर शव को बांस की झाड़ी में फेंक दिया गया था। छात्र विशाल कुमार 18 मई से ही लापता था। मामले में पुलिस ने मृतक के दो दोस्तों को हिरासत में लिया है। शुरुआती जांच में मोबाइल गेम को लेकर विवाद हत्या की वजह बताया जा रहा है। मृतक विशाल कुमार उच्च माध्यमिक विद्यालय करोड़ दिघली में 10वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता श्रीलाल महतो और बड़ा भाई मुंबई में मजदूरी करते हैं। घटना के बाद मां ममता देवी और बहन पूजा कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां ममता देवी ने पलासी थाना में दिए आवेदन में बताया था कि 18 मई को स्कूल से घर लौटने के बाद विशाल अचानक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। इसी दौरान परिवार को फोन कर दो लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस से उसकी बरामदगी की गुहार लगाई थी। हालांकि दो दिनों बाद छात्र का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मामले पर एसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो दोस्तों को हिरासत में लिया है। पूछताछ में हत्या के पीछे मोबाइल गेम में लगाए जाने वाले पैसों का विवाद सामने आया है। एसपी के अनुसार छात्र और उसके दोस्त ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलते थे, जिसमें डॉलर के रूप में राशि लगाई जाती थी। इसी विवाद में विशाल की हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया तेज धारदार दबिया भी बरामद किया है। घटना की सूचना मिलते ही पलासी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार पुलिस अधिकारी और बल के साथ मौके पर पहुंची और वैज्ञानिक साक्ष्य को लेकर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।

### घूरना थाना पुलिस ने 135 लीटर तस्करी के विदेशी शराब किया बरामद

**अररिया।** जिले की घूरना थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर भारत नेपाल सीमा के पास छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया।शराब तस्कर तस्करी के ख्याल से भारत नेपाल सीमा के पास पांच बोरे में करीबन 135 लीटर विदेशी शराब छिपा कर रखा था। सूचना पर घूरना थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने बॉर्डर के पास छापेमारी की तो पांच बोरे में रखे 135 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ।हालांकि मामले में किसी भी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हुई। कहा जा रहा है कि पुलिसिया कार्रवाई को देखकर तस्कर नेपाल सीमा में प्रवेश कर भाग निकला।

### हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का काम 81.39% पूरा, नवगछिया व पीरपैंती सबसे आगे

**भागलपुर।** आगामी जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी चल रही है। जिला प्रशासन द्वारा जारी 18 मई की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, जिले में हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स का काम कुल मिलाकर 81.39 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जिले में कुल 6,448 एचएलबी निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से 5,248 ब्लॉक्स में काम पूरी तरह संपन्न हो चुका है। सिर्फ 6 ब्लॉक्स में अभी काम शुरू होना बाकी है। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बेहतर काम करनेवाली टीम की प्रशंसा की है। वहीं खराब प्रदर्शन करने वाली टीम को अपने काम में सुधार लाने को कहा है। रिपोर्ट के मुताबिक जिले के कुछ प्रखंडों ने इस कार्य में बेहद शानदार प्रदर्शन किया है नवगछिया : यहां तय सभी 4 ब्लॉक्स का काम शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। पीरपैंती एनपी : सभी 32 ब्लॉक्स का काम पूरा कर 100% का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इस्माईलपुरः सभी 87 ब्लॉक्स का काम पूरा (100%) हो चुका है। खरीक व गोपालपुरः खरीक में 99.63% और गोपालपुर में 99.48% कार्य पूरा कर लिया गया है।

### टीएमबीयू में स्नातक सेमेस्टर-5 की संशोधित परीक्षा तिथि जारी

**भागलपुर।** टीएमबीयू ने स्नातक सेमेस्टर-5 (सत्र 2023-27) की संशोधित परीक्षा तिथि मंगलवार को जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार ओझा ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। एमजेसी-8 की परीक्षाएं 30 मई और एक जून, एमजेसी-9 की दो जून और तीन, एमआईसी-5 की परीक्षाएं चार जून और पांच जून, एमआईसी-6 की छह जून और आठ जून को होगी। ग्रुप ए : हिंदी, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी, उर्दू, बंगाली, मैथिली, परसियन ग्रुप बी : हिस्ट्री, इकोनॉमिक्स, संस्कृत, एआईएच एंड कल्चर, ज्योग्राफी, म्यूजिक, अंगिका ग्रुप सी : फिजिक्स, केमेस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी, सांख्यिकी, कामर्स, पॉलिटिकल साइंस, आईआरपीएम, गांधियन थाउट ग्रुप डी : फिलासफी, इंग्लिश, रूरल इकोनॉमिक्स, मैथ, होम साइंस, एंथ्रोपोलॉजी

# स्कूल में एडमिशन नहीं होने से अभिभावकों का फूटा गुस्सा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**भागलपुर।** भागलपुर के इंटर स्तरीय पंचानन झा उच्च विद्यालय बैजानी में नामांकन को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। अपने बच्चों का नामांकन नहीं होने से नाराज अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर विरोध जताया। अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चे पहले से इसी स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। इसके बावजूद इस बार नामांकन नहीं लिया जा रहा है। स्कूल पहुंचे अभिभावकों ने बताया कि अचानक बदले नियमों की वजह से कई छात्र-छात्राओं का नामांकन अटक गया है। इससे बच्चों के भविष्य को लेकर परिवार चिंतित हैं। अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन से सीट बढ़ाने और सभी योग्य बच्चों का नामांकन लेने की मांग की।

**बच्चों का नामांकन स्थानीय स्कूल में करने की मांगः** अभिभावक (महिला) सुनीता देवी ने ने बताया कि अप्रैल महीने से ही उन्हें बच्चों के नामांकन के लिए कहा जा रहा था। कई बार स्कूल आने-जाने के बाद उन्हें आश्वासन दिया गया कि एडमिशन लिया जाएगा, लेकिन अब स्कूल प्रशासन यह कह रहा है कि स्कूल को मॉडल स्कूल बना दिया गया है, इसलिए उनके बच्चे का नामांकन नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उनके बच्चे पढ़ाई में अच्छे हैं, फिर भी मेरिट या नंबर का हवाला देकर एडमिशन से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या बड़े स्कूलों में सिर्फ पैसे वाले लोगों के बच्चों को ही पढ़ने का अधिकार है। अगर बच्चियां दूर स्कूल जाएंगी और रास्ते में कोई घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। अभिभावक ने मांग की कि उनके बच्चों का नामांकन स्थानीय स्कूल में ही किया जाए और स्पष्ट नियम सार्वजनिक किए जाएं। प्रिंसपल मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इस साल स्कूल को मॉडल स्कूल का दर्जा मिला है। कक्षा 9 में नामांकन के लिए कुल 180 सीटें निर्धारित हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में NMMS परीक्षा पास करने वाले छात्रों के नामांकन का प्रावधान था, लेकिन बाद में जारी नई एसओपी के अनुसार अब मेधा क्रमांक और मेरिट के आधार पर ही एडमिशन लिया जा रहा है। प्राइवेट स्कूलों के छात्रों को शामिल नहीं किया जाना है। उन्होंने बताया कि इसी नियम के तहत मार्कशीट, मेरिट सूची और परीक्षा के आधार पर दो बार टेस्ट लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई है। अब जिन छात्रों का चयन नहीं हो पा रहा है, उनके अभिभावक स्कूल पहुंचकर दबाव बना रहे हैं। सीमित सीटों के कारण तय क्षमता से अधिक नामांकन संभव नहीं है। उनका उद्देश्य मॉडल स्कूल को बेहतर शैक्षणिक संस्थान बनाना है, इसलिए बिना संसाधन के अधिक बच्चों का नामांकन करना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में वे सरकार और वरीय अधिकारियों से मार्गदर्शन हासिल करेंगे और जो निर्देश मिलेगा, उसी के अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

## स्टेशन पर चला पर्यावरण जागरूकता-स्वच्छता अभियान




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर आज रेलवे एवं माया कौशल्या फाउंडेशन के संयुक्त देखरेख में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में नारे लगाए और स्टेशन के मुख्य द्वार पर श्रमदान कर साफ-सफाई की। मौके पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, ऑपरेटिंग विभाग, आरपीएफ, जीआरपी और संविदाकर्मी ने यात्रियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की अपील की। इस दौरान यात्रियों को सिंगल यूज के दुष्परिणाम बताए गए। राहुल कुमार ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र राय एवं अधिवक्ता अभिषेक जायसवाल ने इसे प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक कर्तव्य बताया। माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार ने कहा कि हम सब सामाजिक और पर्यावरणीय सुधार के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं। इसमें हर किसी को योगदान देना चाहिए।

**व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने की एक पहलः** रेल विभाग के सहयोग से चलाया गया यह अभियान यात्रियों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने की एक पहल है। जिससे लोग अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक बन सकें।

## जेब से पैसा निकालते चोर धराया, लोगों ने की पिटाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के मायागंज अस्पताल में आज एक जेबकतरे को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। घटना, मायागंज अस्पताल के एक्स-रे विभाग के पास की है। कजरैली रजया निवासी नकुल दास इलाज कराने मायागंज अस्पताल पहुंचे थे। वह एक्स-रे कराने के लिए लाइन में खड़े थे। इसी दौरान एक युवक उनकी जेब से पैसे निकालने की कोशिश करने लगा। नकुल दास को जैसे ही अपनी जेब में हलचल महसूस हुई, उन्हें शक हो गया। उन्होंने तुरंत युवक का हाथ पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनते ही आसपास मौजूद मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

**सुरक्षाकर्मी ने पुलिस को दी जानकारीः** सूचना मिलने के बाद अस्पताल के सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और किसी तरह आरोपी युवक को लोगों के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद सुरक्षाकर्मी आरोपी को पकड़कर मायागंज पुलिस कैंप ले गए। मामले की जानकारी बरारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और आरोपी युवक को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहम्मद पप्पू बताया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना घर सकूरा बताया। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल रहा है या नहीं। अस्पताल में दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद मरीजों और उनके परिजनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता देखी गई। घटना के संबंध में नकुल दास ने बताया, "मैं एक्सरे की लाइन में खड़ा था। इसी दौरान एक व्यक्ति मेरे पॉकेट में हाथ डालने की कोशिश कर रहा था। जैसे ही उसने हाथ डाला, मुझे अंदाजा हो गया और मैंने उसका हाथ पकड़ लिया। मैं इलाज कराने कजरैली रजया से आया था। पकड़े गए व्यक्ति के बारे में मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है। यहां पूछने पर उसने अपना घर सकूरा बताया। अभी मैं पुलिस चौकी में हूं और आवेदन दे रहा हूं।

## 1400 मेडिकल स्टोर रही बंद, ऑनलाइन दवाइयां की बिक्री का विरोध

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**भागलपुर।** ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री और नई दवा नीति के विरोध में आज भागलपुर में दवा कारोबारियों ने 24 घंटे की हड़ताल की। शहर की करीब 1400 मेडिकल दुकानें और दवा एजेंसियां बंद रहीं, जिससे दवा बाजार पूरी तरह प्रभावित हुआ। भागलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में एमपी द्विवेदी रोड स्थित देवी बाबू धर्मशाला के पास कारोबारियों ने प्रदर्शन किया और ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद दवा पट्टी इलाके में बाइक रैली निकाली और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। कारोबारियों ने आरोप लगाया कि भारी डिस्काउंट और बिना पर्याप्त निगरानी के ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे मेडिकल स्टोर प्रभावित हो रहे हैं और मरीजों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ रहा है। एसोसिएशन ने अवैध ई-फार्मेसी पर कार्रवाई और नई नीति वापस लेने की मांग की।

**दवा कारोबारियों के सामने जीवन-यापन की समस्या खड़ीः** भागलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम दास कोटिवाला ने बताया कि पूरे बिहार में करीब 40 हजार और भागलपुर में लगभग 1400 दवा दुकानदार हैं।

## विक्रमशिला सेतु का बीआरओ के एडिशनल डायरेक्टर ने किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में सेतु पर बनाए जा रहे बेली ब्रिज का निरीक्षण करने बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (BRO) के एडिशनल डायरेक्टर जितेंद्र प्रसाद, सिविल इंजीनियर विपिन कुमार चंद्र और जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी अधिकारियों के साथ पहुंचे। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया और अधिकारियों ने मौके पर मौजूद इंजीनियरों से जानकारी ली। BRO के एडिशनल डायरेक्टर जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि बेली ब्रिज का निर्माण तेजी से किया जा रहा है और टीम दिन-रात काम में जुटी हुई है, ताकि आम लोगों को जल्द राहत मिल सके।

**7 जून तक बेली ब्रिज बनकर तैयार होगाः** वहीं, जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि प्रशासन लगातार निर्माण काम की मॉनिटरिंग कर रहा है और उम्मीद है कि 7 जून तक बेली ब्रिज बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। बेली ब्रिज तैयार होने के बाद भागलपुर और नवगछिया के बीच आवागमन फिर से सुचारू होने की उम्मीद जताई जा रही है। BRO के एडिशनल डायरेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि दो स्पैन गिरने की सूचना मिलते ही उनकी टीम तुरंत साइट पर मोबिलाइज हो गई थी। उन्होंने कहा कि दिन-रात लगातार काम किया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों से आए कर्मियों के लिए तेज धूप में काम करना चुनौतीपूर्ण है, फिर भी दिन और रात दोनों समय काम जारी है। उन्होंने कहा कि लोगों को हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द ब्रिज तैयार हो, ताकि आवागमन दोबारा शुरू किया जा सके। फिलहाल एक ब्रिज तैयार कर लिया गया है। कुल दो ब्रिज बनाए जाने हैं, जिनमें से एक का सामान पहुंच चुका है, जबकि दूसरे का सामान तीन-चार दिनों में आने की उम्मीद है। इसके बाद जून के पहले सप्ताह तक दोनों ब्रिज लॉन्च होने की संभावना है।

**प्राथमिकता लोगों की परेशानियों को जल्द से जल्द दूर करनाः** हालांकि, अब एक चौथा स्पैन भी प्रभावित होने की बात सामने आई है। इस संबंध में सचिव स्तर पर चर्चा हुई है और रक्षा मंत्रालय को पत्र भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मंत्रालय से जो निर्देश मिलेगा, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता लोगों की परेशानियों को जल्द से जल्द दूर करना है और इसी उद्देश्य से पूरी टीम लगातार काम कर रही है। इस तरह का ब्रिज पहली बार बनाया जा रहा है। यह सामान्य ब्रिज नहीं है, बल्कि एक क्षतिग्रस्त पुल के ऊपर दूसरा पुल तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए विशेष तकनीकी कौशल और अतिरिक्त सावधानी की जरूरत होती है। थोड़ी सी भी असावधानी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए हर कदम बेहद सतर्कता के साथ उठाया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस ब्रिज पर केवल हल्के वाहन ही चल सकेंगे। चूंकि यह पुल पहले से कमजोर पड़े ढांचे के ऊपर बनाया जा रहा है, इसलिए भारी वाहनों के गुजरने से इसके खिसकने का खतरा बना रहेगा। इसी कारण यहां गाड़ी की आवाजाही सीमित रखी जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-जीएसयू-2026-27-01, दिनांक : 19.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा अपेक्षित निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. :टीआरडी-डब्ल्यूसी-जीएसयू-2026-27-01, कार्य का नाम:** निम्नलिखित टीआरडी कार्यः (क): आसनसोल मंडल-तुलसीटांड़ में अप लूप, (ख) आसनसोल मंडल-छोटा अमबोना-अप द्वितीय लूप का प्रावधान। (ग) आसनसोल मंडल-तापसी-डीडी-2 तक एवं से सीधे रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड का रिमॉडलिंग। (घ) आसनसोल मंडल-सोनाचारा में पृथक्करण के साथ पूर्ण लंबाई के लूप। **निविदा मूल्य :** रु. 3,97,16,374.65, **बयाना राशिः** रु. 7,94,300/-, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 22.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : **www. ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-97/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 42_2026-27, दिनांकः 18.05.2026,** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा -711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। कार्य का विवरण :** बोलपुर और गुसकरा कॉलोनी का सुधार एवं रामपुरहाट में आरपीएफ ऑफिस बिल्डिंग का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,06,17,043.63, **बयाना राशि :** रु. 4,12,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 10.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-83/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**SOUTH BIHAR POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD, PATNA**
(A Govt. of Bihar undertaking)
(Regd. office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)

Govt. of Bihar

Illuminating lives...

email-cecivilsbpdcl@gmail.com
(Department of civil of SBPDCL)
SHORT NOTICE INVITING TENDER
NIT No. 42 /PR/SBPDCL/2026

Sealed percentage rate short tender on prescribed bill of quantity super scribing short tender notice no, date and time of receiving and opening of tender etc on the cover to be eventually drawn on F-2 form of contract is invited from the resourceful & experienced contractors registered in class IV in any Govt. dept. /PSU of civil works for the work detailed below:-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | E.M.D. | Cost of BOQ with GST | Date of start of sale of B.O.Q. | Date & Time of receiving Tender | Date & Time of opening Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Area Development Work at TRW,Barun Aurangabad. | Rs-9,93,656/- | Rs.-19,874/- | Rs.1475/- | 08.06.2026 | 3:00PM on 12.06.2026 | 3:30 PM on 12.06.2026 |

The tender documents related to the above work containing BOQ as well as term & condition may be obtained from Senior Manager (F&A), on payment of cost of BOQ (non-refundable) in the shape of DD( Drawn in the favour of Senior Manager (F&A), SBPDCL one day before the date of opening of tender.

Tenderers are required to submit Contractor Registration certificate, Character Certificate (if any), PAN No, GST No., required earnest money, experience certificate etc along with tender paper failing which their tender may not be considered valid.

Tender shall be received in the office of the undersigned on due date and time as mentioned above. The authority reserves the right to reject any or all tender or distribute the work among more than one tenderer without assigning any reason thereof.

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

Chief Engineer(Civil)
SBPDCL

PR- 003555 ( B & C ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएमएमएस एप पर फर्जी मजदूरों के फोटो अपलोड कर रुपए निकाल लिए

**आरा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जीराम जी (मनरेगा) योजनाओं में कार्यस्थल पर मजदूरों का रियल टाइम हाजिरी बनाने के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) नामक आधिकारिक मोबाइल एप बनाया था। लेकिन अब यह एनएमएमएस एप जीराम जी योजनाओं में मजदूरों के फर्जी हाजिरी बनाने, घोटाला करने और डिजिटल साइबर क्राइम करने का टूल बन गया है। भोजपुर जिला के विभिन्न प्रखंडों में जीराम जी की योजनाओं का काम कराने वाले कुछ पंचायत रोजगार सेवक और मेठ इस एप का उपयोग मजदूरों की फर्जी हाजिरी, विभागीय फर्जीवाड़ा, घोटाले और डिजिटल साइबर क्राइम के लिए कर रहे हैं। फिलहाल इसका खुलासा कोईलवर, बड़हरा, जगदीशपुर और गड़हनी प्रखंडों में हुआ है। हालांकि, जांच का दायरा बढ़ाने पर कई प्रखंडों और पंचायत में बड़े और सनसनीखेज घोटाले सामने आ सकते हैं। एप के माध्यम से फर्जीवाड़ा और घोटाले की शिकायत बिहार सरकार के प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रधान सचिव, जिलाधिकारी, उपविकास आयुक्त, डीआरडीए के निदेशक, जीराम जी के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और और चारों प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी के पास की गई है। इसके बाद विभागीय जांच शुरू हो गई है। चारों प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी को एक सप्ताह के अंदर सभी शिकायतों के बारे में वास्तविक रिपोर्ट विभाग सौंपने का निर्देश दिया गया है। विभाग को फर्जी रिपोर्ट भेज रहे पंचायत रोजगार सेवक और मेठ एनएमएमएस एप का उपयोग जियो-टैगिंग, मजदूरों की कार्यस्थल पर भौतिक वास्तविक फोटो, कार्यस्थल के सटीक स्थान और समय के साथ अपलोड करने के लिए होता है। इसमें ओटीपी आधारित लॉग-इन और डाउनलोड किए गए मस्टर रोल को देखने की सुविधाएं होती हैं। एप पर वास्तविक समय (रियल टाइम) में वास्तविक फोटो अपलोड होने से मजदूरी का भुगतान जल्दी और समय पर होता है। लेकिन कई पंचायत रोजगार सेवक और मेठ वास्तविक मजदूरों और रियल टाइम फोटो अपलोड नहीं करते। इसके बाद फर्जी तरीके से सरकारी राशि की अधिक निकासी और बंदरबांट कर लेते हैं। यह घोटाला लगातार हो रहा है। लेकिन जांच नहीं की जा रही है। 3 मई को प्रधान सचिव के पास की गई थी शिकायत विभिन्न स्तरों पर यह शिकायत आरटीआई कार्यकर्ता प्रकाश ओझा ने किया है। इन्होंने 3 मई 2026 को प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी को ई-मेल भेजा था। ई-मेल का जवाब आया था। जिसमें बताया गया कि शिकायत पर कार्रवाई के लिए ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव को अग्रसारित किया गया है। प्रकाश ओझा ने बताया, इस शिकायत के बारे में जिलाधिकारी, उपविकास आयुक्त, डीआरडीए के निदेशक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और चारों प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को भी अवगत कराया गया है।

### घर के बाहर गिरने से दारोगा की हुई मौत

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पास मंगलवार की सुबह घर के बाहर गिरने से एक दारोगा की मौत हो गई। वह स्वर्गीय जगदेव सिंह के पुत्र थे। हरेंद्र कुमार सिंह मूलरूप से पीरो थाना क्षेत्र के रजेया गांव के निवासी थे। वह वर्तमान में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पास अपना घर बनाकर रहते थे। हरेंद्र कुमार सिंह वर्तमान में डायल 112 पर कार्यरत थे। मृतक हरेंद्र कुमार सिंह के नाती चिंटू कुमार ने बताया कि नाना जी रात में ड्यूटी से आए और खाना खाकर घर में लगे एसी रुम में सो गए। घर में कुछ काम चल रहा था। घर के गेट के बाहर कुछ बालू गिरा था। नाना जी मंगलवार की सुबह सो कर उठे और घर के बाहर गेट के सामने पड़े बालू को हटा रहे थे। उसी क्रम में गिर पड़े। घटना के बाद हमलोग इलाज के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। उसी क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई।

### 13 मई से सरकारी विद्यालयों में होगा भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन

**आरा।** भोजपुर जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में 13 मई 2026 से भारतीय भाषा समर कैंप (बीबीएससी-2026) का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों एवं विद्यालय प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी किया है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), नई दिल्ली के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस सात दिवसीय समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई कौशल, आत्मविश्वास, सांस्कृतिक समझ एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अपनी मातृभाषा के साथ अन्य भारतीय भाषाओं तथा भारतीय सांकेतिक भाषा (इंडियन साइन लेंग्वेज ) से भी परिचित कराया जाएगा। निर्देश में बताया गया है कि प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें अभिनय, परिचय प्रतियोगिता, सामान्य शब्दावली, फ्लैश कार्ड एवं रोल प्ले आधारित गतिविधियां शामिल होंगी। वहीं दैनिक जीवन आधारित संवाद, वर्चुअल बाजार, दिशा पूछना, भोजन ऑर्डर करना जैसे अभ्यास भी कराए जाएंगे। इसके अलावा गीत-संगीत, नृत्य, चित्रकला, स्थानीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्थानीय व्यंजन एवं संस्कृति आधारित गतिविधियां, लघु फिल्म, कहानी, कठपुतली, नुक्कड़ नाटक तथा ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विषयों से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। अंतिम दिन पारंपरिक खेल, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं प्रमाण-पत्र वितरण का आयोजन होगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सभी विद्यालय प्रतिदिन आयोजित गतिविधियों की रिपोर्ट एवं फोटो गूगल ड्राइव लिंक के माध्यम से प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम की निगरानी जिला एवं राज्य स्तर से की जाएगी।

### फोरलेन पर मद्यनिषेध विभाग ने दो कारों से विदेशी शराब की जब्त

**कोईलवर।** कोईलवर भोजपुर जिले में मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने बक्सर-पटना फोरलेन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कारों से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि जब्त शराब की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सहायक आयुक्त मद्यनिषेध को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से शराब की खेप वाहन के माध्यम से बिहार लाई जा रही है। इसके बाद गीधा थाना क्षेत्र के गीधा और कायमनगर ओवरब्रिज के पास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एक बिना नंबर की इनोवा कार से करीब 249 लीटर तथा यूपी नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार से 259 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। छापेमारी में कुल 508 लीटर से अधिक शराब जब्त हुई। बरामद शराब में 8 पीएम स्पेशल व्हिस्की, ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की और किंगफिशर बीयर शामिल है। कार्रवाई के दौरान वाराणसी निवासी दिलदार खान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शराब की खेप छपरा ले जाई जा रही थी। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा समेत मद्यनिषेध विभाग के कई अधिकारी व जवान शामिल रहे।

### डीटीओ कार्यालय से शराब बरामदगी मामले में गृहरक्षक निलंबित

**बक्सर।** बक्सर जिला परिवहन कार्यालय परिसर से शराब की भरी और खाली बोतलें बरामद होने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस संबंध में एक गृहरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पूरे मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। यह कार्रवाई 14 मई 2026 को हुई थी, जब अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर के नेतृत्व में नगर थाना और मद्य निषेध विभाग की संयुक्त टीम ने जिला परिवहन कार्यालय परिसर में छापेमारी की थी। इस दौरान परिसर से शराब की भरी और खाली बोतलें बरामद की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, समादेष्टा, गृहरक्षक ने संबंधित गृहरक्षक को तत्काल निलंबित कर दिया। इसके अतिरिक्त, चेकपोस्ट पर पहले से तैनात सभी गृहरक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द कर दी गई है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अब नए रोस्टर के आधार पर गृहरक्षकों की नई तैनाती की गई है।

# ई-फार्मेसी, ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहीं मेडिकल शॉप्स

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**आरा।** आरा में बुधवार को दवा दुकानों की बंदी ने मरीजों की परेशानी बढ़ा दी। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर भोजपुर जिले के थोक और खुदरा दवा विक्रेताओं ने ई-फार्मेसी, ऑनलाइन दवा बिक्री और बड़ी कंपनियों की भारी डिस्काउंट नीति के विरोध में हड़ताल की। आरा शहर के महावीर टोला, जेल रोड, पकड़ी चौक समेत कई इलाकों की मेडिकल दुकानें पूरे दिन बंद रहीं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को जरूरी दवाओं के लिए भटकना पड़ा। हालांकि अस्पतालों और इमरजेंसी सेवाओं से जुड़ी कुछ चुनिंदा दवा दुकानें आंशिक रूप से खुली रहीं।

**'ई-फार्मेसी के जरिए बिना पर्याप्त निगरानी के दवाओं की बिक्री हो रही':** भोजपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में महावीर टोला स्थित कार्यालय परिसर में दवा व्यवसायियों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जिलेभर के केमिस्ट शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण छोटे दवा दुकानदारों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। उनका आरोप था कि ई-फार्मेसी के जरिए बिना पर्याप्त निगरानी के दवाओं की बिक्री हो रही है, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ही डॉक्टर की पर्ची का कई बार उपयोग कर दवाएं बेची जा रही हैं, जिससे दवाओं के दुरुपयोग की आशंका बढ़ रही है। दवा व्यवसायियों ने यह भी आरोप लगाया कि बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां भारी छूट देकर बाजार व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। इससे छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों के दवा दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। संगठन ने सरकार से ई-फार्मेसी पर सख्त नियंत्रण लगाने, ऑनलाइन दवा बिक्री के लिए स्पष्ट नियम बनाने और छोटे दवा कारोबारियों के हितों की रक्षा करने की मांग की है।

## बॉयफ्रेंड ने शादी से किया इनकार, गर्लफ्रेंड ने किया सुसाइड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर में मंगलवार रात युवती ने जहर खाकर सुसाइड कर ली। मां-पिता ने शादी के लिए रिश्ता तय किया था। युवती अपने बॉयफ्रेंड से शादी करना चाहती थी, पर बॉयफ्रेंड ने कहा कि मैं तुमसे शादी नहीं करूंगा। जिसके बाद युवती काफी तनाव में आ गई। गुस्से में आकर लड़की ने जहर खा लिया। परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर गए थे, पर जान नहीं बची। मृतका कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर नगर वार्ड नंबर 9 निवासी सुनील चौधरी की बेटी अंजली कुमारी (19) है। जिसका एक साल से अफेयर चल रहा था।

**शादी समारोह से शुरू हुई लव स्टोरी:** मृतका की बहन गुड़िया कुमारी ने बताया कि एक साल पहले नानी घर में शादी थी। वहां अरलव का एक लड़का आया था। उसी समय अंजली उससे मिली थी। दोनों ने एक-दूसरे को पसंद कर लिया था। दोनों अक्सर बातें किया करते थे। इसी दौरान अफेयर शुरू हो गया था।

**मां-पिता लव मैरिज के लिए राजी हो गए थे:** बहन गुड़िया कहती है कि अंजली की शादी मां-पिता ने कहीं और तय कर दी। उन्हें नहीं पता था कि अंजली का किसी लड़के से अफेयर चल रहा है। अंजली ने घर में कह दिया था कि मैं जिससे प्यार करती हूं उसी से शादी करूंगी। मां-पिता ने भी कह दिया था कि तुम जिससे शादी करोगी हमलोग तुम्हारी उससे शादी करा देंगे। जिसके अंजली ने अपने बॉयफ्रेंड से शादी की बात कही, पर उसने मना कर दिया।

**2 भाई-बहन में छोटी थी:** बताया जाता है कि मृतका अपने 2 भाई और दो बहन में छोटी थी। उसके परिवार में मां मधु देवी और 2 भाई पंकज कुमार, आकाश कुमार और एक बहन गुड़िया कुमारी है।

## पिपरा जयपाल क्रिकेट क्लब ने किया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** पिपरा जयपाल गांव में पिपरा जयपाल क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित पांचवां नाइट शॉर्ट बाउंड्री क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 रविवार की रात उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य हरीफन यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य रघुपत सिंह, पैक्स अध्यक्ष हरेराम सिंह, सरपंच सुनील भट्ट व रघुपति यादव ने किया। अतिथियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। रात्रिकालीन प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन मुकाबला पिपरा जयपाल ए एवं बी टीम के बीच खेला गया, जिसमें बी टीम विजयी रही। पूरी रात चले रोमांचक मुकाबलों में पिरौटा जूनियर, डुमरा, सोनबरसा, आरा 11, संदेश, मानिकपुर सहित कई टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। सभी मैच 6-6 ओवर के खेले गए। सुबह हुए फाइनल मुकाबले में सोनबरसा क्रिकेट टीम ने डुमरा टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया।

# 31 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर।** "रक्तदान महादान, जीवनदान" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को शहर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन बक्सर शाखा द्वारा "ब्यूटीफुल लाइफ ओनली ऑन डोनेटिंग ब्लड बक्सर" के सहयोग से मध्य लोहण्डी भवन, आरएन पथ बक्सर में रक्तदान शिविर और जागरूकता अभियान चलाया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेते हुए मानव सेवा का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष रोहतास गोयल, प्रांतीय उपाध्यक्ष पंकज मानसिंहका, सचिव सुमित कुमार मानसिंहका तथा अमृत मानसिंहका ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान ब्लड बक्सर के संस्थापक प्रियेश, उपाध्यक्ष रविशंकर शर्मा, कैंप कोऑर्डिनेटर नसीम नायक और आदिल खान समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में कुल 31 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में राजा बाबू, विनोद वर्मा, विष्णु शर्मा, रहमान, दिलीप कुमार पांडेय, विशाल वर्मा, सोनू कुमार, राकेश कुमार, सोनू चौधरी, संतोष शंकर देशमुख, आकाश वर्मा, सौरभ कुमार, विकास कुमार, अमर शर्मा, प्रियव्रत, आशुतोष सिंह, अंकित जायसवाल, राहुल कुमार प्रजापति, समीर अंसारी, अनूप कुमार, दीपक कुमार, मो. सैफ, राजा चौधरी, बिनय सिंह, चन्दन, मंटू कुमार और आनंद ओझा सहित कई युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदाताओं के उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को प्रेरणादायी बना दिया। अध्यक्ष रोहतास गोयल ने कहा कि रक्तदान ऐसा महादान है, जिससे किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा में रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने ब्लड बक्सर की पहल को समाज के लिए नई सोच और नई परंपरा की शुरुआत बताया। रक्तदाताओं को सम्मानित किया गयाः प्रांतीय उपाध्यक्ष पंकज मानसिंहका ने कहा कि रक्तदान केवल दूसरों के लिए ही नहीं, बल्कि स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान के दौरान रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, तापमान और कई प्रकार की जरूरी स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की जाती है। इसके साथ ही एचआईवी, हेपेटाइटिस बी-सी और सिफिलिस जैसी बीमारियों की भी जांच होती है, जिससे व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की सही जानकारी मिलती है।

## हवा में नमी बढ़ने के कारण बढ़ी उमस भरी गर्मी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** जिले में अब दिन ही नहीं, रात भी उमस भरी गर्मी से लोगों को बेचैन करने लगी है। न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से लोगों को रातभर उमस और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। पंखे और कूलर भी राहत देने में नाकाम दिख। मंगलवार को अधिकतम तापमान में 4.5 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज हुई। अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम दिखी। बाजारों में भी दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहा। 12 किमी की रफ्तार से उत्तर पूर्व से हवा चली। हवा में नमी बढ़ने के कारण गर्मी का असर और अधिक महसूस किया गया। शाम ढलने के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली। रात में गर्म हवाएं चलती रहीं और उमस के कारण लोग देर रात तक जागते रहे। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पछुआ हवा कमजोर पड़ने तथा वातावरण में नमी बढ़ने से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। आगे भी लू जैसी स्थिति बनी रह सकती है। सुबह 9 बजे के बाद ही तेज धूप लोगों को परेशान करने लगेगी। दोपहर में हीट वेव जैसी स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। अनावश्यक बाहर निकलने से बचने की सलाह मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार फिलहाल गर्मी का सितम और बढ़ेगा। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। हवा परिवर्तन होने से आसमान में बादलों का आवागमन हो सकता है। अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित रोगों से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सिरदर्द, चक्कर, डिहाइड्रेशन और उल्टी की शिकायत लेकर लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। ताजा व सादा भोजन करने और अधिक तेल-मसाला वाले खाद्य पदार्थों से दूर रहने को कहा है।

## चेक पोस्ट पर 8.5 लाख की शराब जब्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** वीर कुंवर सिंह गंगा चेक पोस्ट पर मंगलवार को उत्पाद विभाग की टीम इंस्पेक्टर कुंदन कुमार के नेतृत्व में फर्नीचर की आड़ में छिपाकर लाई जा रही विदेशी शराब की बड़ी खेप को पकड़ते हुए अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान महिंद्रा पिकअप वाहन से करीब 668.100 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग साढ़े आठ लाख रुपये बताई जा रही है। मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए एक्साइज एसपी अशरफ जमाल ने बताया कि चेक पोस्ट पर नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आ रही एक महिंद्रा पिकअप टीम को संदिग्ध लगी। वाहन पर भारी मात्रा में लकड़ी और महंगे फर्नीचर लदे हुए थे। प्रारंभिक जांच में सबकुछ सामान्य प्रतीत हो रहा था, लेकिन कर्मियों को शक होने पर वाहन की गहन तलाशी ली गई। फर्नीचर हटाते ही उसके नीचे और बीच में छिपाकर रखी गई विदेशी शराब की पेटियां बरामद होने लगीं। गिनती के दौरान वाहन से विभिन्न ब्रांडों की कुल 668.100 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। शराब की सभी बोतलों पर 'मेक इन चंडीगढ़' अंकित था। इससे यह स्पष्ट हुआ कि शराब की खेप पंजाब-हरियाणा क्षेत्र से बिहार में खपाने के उद्देश्य से लाई जा रही थी। उत्पाद विभाग ने तुरंत वाहन को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में ले लिया। चालक की पहचान हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के उषमापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। उसने स्वीकार किया कि शराब की खेप हरियाणा के अंबाला शहर से लोड की गई थी और उसे दरभंगा पहुंचाना था।

# एनओसी के पेच में फंसा 300 सीटों वाले शौचालय और पिंक टॉयलेट का निर्माण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** शहर को स्वच्छ और शौच मुक्त बनाने की कवायद प्रशासनिक लेटलतीफी और विभागों के बीच आपसी तालमेल की कमी के कारण धरातल पर नहीं उतर पा रही है। ताजा मामला सामुदायिक और पब्लिक शौचालयों के निर्माण से जुड़ा है, जो एनओसी के पेच में पूरी तरह फंस कर रह गया है। संबंधित विभागों द्वारा एनओसी जारी नहीं किए जाने के कारण करोड़ों की यह महत्वाकांक्षी योजना फिलहाल अधर में लटकी हुई है। बता दें कि पूर्व में बने व्यक्तिगत शौचालय अनुपयोगी हो गए हैं। नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी रवि सिंह ने बताया कि शौचालय के तीन सौ सीट के निर्माण पर कुल साढ़े चार करोड़ की लागत खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से ही पर सीट 1.5 लाख रुपये रेट तय किया गया है। शहर में कहीं भी विशेष तौर पर महिलाओं के लिए कोई शौचालय नहीं है, जिसके चलते विशेष परिस्थिति में उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि, इसके निर्माण के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग से मंजूरी मिल गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने पांच सीट वाला एक पिंक टॉयलेट निर्माण के लिए भी मंजूरी दी है। 12.5 लाख की लागत से पिंक टॉयलेट का निमार्ण कराया जाना है। पिंक टॉय्लेट के रखरखाव की जिम्मेवारी भी महिलाओं को ही दी जाएगी। शहर में 150 यूरिनल का कराया जाना है निर्माण स्वच्छता पदाधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि शहर में कुल 150 यूरिनल निर्माण को मंजूरी मिली है। नगर विकास एवं आवास विभाग निर्माण कराने के लिए हरी झंडी दे दिया है। उन्होंने बताया कि एक यूरिनल निर्माण पर कुल 32 हजार रुपये खर्च करने का निर्देश विभाग के द्वारा प्राप्त हुआ है। यानी 48 लाख की लागत से 150 यूरिनल का निर्माण कराया जाना है। तीनों महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर नहीं उतर पा रही है। शौचालय और यूरिनल निर्माण के लिए जिन जमीनों को चिन्हित किया गया है, वह अलग-अलग सरकारी विभागों के अधीन आती हैं। नियमानुसार निर्माण कार्य शुरू करने से पहले उन विभागों से एनओसी लेना अनिवार्य है। संबंधित विभाग से एनओसी प्राप्त नहीं होने से निर्माण कार्य नहीं शुरू हो पा रहा है। बिना उपयोग के अनुपयोगी हो गए 18 सामुदायिक शौचालय बगैर उपयोग किये ही 2.68 करोड़ के 18 सामुदायिक शौचालय अनुपयोगी हो गये। शहर में सामुदायिक शौचालय बनने के बाद तो कई के ताले तक नहीं खुले अगर खुले भी तो उसका यूज नहीं हो सका। वर्तमान में सभी शौचालय किसी काम के नहीं हैं। असामाजिक तत्व दरवाजे तक उखाड़ ले गये। अब उसमें शराबियों और जुआरियों का अड्डा रहता है। शाम ढलते ही उनका मजमा लग जाता है।जानकारी के अनुसार भारत स्वच्छता मिशन के तहत शहर में 2.68 करोड़ से 2017 से 2022 के बीच 18 सामुदायिक शौचालय बनवाये गये थे। इसका उद्देश्य था कि शहर में रहने वाले भूमिहीन परिवारों को शौचालय की सुविधा दी जाए।

## सहयोग शिविर में मंत्री ने बांटे लाभुकों को स्वीकृति पत्र



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोईलवर।** प्रखंड के राजापुर पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने किया। इस दौरान बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, भोजपुर डीएम तनय सुल्तानिया तथा भोजपुर एसपी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, ग्रामीण विकास, बिजली, पेयजल व सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए थे। लोगों ने राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, भूमि विवाद और अन्य समस्याओं से जुड़े आवेदन दिए। अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि सरकार गांव स्तर पर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए सहयोग शिविर चला रही है। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवेदनों का समयसीमा के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान लाभुकों के बीच श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वास पर्चा और अन्य स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत की जोताई को लेकर पिटाई, दंपति पर लाठी-डंडों से हमला

**मसौढ़ी** !थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के गोढ़ना गांव में खेत की जोताई को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पड़ोसी परिवार के पांच लोगों ने किसान व उनकी पत्नी की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी।पुलिस ने पीड़ित की आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित किसान पुसुट शर्मा ने पुलिस को दी गई आवेदन में बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे वह अपने खेत। घूमने गए थे, तो देखा कि पुनपुन थाना क्षेत्र के सिपालपुल गांव के रहने वाले अरुण शर्मा जितेंद्र शर्मा राजेंद्र शर्मा सोनू कुमार एवं निशु कुमार इन सभी लोग खेत की जुताई कर रहे थे,खेत पर पहुंचते ही विरोध किया तो इन सभी लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपियों ने किसान पर हमला बोल दिया और लाठी-डंडों, थप्पड़ों व लात-घूसों से पिटाई की।पीड़ित का आरोप है विपक्षियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि पीड़ित की आवेदन के आधार पर आरोपी अरुण शर्मा जितेंद्र शर्मा सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।साक्ष्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौतःखरबूज और खीरा लेकर जा रहा था, एक घायल

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के हथसारगंज ओपी क्षेत्र में मालटोली के पास एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार दो युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान हथसारगंज ओपी के मालटोली गांव निवासी राम इकबाल सहनी के 20 वर्षीय पुत्र बादल कुमार के रूप में हुई है। घायल चालक मालटोली गांव के ही लक्ष्मण सहनी का 22 वर्षीय पुत्र पंकज सहनी है। उसे तुरंत हाजीपुर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि बादल कुमार ट्रैक्टर पर खरबूज और खीरा लेकर जा रहा था, तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में बादल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। बादल कुमार अपने तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था और खेती का काम करता था।

### 3814 बेटिकट यात्रियों से 25.32 लाख रुपए की वसूली, सोनपुर मंडल में टिकट चेकिंग अभियान

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में मई माह में एक व्यापक मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को नियमसम्मत और सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करना, रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना था। यह विशेष अभियान मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के कुशल नेतृत्व और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें मंडल की विभिन्न टिकट जांच टीमों, वाणिज्य निरीक्षकों और रेलवे स्टाफ के समन्वित प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अभियान के अंतर्गत मंडल के प्रमुख स्टेशनों, प्लेटफॉर्मों, यात्री ट्रेनों तथा संवेदनशील रेलखंडों में सघन टिकट जांच की गई। इसका मुख्य फोकस उन यात्रियों पर था जो बिना वैध टिकट के यात्रा कर रहे थे या अनुचित श्रेणी में सफर कर रहे थे। इस व्यापक जांच अभियान के दौरान टिकट जांच टीमों ने कुल 3814 ऐसे मामले दर्ज किए, जिनमें यात्री बिना टिकट, अनियमित टिकट अथवा अनुचित श्रेणी में यात्रा करते पाए गए। इन मामलों से रेलवे को कुल 25,32,753 की राशि जुर्माना एवं अतिरिक्त किराए के रूप में प्राप्त हुई। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा। रेलवे ने सभी सम्मानित यात्रियों से अपील की है कि वे सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें और रेलवे नियमों का पालन करें।

### दवा दुकानदारों ने ऑनलाइन बिक्री के खिलाफ दुकानें की बंद

**हाजीपुर**। वैशाली के लालगंज में दवा दुकानदारों ने अपनी दुकानें एक दिन के लिए बंद रखीं। यह कदम ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) के आह्वान पर उठाया गया। उनकी मुख्य मांगों में ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक, जीएसआर 817 और कोविड जीएसआर 220 को वापस लेना, कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी छूट पर नियंत्रण और नकली दवाओं से देश को बचाना शामिल है। इस बंद के दौरान जीवन ज्योति मेडिकल, साहू मेडिकल, कुमार केमिस्ट, आदर्श मेडिकल, चौधरी मेडिकल और विनोद मेडिकल सहित लालगंज की सभी दवा दुकानें बंद रहीं। दवा दुकानदारों ने लालगंज के गांधी चौक पर हाथों में अपनी मांगों से संबंधित पोस्टर लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपनी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे। दवा दुकानदारों ने बंद के कारण मरीजों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया और अपने आंदोलन का समर्थन करने की अपील की। हालांकि, मेडिकल दुकानें बंद रहने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दवा लेने पहुंचे एक मरीज ने बताया कि डॉक्टर से जांच कराने के बाद भी दुकानें बंद होने के कारण उन्हें दवा के लिए भटकना पड़ा।

### दुर्घटना में महिला समेत 2 की मौत, बाइक की टक्कर से हादसा, सिर पर चोट लगने से यवक की गई जान

**हाजीपुर**। वैशाली में महुआ-ताजपुर सड़क पर हरपुर बेलवा गांव के पास मंगलवार देर रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान डभैच्य गांव निवासी आकाश कुमार बेटे(22) उमेश राय और चकसीया गांव निवासी स्वर्गीय सुरेश पासवान की पत्नी ललिता देवी(60) के रूप में हुई है। उमेश राय अपनी बाइक से हाजीपुर जा रहे थे। हरपुर बेलवा के निकट उनकी बाइक ने सड़क पार कर रही एक महिला को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आकाश अपनी बाइक सहित सड़क पर गिर गए, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय लोगों ने महुआ अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना में महिला का पोता सौरभ कुमार भी घायल हुआ है, जिसका इलाज जारी है। सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत की सूचना मिलते ही महुआ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मृतक युवक आकाश के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हाजीपुर भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लावारिस बाइक जब्त करने पर 2 घंटे तक हंगामा

**हाजीपुर**। वैशाली के बेलसर थाना क्षेत्र में एक युवक ने लावारिस बाइक जब्त होने के बाद थाना परिसर में हंगामा किया। आरोपी ने थाना अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी दी और फिर सड़क जाम कर करीब दो घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा किया। यह घटना दोपहर करीब 2 बजे महेश चौक पर शुरू हुई, जब पुलिस को बिना नंबर प्लेट की एक लावारिस मोटरसाइकिल मिली। बेलसर थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बाइक को जब्त कर थाने ले आए। इसी दौरान पिंटू कुमार नामक युवक थाने पहुंचा और बाइक को अपनी बताते हुए वापस मांगने लगा। थाना अध्यक्ष द्वारा गाड़ी के कागजात मांगे जाने पर युवक भड़क गया। आरोप है कि पिंटू कुमार ने थाना परिसर में ही हंगामा करते हुए थाना अध्यक्ष को गाली दी और जान से मारने की धमकी भी दी। हंगामे के बाद युवक थाना परिसर से बाहर निकला और करीब 100 मीटर दूर एक एजेंसी की गाड़ी सड़क पर लगाकर जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लगभग दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलने पर लालगंज एसडीपीओ गोपाल मंडल, इंस्पेक्टर सुबोध कुमार और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन पिंटू कुमार ने एसडीपीओ से भी तीखी बहस की और धमकी भरे अंदाज में बात की। पुलिस अधिकारियों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह सड़क जाम हटवाया गया और यातायात बहाल किया गया।

# पटना में विश्व मधुमक्खी दिवस पर केवीआईसी का आयोजन, 'स्वीट क्रांति' से आत्मनिर्भर गांवों पर जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। विश्व मधुमक्खी दिवस-2026 के अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा बुधवार को पटना समेत देशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मधुमक्खी पालन के जरिए ग्रामीण रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया गया, जिसमें बिहार के मधुमक्खी पालकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों और लाभार्थियों ने भाग लिया।

**'बी टुगेदर फॉर पीपुल एंड द प्लैनेट' थीम पर हुआ कार्यक्रमः** इस वर्ष विश्व मधुमक्खी दिवस की थीम "बी टुगेदर फॉर पीपुल एंड द प्लैनेट" रखी गई। कार्यक्रम के दौरान मधुमक्खियों की कृषि उत्पादन बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को मजबूत करने में भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। नई दिल्ली स्थित गांधी दर्शन कार्यालय से केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि मधुमक्खियां प्रकृति और कृषि व्यवस्था की महत्वपूर्ण संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति' के विजन ने गांवों में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को नई दिशा दी है।



**'हनी मिशन' से ग्रामीणों को मिला रोजगारः** केवीआईसी अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2016 में गुजरात के बनासकांठा से 'स्वीट क्रांति' का आह्वान किया था। इसी के बाद वर्ष 2017 में 'हनी मिशन' की शुरुआत की गई, जो आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का बड़ा माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक देशभर में 2 लाख 46 हजार से अधिक बी-बॉक्स और बी-कालोनियों का वितरण किया गया, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला और शहद उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

**भारतीय शहद की विदेशों में बढ़ी मांगः** कार्यक्रम में बताया गया कि भारतीय शहद की मांग विदेशों में तेजी से बढ़ रही है। अमेरिका, कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर समेत कई देशों में भारतीय शहद का निर्यात किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में लगभग 31 करोड़ रुपये मूल्य के शहद का निर्यात हुआ है।

**गांव-गांव तक 'स्वीट क्रांति' पहुंचाने की अपीलः** कार्यक्रम के दौरान मधुमक्खी पालकों से अपील की गई कि वे मधुमक्खी पालन को केवल शहद उत्पादन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे ग्रामीण समृद्धि, खेती की उन्नति और पर्यावरण संरक्षण का माध्यम बनाएं। साथ ही लोगों से 'स्वीट क्रांति' को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर केवीआईसी के अधिकारी, कर्मचारी, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रशिक्षार्थी, बैंक प्रतिनिधि और बिहार के विभिन्न जिलों से जुड़े मधुमक्खी पालक भी वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मसौढ़ी की मेडिकल दुकानें बंद, मरीजों को उठानी पड़ी परेशानी





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर बुधवार को मसौढ़ी में भी दवा दुकानदारों ने ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म के विरोध में अपनी दुकानें बंद रखीं। सुबह से ही बाजार की अधिकांश मेडिकल दुकानें बंद रहने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दवा दुकानों के बंद रहने से खासकर बुजुर्ग, बच्चे और नियमित दवा लेने वाले मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित दिखे। कई लोग जरूरी दवाइयों के लिए बाजार में इधर-उधर भटकते नजर आए, लेकिन मेडिकल दुकानें बंद होने के कारण उन्हें दवाएं नहीं मिल सकीं। अचानक दुकानें बंद होने से कई मरीजों को बिना दवा लौटना पड़ा।

दवा व्यवसायियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव से पारंपरिक मेडिकल दुकानदारों का कारोबार लगातार प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि ऑनलाइन कंपनियां भारी छूट देकर ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं, जिससे छोटे दुकानदारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

दवा दुकानदारों ने यह भी कहा कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना पर्याप्त निगरानी और नियमों के दवाओं की बिक्री कर रहे हैं, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। उनका कहना है कि दवाओं की बिक्री एक संवेदनशील विषय है और इसमें डॉक्टर की सलाह तथा उचित जांच जरूरी होती है। व्यवसायियों ने सरकार से मांग की कि ऑनलाइन दवा बिक्री को नियंत्रित करने के लिए सख्त नियम बनाए जाएं और ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म की गतिविधियों की प्रभावी निगरानी की जाए। साथ ही पारंपरिक मेडिकल दुकानों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की गई।

## भदौरा पैक्स चुनाव के लिए नामांकन शुरू, अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में

### 3 जून को होगा मतदान, पहले दिन कई प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ीः** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत भदौरा पैक्स चुनाव को लेकर बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन के पहले ही दिन चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो गया और प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रत्याशियों एवं समर्थकों की काफी भीड़ देखने को मिली। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। अध्यक्ष पद के लिए पहले दिन तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें लक्ष्मण पांडेय, नागेश्वर प्रसाद शर्मा और रामदयाल सिंह शामिल हैं। सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे और निर्धारित प्रक्रिया के तहत नामांकन पत्र जमा किया।



नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही भदौरा पैक्स क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। प्रत्याशी मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में जुट गए हैं। समर्थकों के साथ पहुंचे उम्मीदवारों ने जीत का दावा करते हुए क्षेत्र के विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया। वहीं प्रबंधन समिति सदस्य पद के लिए भी कई उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। इनमें रविशंकर पांडे उर्फ गोबिंद पांडेय, राम कुमार राम, सूर्यदेव रविदास, पार्वती देवी, सुषमा देवी, गायत्री देवी, सच्चिदानंद सिंह, सुरेंद्र सिंह, विनोद सिंह, सविता देवी, मधु कुमारी और कुसुम देवी शामिल हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 21 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इसके बाद 22 और 23 मई को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। वहीं अभ्यर्थी 26 मई को दोपहर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार भदौरा पैक्स में कुल 2672 मतदाता हैं, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान 3 जून को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक कराया जाएगा।

## हाजीपुर मुख्यालय में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सम्मेलन आयोजित, ग्रीन फाइनेंसिंग पर विशेष जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, हाजीपुर स्थित नए सम्मेलन कक्ष में बुधवार को लेखा विभाग की ओर से "वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सम्मेलन" का आयोजन किया गया। सम्मेलन में रेलवे की वित्तीय स्थिति, आधुनिक वित्तीय प्रबंधन और समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न मंडलों से आए वित्त प्रबंधक शामिल हुए।




**रेलवे के वरीय अधिकारियों की रही मौजूदगीः** सम्मेलन में पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार नीरज वर्मा, प्रधान वित्त सलाहकार (निर्माण) वंदना शर्मा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, मंडलों एवं इकाइयों से आए वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक तथा लेखा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रेलवे लेखा सेवा के वर्ष 1988 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी संतोष कुमार पट्टनायक थे। सम्मेलन के दौरान रेलवे की वित्तीय चुनौतियों, संसाधन प्रबंधन और नई कार्यप्रणालियों पर विचार-विमर्श किया गया।

**विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत किए गए प्रस्तुतीकरणः** सम्मेलन में समस्तीपुर के वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक गणनाथ झा ने "रिलीज्ड मटेरियल इश्यू के सरलीकरण" विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। वहीं धनबाद मंडल के मंडल वित्त प्रबंधक हर्षवर्द्धन सिंह ने "कोल पायलट पॉलिसी" और सोनपुर मंडल के मंडल वित्त प्रबंधक मनीष कुमार ने "मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक" विषय पर विस्तार से जानकारी साझा की। प्रस्तुतियों के दौरान रेलवे में संसाधनों के बेहतर उपयोग, लागत नियंत्रण और आधुनिक वित्तीय व्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई।

**'ग्रीन फाइनेंसिंग' भविष्य की जरूरत : संतोष कुमार पट्टनायकः** मुख्य अतिथि संतोष कुमार पट्टनायक ने "ग्रीन फाइनेंसिंग" विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आने वाला समय पर्यावरण अनुकूल वित्तीय व्यवस्था का है। उन्होंने पारंपरिक वित्तपोषण और ग्रीन फाइनेंसिंग के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए रेलवे को नई सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष 2070 तक "नेट जीरो" लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया है और भारतीय रेल को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने वित्त अधिकारियों से रेल परियोजनाओं में ग्रीन फाइनेंसिंग की संभावनाओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

**रेलवे और देशहित के लिए महत्वपूर्ण : छत्रसाल सिंहः** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रीन फाइनेंसिंग एक उभरती हुई आधुनिक कार्यप्रणाली है, जो भविष्य की जरूरत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्य अतिथि का व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक और मार्गदर्शक रहा, जिसका लाभ रेलवे की आगामी परियोजनाओं में मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए रेलवे को वित्तीय योजनाओं में नवाचार अपनाना होगा, ताकि रेलवे और देशहित दोनों को मजबूती मिल सके।

## पटना-गया रेलखंड पर किन्नरों की जबरन वसूली से यात्री परेशान, कार्रवाई नहीं होने का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। पटना-गया रेलखंड पर ट्रेनों में यात्रियों से जबरन पैसे वसूलने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। यात्रियों का आरोप है कि किन्नरों का एक जत्था प्रतिदिन ट्रेनों में चढ़कर यात्रियों से जबरन रुपयों की वसूली करता है, जिससे खासकर दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों के अनुसार 5 से 7 लोगों का समूह बनाकर किन्नर नदवां स्टेशन से ट्रेन में चढ़ते हैं और पुनपुन स्टेशन तक विभिन्न बोगियों में घूम-घूमकर यात्रियों से पैसे मांगते हैं। कई यात्रियों का कहना है कि पैसे नहीं देने पर उनके साथ बदतमीजी, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया जाता है।

यात्रियों ने आरोप लगाया कि यह सिलसिला लंबे समय से जारी है, लेकिन अब तक इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है कि ट्रेन के प्रत्येक डिब्बे में जाकर यात्रियों से जबरन पैसे वसूले जाते हैं और विरोध करने पर अश्लील हरकतें करने से भी परहेज नहीं किया जाता। कई यात्री डर और असहज स्थिति से बचने के लिए मजबूरी में पैसे देकर पीछा छुड़ाते हैं। दैनिक यात्रियों का कहना है कि अगर पैसे मांगने का तरीका सामान्य और विनम्र हो तो लोग स्वेच्छा से सहयोग कर देते हैं, लेकिन जबरन वसूली और अभद्र व्यवहार से यात्रियों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं भारतीय रेलवे की छवि को भी प्रभावित कर रही हैं।

यात्रियों ने यह भी आरोप लगाया कि बिना टिकट ट्रेन में यात्रा करने और अवैध रूप से वसूली करने के बावजूद टीटीई, जीआरपी और आरपीएफ की ओर से सख्ती नहीं दिखाई जाती, जिससे ऐसे लोगों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। हालांकि रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीम द्वारा नियमित गश्त किए जाने की बात कही जाती है, लेकिन यात्रियों का कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है।

दैनिक यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाई जाए तथा जबरन वसूली और यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सहज यात्रा का माहौल मिल सके।

## 'देश की जनता त्रस्त, मोदी जी विदेश यात्रा में मस्त'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार की सियासत में शिक्षा को लेकर जुबानी जंग तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के बयान पर तीखा पलटवार किया है। शिक्षा मंत्री द्वारा सरकारी स्कूल में पढ़ाने की बात कहे जाने के बाद तेजस्वी यादव ने नाराजगी जाहिर करते हुए बीजेपी और एनडीए नेताओं पर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा कि, 'सरकारी स्कूलों से पढ़कर ही कई लोग IAS और IPS बने हैं। तेजस्वी ने कहा कि, आज IAS और IPS की संख्या घट गई है, जिस तादात में लोग पहले जाते थे। सरकारी स्कूलों का मजाक उड़ाना गलत है।' तेजस्वी यादव ने कहा कि, 'लालू-राबड़ी सरकार के समय शिक्षा मंत्री के परिवार का भी कोई न कोई सदस्य सरकारी स्कूल में जरूर पढ़ा होगा।



**क्या बोले थे शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी?:** पिछले दिनों शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा था कि उन्होंने "एजिटेशन" शब्द कहा था, लेकिन तेजस्वी उसे "एजुकेशन" समझ बैठे। मिथिलेश तिवारी ने कहा, "मैं शिक्षा मंत्री हूं, इसलिए तेजस्वी यादव की मैट्रिक तक की पढ़ाई सुनिश्चित कराना भी मेरी जिम्मेदारी है।' इधर, राष्ट्रीय जनता दल ने पटना स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

## पटना में जलजमाव को लेकर मंत्री रामकृपाल यादव सख्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के दानापुर और खगौल नगर परिषद क्षेत्रों में हर साल होने वाली जलजमाव की गंभीर समस्या को लेकर बुधवार को अनुमंडल कार्यालय में अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने की। बैठक में बुडको, आरसीसी, नगर परिषद और सिंचाई विभाग समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**बारिश में लोगों को नहीं होनी चाहिए परेशानीः** बैठक के दौरान मंत्री रामकृपाल यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि इस बार मानसून के दौरान दानापुर और खगौल के लोगों को जलजमाव की समस्या से राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, हर साल थोड़ी सी बारिश में सड़कें और मोहल्ले जलमग्न हो जाते हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इसे रोकने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय पर कार्य पूरा करना होगा।



**नाला निर्माण और सफाई पर विशेष जोरः** मंत्री ने नाला निर्माण और जल निकासी व्यवस्था को लेकर विशेष गंभीरता दिखाई। उन्होंने संबंधित विभागों को मानसून शुरू होने से पहले सभी निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को समय पर नालों की उड़ाही कराने और जहां जल निकासी बाधित है वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

**बेली रोड नाला परियोजना की भी हुई समीक्षाः** बैठक में बेली रोड के दोनों किनारों पर बन रहे बड़े नाले के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बारिश शुरू होने से पहले इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि सड़क पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो।

**दानापुर-खगौल में काम तेज करने के दिए निर्देश, समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिया डेडलाइन**

**लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनीः** रामकृपाल यादव ने साफ कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल निकासी व्यवस्था में कोताही सामने आई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कई विभागों के अधिकारी रहे मौजूदः** बैठक में एसडीओ Aniruddh Pandey, नगर परिषद ईओ सह प्रशासक Pankaj Kumar, खगौल नगर परिषद के अधिकारियों के अलावा बुडको, आरसीसी और सिंचाई विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंत्री को विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी सौंपी।

# विकेन्द्रित उत्पादन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलती है मजबूती: कल्पना सोरेन

एजेंसी। रांची

झारखंड के गांडेय विधानसभा क्षेत्र की विधायक कल्पना सोरेन ने महिलाओं की सामूहिक शक्ति, आत्मनिर्भरता और सहयोग की भावना को रेखांकित करते हुए बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक विचारोत्तेजक संदेश साझा किया। अपने पोस्ट में उन्होंने "संघे शक्ति कलियुगे" की अवधारणा का उल्लेख करते हुए प्रसिद्ध सहकारी संस्था 'श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़' को महिला सशक्तिकरण का जीवंत और प्रेरणादायक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि लिज्जत पापड़ केवल एक व्यावसायिक संस्था नहीं, बल्कि महिलाओं के सामूहिक प्रयास, आत्मविश्वास और आर्थिक स्वावलंबन का सफल आंदोलन है, जिसने लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। कल्पना सोरेन ने अपने सोशल मीडिया

**■ "संघे शक्ति कलियुगे" : कल्पना सोरेन ने लिज्जत पापड़ मॉडल को बताया महिला सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण**

पोस्ट में बताया कि झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति के महाराष्ट्र एक्सपोज़र विजिट के दौरान उन्हें मुंबई स्थित डब्बावाला इंटरनेशनल एक्सपीरियंस सेंटर जाने का अवसर मिला। लगभग 135 वर्षों से अपनी मेहनत, अनुशासन, समयबद्धता और उत्कृष्ट सेवा के लिए विश्वभर में पहचान बना चुके मुंबई के डब्बावालों की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझना बेहद प्रेरणादायक अनुभव रहा। अपने संदेश में विधायक ने कहा कि 'लिज्जत पापड़' केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि महिला



सशक्तिकरण का एक सशक्त आंदोलन है, जिसने लाखों महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका, आत्मनिर्भरता और सामाजिक पहचान दिलाने का काम किया है। कल्पना सोरेन ने विशेष रूप से "डिस्ट्रिब्यूटेड प्रोडक्शन" यानी विकेन्द्रित उत्पादन प्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मॉडल महिलाओं को अपने घर या स्थानीय स्तर पर रहकर काम करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे वे पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी सशक्त बन पाती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में इस प्रकार की व्यवस्था महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है, क्योंकि इससे उन्हें रोजगार के लिए घर छोड़कर दूर शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक कौशल और घरेलू उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गृह एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना समय की बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि लिज्जत पापड़ जैसे सफल सहकारी मॉडल को हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, वन उत्पाद, बांस उद्योग और अन्य लघु उद्योग क्षेत्रों में भी लागू किया जाना चाहिए। कल्पना सोरेन ने सरकार, स्वयंसेवी संस्थाओं और निजी क्षेत्र से इस दिशा में समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि सहकारी मॉडल और महिला समूह आधारित उत्पादन प्रणाली को व्यवस्थित तरीके से बढ़ावा दिया जाए, तो ग्रामीण परिवारों को स्थायी और सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति भी हैं। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो द्वारा संसदीय समितियों के पुनर्गठन के दौरान उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी। समिति के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और ग्रामीण समाज से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न राज्यों के सफल मॉडलों का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि झारखंड में भी उन्हें लागू करने की दिशा में पहल की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार




**पूर्वी सिंहभूम।** उलीडीह ओपी क्षेत्र के लक्ष्मण नगर छठ घाट के पास किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में घूम रहे एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से अवैध हथियार और जिंदा गोलियां बरामद की गई हैं। मामले की जानकारी बुधवार को सिटी एसपी ललित मीणा ने पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विश्वजीत सिंह उर्फ रॉकी (33) के रूप में हुई है। वह उलीडीह थाना क्षेत्र के डिमना रोड स्थित लक्ष्मण नगर सुभाष कॉलोनी का निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि लक्ष्मण नगर छठ घाट के पास एक युवक हथियार लेकर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल है और लोगों के बीच दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही सिटी एसपी के निर्देश पर पटमदा डीएसपी बचनदेव कुजूर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तत्काल इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी की और आरोपित को मौके से दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसने यह हथियार बिहार के बक्सर से 30 हजार रुपये में खरीदा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि विश्वजीत सिंह उर्फ रॉकी का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ एमजीएम थाना में आर्म्स एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दो मामले पहले से दर्ज हैं।

### नवजात का क्षत-विक्षत शव बरामद



**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के बड़ौदा घाट के समीप बुधवार सुबह एक नवजात बच्चे का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ते ही आसपास लोगों की भीड़ जुट गई और घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बागबेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि नवजात के शव को किसी ने सुनसान जगह पर फेंक दिया। शव की स्थिति काफी खराब होने के कारण पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। जांच के दौरान बागबेड़ा थाना पुलिस ने पाया कि घटनास्थल उनके थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर पड़ता है। इसके बाद मामले की जानकारी आरआईटी थाना पुलिस को दी गई। क्षेत्राधिकार को लेकर दोनों थानों के बीच समन्वय के बाद आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात का शव वहां कैसे पहुंचा और इसके पीछे कौन लोग शामिल हो सकते हैं। मामले को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### रांची विश्वविद्यालय सिंडिकेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी




**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की सिंडिकेट बैठक बुधवार को कुलपति प्रोफेसर सरोज शर्मा की अध्यक्षता में कुलपति सभागार में आयोजित की गई। कुलपति के रूप में प्रो. सरोज शर्मा के कार्यकाल की यह पहली सिंडिकेट बैठक थी, जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन और शैक्षणिक विकास से जुड़े लगभग 30 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा की गई। बैठक में कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्यों की नियुक्ति, वित्त समिति के पूर्व में लिए गए निर्णयों की समीक्षा, शिक्षकों की नियुक्ति एवं प्रोन्नति सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार कर निर्णय लिए गए। बैठक का एक महत्वपूर्ण निर्णय विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन) की स्थापना से जुड़ा रहा। सिंडिकेट ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में शोध गतिविधियों को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा शिक्षा में तकनीकी संसाधनों और आधुनिक उपकरणों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा राज्य सरकार के वित्त विभाग द्वारा भेजे गए वित्तीय संकल्प को भी बैठक में मंजूरी दी गई। वहीं, झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की अनुशंसा पर विभिन्न कॉलेजों में कार्यरत सहायक प्राध्यापकों एवं प्राध्यापकों की प्रोन्नति संबंधी प्रस्तावों को भी सिंडिकेट ने स्वीकृति प्रदान की। बैठक में कुलपति प्रो. सरोज शर्मा, कुलसचिव, राज्यपाल की ओर से मनोनीत सदस्य तथा विश्वविद्यालय के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डोरंडा मिल्लत पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने नगर विकास मंत्री से की मुलाकात, क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की उठाई मांग



**रांची।** डोरंडा मिल्लत पंचायत के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से धुर्वा स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को प्रमुखता से उठाया। पंचायत अध्यक्ष अरशद कुरैशी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने रांची नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्या-49 के पोखरटोली रोड, मनीटोला और डोरंडा क्षेत्र स्थित सामुदायिक भवन से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को एक मांग पत्र सौंपते हुए सामुदायिक भवन के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा क्षेत्रीय समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। प्रतिनिधियों ने बताया कि सामुदायिक भवन में पर्याप्त सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण स्थानीय लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राप्त मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाएगा और क्षेत्रीय विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मंत्री से मुलाकात करने वालों में डोरंडा मिल्लत पंचायत के संरक्षक मो. मोइन, सचिव आतिफ अंसारी (सोनू), रोहित उरांव, मोहम्मद काशिफ, अब्दुल सगीर, मोहम्मद अंजार, विष्णु गाड़ी, नसीम अख्तर (लाल), मोहम्मद मुबाशिर सहित कई अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय बाल श्रम मुक्त झारखंड अभियान की शुरुआत

एजेंसी। खूंटी

बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों के शिक्षा के अधिकार को दिलाने के उद्देश्य से कैंपेन अगेंस्ट चाइल्ड लेबर (सीएसीएल) झारखंड और लोक स्वर संस्था के संयुक्त सहयोग से 44 दिवसीय राष्ट्रीय बाल श्रम मुक्त झारखंड अभियान की शुरुआत की गई। बुधवार को शुरू हुए अभियान का मुख्य नारा श्रम नहीं, शिक्षा चाहिए रखा गया है। खूंटी के कालामाटी गांव स्थित विद्यालय में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के कक्षा 8 वीं, 9 वीं और 10 वीं के विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बाल श्रम के दुष्प्रभाव, विद्यालय छोड़ने (ड्रॉपआउट) की समस्या और शिक्षा में बाधा आने से भविष्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके अधिकारों का हनन करता है। हर बच्चे को सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने



का अधिकार है। लोक स्वर संस्था की सचिव शालिनी संवेदना ने कहा कि समाज, विद्यालय और अभिभावकों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा मजदूरी करने को विवश न हो और हर बच्चा शिक्षा से जुड़ा रहे। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था की फील्ड कार्यकर्ता सनेचरीया सांगा, सुमन कुमारी, कालामाटी विद्यालय के प्राचार्य और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## रांची फायरिंग कांड के मुख्य आरोपित सोनू यादव पटना से गिरफ्तार

एजेंसी। रांची

राजधानी रांची के पंडरा थाना क्षेत्र स्थित तेल मील गली में हुए चर्चित फायरिंग कांड में रांची पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपित सोनू यादव को बिहार की राजधानी पटना से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित कई महीनों से पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस के अनुसार बीते 19 जनवरी को पंडरा इलाके में 55 लाख रुपये के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद ने बाद में हिंसक रूप ले लिया और आकाश सिंह तथा विकास सिंह पर गोली चला दी गई थी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच शुरू की थी। फायरिंग की घटना के बाद से ही पुलिस मुख्य आरोपित सोनू यादव की तलाश में



जुटी हुई थी। उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। जांच के दौरान पुलिस को यह भी जानकारी मिली थी कि आरोपित राज्य से बाहर छिपकर रह रहा है। सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने बिहार के बिहटा इलाके में छापेमारी कर सोनू यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रांची लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में फायरिंग कांड से जुड़े कई महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा फरारी के दौरान उसे किसका सहयोग मिल रहा था। पुलिस के मुताबिक सोनू यादव का नाम पहले भी कई चर्चित आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है। उसका नाम चर्चित कमल भूषण हत्याकांड और अकाउंटेंट संजय हत्याकांड से भी जुड़ा बताया जा रहा है। यही वजह है कि पुलिस उसे लंबे समय से तलाश रही थी। जांच एजेंसियों का मानना है कि सोनू यादव का आपराधिक नेटवर्क कई जिलों तक फैला हो सकता है। पुलिस अब उसके संपर्कों, आर्थिक लेन-देन और आपराधिक गतिविधियों की भी जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क और फायरिंग कांड के सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

## झारखंड में भीषण गर्मी का कहर : डाल्टनगंज सबसे गर्म, पाकुड़ का मौसम रहा सबसे सुहाना

एजेंसी। रांची

राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले एक सप्ताह से तेज धूप, गर्म हवाओं और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे दिन के समय सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य के पलामू, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इनमें डाल्टनगंज राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। लगातार बढ़ते तापमान और तीखी धूप के कारण लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जहां राज्य के अधिकांश जिले भीषण गर्मी से झुलसते रहे, वहीं पाकुड़ जिले का मौसम अपेक्षाकृत सुहाना बना रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान यहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच केवल चार डिग्री का अंतर दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पाकुड़ में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। भीषण गर्मी के बीच राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांधा क्षेत्र में सबसे अधिक 14.4 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा सरायकेला, रामगढ़ और बहरागोड़ा क्षेत्रों में भी हल्की बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि स्थानीय स्तर पर बनी मौसमी परिस्थितियों के कारण कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने



की स्थिति बनी हुई है, हालांकि इससे तापमान में व्यापक गिरावट नहीं आई है। बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही मौसम साफ रहा और तेज धूप निकलने के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। दिनभर उमस भरा वातावरण बना रहा, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। रांची में अधिकतम आर्द्रता 88 प्रतिशत दर्ज की गई, जिसके कारण तापमान अपेक्षाकृत कम होने के बावजूद गर्मी अधिक महसूस हुई। शहर में दोपहर के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम देखी गई और कई जगहों पर लोग गर्मी से बचने के लिए छांव और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री और न्यूनतम 27.7 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 42.4 डिग्री और न्यूनतम 27.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 39.5 डिग्री और न्यूनतम 29.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## टाटा स्टील प्लांट में चोरी की कोशिश नाकाम, तीन आरोपित धराए

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

टाटा स्टील प्लांट परिसर में मंगलवार रात चोरी की एक बड़ी कोशिश को सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते विफल कर दिया। टाटा स्टील सिक्योरिटी टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण तीन युवकों को संदिग्ध गतिविधियों के दौरान पकड़ लिया गया। बताया जा रहा है किआरोपित कंपनी के कीमती सामान की चोरी की फिराक में थे, लेकिन सुरक्षा जांच के दौरान उनकी योजना सफल नहीं हो सकी। घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की बताई जा रही है। प्लांट परिसर में नियमित निगरानी और गश्ती के दौरान सिक्योरिटी टीम की नजर तीन संदिग्ध युवकों पर पड़ी। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पकड़े गए आरोपित की पहचान जुगसलाई निवासी मो. चांद, मो. बाबू और मो. शहबाज के रूप में हुई है।



सुरक्षा अधिकारियों ने तीनों से पूछताछ की, जिसके बाद मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी गई। बुधवार को टाटा स्टील प्रबंधन की ओर से बताया गया कि प्लांट परिसर की सुरक्षा को लेकर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा टीम की सक्रियता के कारण कंपनी की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश विफल हो गई। घटना के बाद तीनोंआरोपितों के खिलाफ कानूनी और विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आगे की प्रक्रिया के तहत आरोपितों को बिष्टुपुर थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 24/2025-26 (3rd Call Retender)**

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य अनुदान) मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 22.05.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 22.05.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 29.05.2026 (अपराह्न 2:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 30.05.2026 (अपराह्न 3:00 बजे ) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 2 | उंटारी रोड | मुरमा खूर्द | स्वास्थ्य उपकेन्द्र मुरमा खूर्द का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/ 2025-26/ Gr-15 RT |


नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) **जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

PR 380321 (District)26-27*D
ह0/–जिला अभियंता,जिला परिषद, पलामू

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना (नोटिस)।**



नाम–(1) ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ छोटू गुप्ता, पिता–अयोध्या प्रसाद गुप्ता, ग्राम–भजनिया, थाना–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप कांडी थाना कांड सं0–02/2025, दिनांक–07.01.2025 धारा–78(1)/79 बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय श्री बिक्रांत रंजन न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–04.05.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–08.05.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला कराया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–04.06.2026 तक माननीय न्यायालय श्री बिक्रांत रंजन न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–04.06.2026 तक माननीय न्यायालय श्री बिक्रांत रंजन न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR 380265 (Police) 26-27 (D)
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

## संक्षिप्त समाचार

### दशक भर का इंतजार खत्म! फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद के बीच दौड़ेगा नया एक्सप्रेसवे

**फरीदाबाद, एजेंसी।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को बढ़ाकर फरीदाबाद तक करने की परियोजना तैयार की जा रही है। एक्सप्रेसवे



का विस्तार ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद से शुरू होगा। यहां से नोएडा और फरीदाबाद तक एक्सप्रेसवे बनेगा। इस 65 किलोमीटर लंबे रूट पर 7500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस परियोजना से न केवल फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद की सीधी और सुगम कनेक्टिविटी हो जाएगी बल्कि यहां से देहरादून एक्सप्रेसवे तक का सफर मिनटों में तय हो सकेगा। जिससे शहर के एक लाख से अधिक लोगों को राहत मिलेगी। याद रहे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पूरी तरह से चालू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अप्रैल 2026 को इसका औपचारिक उद्घाटन कर दिया था। दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से देहरादून तक का पूरा 213 किलोमीटर लंबा मार्ग जनता के लिए खुल चुका है। इसी परियोजना को आगे बढ़ाने की बात है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर कई साल से फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद एक्सप्रेसवे परियोजना को धरातल पर लाने के प्रयास में लगे हुए हैं। करीब एक दशक से यह योजना फाइलों में है जबकि प्रदेश सरकार इसे स्वीकृति दे चुकी है। अब केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की सिफारिश पर केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने इस परियोजना पर कागजी काम करने के लिए हामी भर दी है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि फरीदाबाद नए रास्तों से जुड़ेगा, इससे हर नागरिक का सपना पूरा होगा। इस परियोजना से एनसीआर में यातायात जाम काफी हद तक कम होगा और यात्रियों का सफर भी आसान और तेज हो जाएगा। फिलहाल फरीदाबाद से नोएडा व गाजियाबाद की सीधी व सुगम कनेक्टिविटी नहीं है।

### क्रेडिट कार्ड पर लाइफटाइम फ्री सुविधा का झांसा देकर 7.80 लाख की ठगी



**गाजियाबाद, एजेंसी।** क्रेडिट कार्ड पर मुफ्त इंश्योरेंस और लाइफटाइम फ्री सुविधा का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के खाते से 7.80 लाख रुपये निकाल लिए। ठगों ने खुद को यश बैंक की चांदनी चौक शाखा का मैनेजर बताया और फर्जी एप डाउनलोड कराकर मोबाइल हैक कर लिया। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी है। लोनी के राजधानी एंक्लेव निवासी सुनीत कुमार पांडे ने पुलिस को बताया कि 13 मई की शाम करीब पांच बजे उनके मोबाइल पर दो अलग-अलग नंबरों से काल आई। कॉल करने वालों ने खुद को यश बैंक शाखा चांदनी चौक दिल्ली का मैनेजर बताते हुए कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड पर इंश्योरेंस सुविधा एक्टिव कर दी जाए तो कार्ड पूरे जीवन के लिए मुफ्त हो जाएगा। उन्होंने प्रक्रिया पूछी तो ठगों ने यश क्रेडिट कार्ड नाम का एक एप मोबाइल में डाउनलोड कराया और उसमें क्रेडिट कार्ड की डिटेल भरवा ली।

# पेपर नीट-यूजी पेपर लीक मामला: सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, पुणे में दो छात्रों के घरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**नागपुर, एजेंसी।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले की जांच कर सीबीआई ने मंगलवार को में दो छात्रों के घरों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान जांच एजेंसी ने वहां से मोबाइल फोन, लैपटॉप, हाथ से लिखे नोट्स और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किए। इन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार, ये दोनों छात्र इस साल नीट परीक्षा में शामिल हुए थे और निजी कोचिंग संस्थानों के माध्यम से तैयारी कर रहे थे।

सीबीआई को शक है कि इन छात्रों को पुणे से संचालित एक नेटवर्क के जरिए लीक हुआ प्रश्नपत्र मिला था। सूत्रों के मुताबिक, हर अभ्यर्थी से करीब 15 लाख रुपये लेकर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया गया था। जांच एजेंसी का मानना है कि इस गिरोह से छात्रों का संपर्क पुणे की मनीषा वाघमारे के जरिए हुआ, जिसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एजेंसी के अनुसार वह छात्रों और अभिभावकों को पेपर लीक गिरोह के सदस्यों से मिलवाने का काम करती थी। बाद में छात्रों का संपर्क केमिस्ट्री के लेक्चरर पीवी कुलकर्णी से हुआ, जिसे मामले के मुख्य आरोपियों में माना जा रहा है और उसे पुणे से गिरफ्तार किया जा चुका है। जांचकर्ताओं को शक है कि चुनिंदा छात्रों को परीक्षा से पहले पुणे बुलाया गया, जहां कथित तौर पर प्रश्नपत्र और उनके उत्तर साझा किए गए।




सीबीआई अब कॉल रिकॉर्ड, वित्तीय लेनदेन और डिजिटल सुबूतों की पड़ताल कर रही है ताकि इस पूरे नेटवर्क और अन्य आरोपियों का पता लगाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल छात्रों को गिरफ्तार नहीं किया गया है, क्योंकि जांच अभी जारी है। इस बीच, महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में शामिल कोचिंग सेंटर संचालकों के मकानों को ध्वस्त किया जाना चहिए। सीबीआई ने पेपर लीक मामले में लातूर स्थित रेणुकाई केमिस्ट्री सेंटर के संस्थापक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को रविवार शाम को गिरफ्तार किया था। अब तक इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहिल्यानगर से 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शिरसाट ने नीट कोचिंग क्लासेस द्वारा लगाए गए विज्ञापनों और संपत्तियों की ओर भी इशारा किया। कहा- '' बड़े-बड़े राजनेता भी इतने विज्ञापनों का खर्च नहीं उठा सकते। लेकिन अगर हम किसी छोटे गांव में जाएं तो हमें कोचिंग क्लासेस के विज्ञापन मिलेंगे।

## गोधाम स्थापित करने रायपुर, बिलासपुर समेत कई जिलों में पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने गोधाम योजना के तहत प्रदेशभर में 1,460 गोधाम स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है, लेकिन जमीन आवंटन की धीमी प्रक्रिया के कारण योजना अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही है। बेसहारा मवेशियों की सड़कों पर क्यों रहना पड़ रहा है?

गोधामों में चारा विकास को बढ़ावा देने के लिए न्यूनतम एक एकड़ की जमीन जरूरी है। प्रति एकड़ 47 हजार रुपये प्रतिवर्ष की सहायता प्रदान की जाएगी। अधिकतम पांच एकड़ भूमि तक 2.35 लाख रुपये वार्षिक





बढ़ती समस्या को देखते हुए सरकार ने प्रत्येक विकासखंड में 10-10 गोधाम खोलने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 14 मार्च को बिलासपुर से 29 गोधामों का औपचारिक शुभारंभ भी किया था, लेकिन रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ समेत कई जिलों में अब तक पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं हो सकी है। सड़कों पर घूमते मवेशी यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं और सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इस मुद्दे पर हाई कोर्ट ने भी कुछ दिनों पहले सख्त टिप्पणी की थी। छत्तसीगढ़ हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि यदि व्यवस्था सही है, तो पशुओं को सहायता का प्रविधान किया गया है। प्रत्येक गोधाम में लगभग 200 गोवंश को रखने की व्यवस्था निर्धारित की गई है। मानदेय और भरण-पोषण की राशि तय : राज्य सरकार द्वारा बेसहारा मवेशियों के संरक्षण और संचालन के लिए मानदेय और भरण-पोषण की राशि तय की जा चुकी है। 13,126 रुपये प्रतिमाह का मानदेय तय किया गया है। वहीं, मवेशियों के चारे और रखरखाव के लिए राशि प्रति पशु प्रतिदिन के हिसाब से तय गई है। यह राशि पहले वर्ष 10 रुपये प्रतिदिन, दूसरे वर्ष 20 रुपये, तीसरे वर्ष 30 और चौथे वर्ष 35 रुपये प्रति पशु प्रतिदिन तय की गई है।

## राजस्थान में कार वर्कशॉप बनी आग का गोला, एलपीजी गैस सिलेंडर फटने से बच्ची की मौत; आठ झुलसे

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में डीग जिले के कामां पुलिस थाना क्षेत्र में एलपीजी गैस सिलिंडर फटने से एक बच्ची की मौत हो गई,वहीं एक ही परिवार के आठ लोग झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। झुलसे हुए सभी लोगों को पहले भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया, बाद में जहां से जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के लिए रेफर गया है। कार रिपेयरिंग के दौरान हुआ है। कामां कस्बे डीग मार्ग पर एक घर में वाहन ठीक करने की वर्कशॉप है। एक घर में वर्कशॉप नीचे और उसके ऊपर दो भाईयों के परिवार रहते हैं। दोनों भाई साथ मिलकर वर्कशॉप चलाते हैं। मंगलवार शाम को वर्कशॉप मालिक मनमोहन और उसका भाई भगवान वाहनों को ठीक कर रहे थे। वाहनों को ठीक करने के लिए घरेलु गैस सिलिंडर उपयोग में लिया जा रहा था। इसी दौरान अचानक एक सिलिंडर से गैस लीक हुई और आग लग गई। अचानक सिलिंडर फट गया,पास ही दूसरा सिलिंडर भी फट गया। हादसे में वर्कशॉप मालिक दोनों भाई और आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए,जिन्हे जयपुर के सवाई मनसिंह अस्पताल में रेफर किया गया, वहीं एक बच्ची सहित दो लोगों का भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। भरतपुर जिला पुलिस उप अधीक्षक नरेन्द्र कुमार ने बताया कि झुलसने वालों में मनमोहन की पत्नी सरिता, भगवान की पत्नी नीरज सहित आठ शामिल हैं।

## पहाड़ों की ओर उमड़ा सैलानियों का रेला, उत्तराखंड और हिमाचल में जाम से बढ़ी चुनौती

**देहरादून, एजेंसी।** देश के मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ने के साथ ही लोगों का रुख एक बार फिर पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर की ओर तेजी से बढ़ा है। ऐसे में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भारी आमद के कारण यातायात व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है और कई स्थानों पर लंबा जाम लगने लगा है। जम्मू-कश्मीर में भी पर्यटक पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां अभी उत्तराखंड और हिमाचल जैसी



व्यापक जाम की समस्या सामने नहीं आई है। उत्तराखंड में मसूरी, नैनीताल, धनौल्टी, चकराता, रानीखेत और औली जैसे लोकप्रिय स्थलों पर लगातार पर्यटक पहुंच रहे हैं। सप्ताहांत पर स्थिति और अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाती है। मसूरी और नैनीताल में निर्बाध यातायात बनाए रखना प्रशासन के लिए बड़ी परीक्षा बन गया है। नैनीताल में वाहनों का दबाव बढ़ने पर शटल सेवा संचालित की जा रही है। चारधाम यात्रा के चलते ऋषिकेश और अन्य यात्रा मार्गों पर भी वाहनों की संख्या बढ़ गई है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों दोनों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में भी शिमला, मनाली और धर्मशाला सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। मनाली में होटलों की आक्यूपेंसी लगभग 90 प्रतिशत तक पहुंच गई है।मनाली से सटे रोहतांग दर्रे में मंगलवार को करीब 10 हजार पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण मनाली, नेहरूकुंड और रोहतांग मार्ग पर रुक-रुक कर जाम लगता रहा।प्रशासन ने बढ़ती मांग को देखते हुए सप्ताह में एक दिन बंद रहने वाले रोहतांग दर्रे को अब मंगलवार को भी पर्यटकों के लिए खुला रखने का निर्णय लिया है। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर, गुलमर्ग, पहलगाम और सोनमर्ग जैसे स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही जारी है, लेकिन अभी वहां उत्तराखंड और हिमाचल जैसी गंभीर यातायात बाधाएं नहीं देखी जा रही हैं। पर्यटन गतिविधियों में तेजी के बावजूद यातायात व्यवस्था अपेक्षाकृत संतुलित बनी हुई है।

## गुरुग्राम वाले ध्यान दें! पानी की बर्बादी की तो लगेगा 2000 रुपये जुर्माना, खराब मीटर पर भी होगी कार्रवाई

**गुरुग्राम, एजेंसी।** नगर निगम गुरुग्राम ने शहर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने और पेयजल के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए सख्ती बढ़ा दी है। निगम प्रशासन ने पानी की बर्बादी, अवैध कनेक्शन और खराब मीटरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। नगर निगम ने साफ किया है कि यदि कोई व्यक्ति पेयजल का दुरुपयोग करता पाया गया तो उस पर पहली बार दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। दोबारा नियम तोड़ने पर बिना किसी पूर्व सूचना के पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। खासतौर पर कार धोने, सड़क साफ करने या अन्य गैर-जरूरी कार्यों में पाइप से पेयजल के उपयोग पर कार्रवाई होगी।

निगम के अनुसार जिन उपभोक्ताओं के पानी के मीटर खराब या दोषपूर्ण पाए जाएंगे, उन पर एक हजार रुपये की पेनल्टी लगाई जाएगी। तय



समय सीमा में मीटर ठीक नहीं कराने पर संबंधित उपभोक्ता का पानी का कनेक्शन भी काटा जा सकता है। साथ ही बिना मीटर वाले घरेलू, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल कनेक्शनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने निर्माण गतिविधियों में पीने के पानी के उपयोग पर भी रोक लगा दी है। यदि कोई निर्माण कार्य में पेयजल का इस्तेमाल करता पाया गया तो उसका कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिया जाएगा। निर्माण कार्यों के लिए केवल एसटीपी के पानी के उपयोग की अनुमति होगी। निगम प्रशासन अवैध और अनधिकृत पानी कनेक्शनों के विरुद्ध भी विशेष अभियान चलाएगा। अधिकारियों ने नागरिकों से जल्द से जल्द अपने पानी के कनेक्शन और मीटरों का पंजीकरण कराने की अपील की है। यदि किसी क्षेत्र में पानी की बर्बादी या अवैध कनेक्शन दिखाई देता है तो नागरिक इसकी सूचना वाट्सएप नंबर 7840001817 और टोल फ्री नंबर 1800-180-1817 पर दे सकते हैं।



## मणिपुर में छह बंधकों की तत्काल रिहाई को लेकर निकाली गई रैली

**इंफाल, एजेंसी।** कोउब्रू रेंज लियांगमाई महिला संघ ने कांगलाटोंगबी और आसपास के गांवों के नागरिक समाज संगठनों के साथ मिलकर मंगलवार को छह नागा नागरिकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करते हुए एक रैली का आयोजन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि इन नागरिकों का अपहरण 13 मई को कांगपोकपी जिले के लेइलोन वाइफेई गांव से कुकी सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा किया गया था और उन्होंने अधिकारियों से उनकी सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया। यह रैली माखन गांव से शुरू होकर नामदिलांग गांव में समाप्त हुई। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां पकड़ी हुई थीं और केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए नारे लगा रहे थे। वहीं, मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने कहा कि राज्य सरकार पहाड़ी जिलों में कई लोगों के अपहरण से उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति को शांत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने यह टिप्पणी लियांगमाई नागा समूहों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान की, जिन्होंने सिंह से कथित तौर पर अपहृत छह लोगों को छुड़ाने का आग्रह किया।

## दादरी में सपाइयों का पैदल मार्च: बिजली कटौती, नीट पेपर लीक और महंगाई पर जताया विरोध

**दादरी, एजेंसी।** अघोषित बिजली कटौती, नीट परीक्षा का पेपर लीक और बढ़ती महंगाई के खिलाफ सपा छात्र सभा के नेतृत्व में एक पैदल मार्च निकाल कर विरोध जताया गया। मार्च को दादरी तिराहा जीटी रोड पर खत्म किया गया। इसके बाद दादरी एसीपी प्रशाली गंगवार को ज्ञापन सौंप कर बिजली कटौती को खत्म कर सुचारू आपूर्ति बहाल करने, नीट परीक्षा पेपर लीक करने के आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व रसोई गैस सिलिंडर समेत अन्य दैनिक उपयोग की चीजों के बढ़ते दामों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।



इस मौके छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहित नागर, पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्र प्रधान, छात्र सभा प्रदेश सचिव प्रशांत भाटी, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण रावल आदि मौजूद रहे।

## स्कूल भवनों की सुरक्षा जांच प्रक्रिया जल्द होगी शुरू, हाई कोर्ट में सरकार का आश्वासन

**लखनऊ, एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से भरोसा दिलाया गया कि प्रदेश भर के स्कूली भवनों की सुरक्षा जांच जल्द शुरू कर दी जाएगी। यह भी जानकारी दी गई कि अधिकारियों और स्कूल प्रबंधनों की बैठक काफी सकारात्मक रही है और शीघ्र ही कोर्ट के समक्ष प्रभावी प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। इस पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 जुलाई की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की पीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजिडेंट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि स्कूल प्रबंधन और सरकारी अधिकारियों के बीच दो दौर की बैठकें हो चुकी हैं। इन बैठकों में लखनऊ शहर के शैक्षिक संस्थानों के आसपास ट्रैफिक जाम की समस्या कम करने और यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए हैं। सरकार ने यह भी जानकारी दी कि प्रदेश के सभी स्कूल भवनों की सुरक्षा जांच के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब जल्द ही निरीक्षण का काम शुरू कराया जाएगा, ताकि भवनों की स्थिति का आकलन कर आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## मुंबई के बांद्रा स्टेशन पर रेलवे का बड़ा एक्शन; करीब 18 फीसदी अवैध झोपड़ियां ध्वस्त

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिमी रेलवे ने अतिक्रमण हटाने के लिए मंगलवार को अभियान शुरू किया। बांबे हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद शुरू किए गए इस अभियान के दौरान बांद्रा रेलवे स्टेशन के पास बनी 500 अवैध झोपड़ियों में से लगभग 18 प्रतिशत झोपड़ियों को हटा दिया गया। यह अभियान आज भी जारी रहेगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि पांच दिवसीय अभियान का उद्देश्य 5,300 वर्ग मीटर रेलवे भूमि को खाली कराना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह अभियान 23 मई तक जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि रेलवे ने मुंबई के सबसे बड़े रेलवे स्टेशनों में से बांद्रा टर्मिनस पर एलिवेटेड रोड, बहुमंजिला इमारतों, प्लेटफार्मों और रखरखाव सुविधाओं से युक्त एक एकीकृत परिसर की योजना बनाई है।

गरीब नगर में रेलवे की जमीन पर बनी 500 झोपड़ियों में से, अतिक्रमण विरोधी अभियान के पहले दिन हमने लगभग 15 से 18 प्रतिशत झोपड़ियों को खाली करा लिया है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित




करने के लिए इस अभियान को नागरिक प्रशासन, पुलिस अधिकारियों और रेलवे सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। पश्चिमी रेलवे के अनुसार, कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने और अभियान को मानवीय तरीके से क्रियान्वित करने के लिए यह अभियान नागरिक प्रशासन, पुलिस अधिकारियों और रेलवे सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त रूप से चलाया जा रहा था। बेदखली के आदेश 27 नवंबर, 2017 को पारित किए गए थे इससे पहले दिन में जारी एक बयान में, वेस्टर्न रेलवे ने कहा कि इस मामले में सार्वजनिक परिसर अधिनियम के तहत कार्यवाही 2017 से पहले शुरू की गई थी, और बेदखली के आदेश 27 नवंबर, 2017 को पारित किए गए थे। बयान में कहा गया है, 'इस मुद्दे की लगभग नौ वर्षों तक व्यापक न्यायिक जांच हुई है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### निर्वाचन आयोग पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से उठे सवाल

सवाल है कि तीन सदस्यीय चयन समिति में सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल होने से क्या नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जा सकती है? निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त एवं संवैधानिक संस्था है, जो चुनावी प्रक्रिया का संचालन करने के लिए उत्तरदायी है। यही वह संस्था है, जो लोकतंत्र के मूल तत्त्व को जिंदा बनाए रख सकती है। मगर पिछले कुछ वर्षों से निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर जिस तरह से सवाल उठ रहे हैं, उससे उसकी विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ गई है।दरअसल, कोई भी प्राधिकरण तभी स्वायत्त और निष्पक्ष हो सकता है, जब उस पर कोई बाहरी दबाव न हो और उसके पदाधिकारियों का चयन भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष तरीके से किया जाए। निर्वाचन आयोग में नियुक्तियों को लेकर कई स्तर पर आरोप लगते रहे हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस पर महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को इस मामले में कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संविधान की मूल संरचना का हिस्सा हैं और यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है, जब निर्वाचन आयोग स्वतंत्र हो और इसके कार्यों में स्वायत्तता प्रतीत भी हो।गौरतलब है कि वर्ष 2024 में लागू किया गया मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 में यह प्रावधान है कि निर्वाचन आयोग में आयुक्तों की नियुक्तियां राष्ट्रपति द्वारा चयन समिति की सिफारिश के आधार पर की जाएंगी। इस समिति में पहले प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल थे, मगर नए कानून में प्रधान न्यायाधीश की जगह केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया है। शीर्ष अदालत में इस कानून की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है।सवाल है कि तीन सदस्यीय चयन समिति में सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल होने से क्या नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जा सकती है? स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आत्मा को प्रतिबिंबित करता है, ऐसे में अगर निर्वाचन आयोग की संरचना पर ही सवाल उठते रहे, तो जनता के भरोसे का क्या होगा।इसी पहलू पर गौर करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि विश्वास का स्तर इतना होना चाहिए कि ऐसा प्रतीत हो कि चयन समिति में कोई तीसरा निष्पक्ष व्यक्ति भी शामिल है। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी से निर्वाचन आयोग में नियुक्ति प्रक्रिया को संतुलित किए जाने की उम्मीद जगी है।

*ये सजाएं केवल अदालती आदेश नहीं हैं, यह उस व्यवस्था का पुनर्जन्म है, जिसमें पीड़ित पहली बार महसूस कर रहा है कि राज्य उसके साथ खड़ा है।लखनऊ जोन के जनपदवार आंकड़े भी इस परिवर्तन की कहानी कहते हैं कि सीतापुर में 28 अभियोग, खीरी में 92, रायबरेली में 45, हरदोई में 23, उन्नाव में 18, अयोध्या में 43, सुलतानपुर में 09, बाराबंकी में 47, अम्बेडकरनगर में 10 तथा अमेठी में 13 अभियोगों में अपराधियों को सजा दिलाई गई।*

## ऑपरेशन कन्विक्शन- लखनऊ जोन में अपराध और सजा के बीच घटती दूरी

(प्रणय विक्रम सिंह)

इन दिनों उत्तर प्रदेश के अपराध जगत में एक अनकहा भय तैर रहा है। थानों की दीवारों, अदालतों के गलियारों और जेलों की बैरकों के बीच एक नया शब्द तेजी से गूंज रहा है'कन्विक्शन'। कभी अपराधियों के बीच यह भरोसा सबसे बड़ा कवच हुआ करता था कि 'मुकदमा चलता रहेगा'। हत्या करने वाला जानता था कि गवाह टूट जाएंगे। दुष्कर्मी जानता था कि पीड़ित परिवार अदालतों के चक्कर काटते-काटते थक जाएगा। गैंगस्टर जानता था कि कानून की प्रक्रिया लंबी है और समय सबसे बड़ा बचाव पक्ष होता है। रात के किसी सन्नाटे में जब कोई मां अपनी बेटी को लेकर भयभीत होती है, जब किसी गांव की पगडंडी पर किसी हत्या के बाद पसरा हुआ सन्नाटा पूरे समाज को डरा देता है, जब कोई विधवा अदालतों के चक्कर काटते-काटते बूढ़ी हो जाती है तब केवल अपराध नहीं होता, समाज का विश्वास भी घायल होता है। उत्तर प्रदेश में वर्षों तक अपराध का सबसे बड़ा दुस्साहस यही था कि अपराधी को कानून से अधिक अपनी पहुंच और पैरवी पर भरोसा रहता था। उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी त्रासदी केवल अपराध नहीं थी, बल्कि अपराध के बाद न्याय का लंबा इंतजार था। पीड़ित मरता एक बार था, पर अदालत की हर तारीख पर थोड़ा-थोड़ा फिर मरता था। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। अब उत्तर प्रदेश में अपराध केवल दर्ज नहीं हो रहा, उसका पीछा अदालत के अंतिम फैसले तक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के नेतृत्व में चल रहा 'ऑपरेशन कन्विक्शन' दरअसल इसी 'नए उत्तर प्रदेश' की सबसे निर्णायक कहानी है। यह केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं है। यह अपराध और दण्ड के बीच टूट चुकी दूरी को समाप्त करने का प्रयास है। यह एफआईआर दर्ज करके फाइल बंद कर देने वाली मानसिकता का अंत है। यह उस सोच का प्रतिकार है, जिसमें अपराधी गिरफ्तारी से नहीं, केवल सजा से डरता है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस ने यह तय किया कि अपराधी को पकड़ना ही पर्याप्त नहीं है, उसे अदालत से दण्ड दिलाना ही असली सफलता होगी। इसी सोच के साथ लखनऊ जोन, जिसमें सीतापुर, खीरी, रायबरेली, हरदोई, उन्नाव, अयोध्या, सुलतानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर और अमेठी शामिल हैं, ने 01 जनवरी 2026 से 10 मई 2026 तक कुल 328 अभियोगों में अपराधियों को सजा दिलाई। इन मामलों में 457 अभियुक्त दोषसिद्ध हुए। ये केवल सरकारी आंकड़े नहीं हैं। इन संख्याओं के पीछे टूटे हुए घरों की कराह है। कहीं किसी मां ने बेटा खोया है, कहीं किसी बेटी की अस्मिता कुचली गई है, कहीं किसी पत्नी का सुहाग उजड़ा है, कहीं किसी मासूम बच्चे का बचपन रक्त से रंग दिया गया है। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें महिला अपराध, पॉक्सो, हत्या, संगठित अपराध, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस जैसे गंभीर मामलों को प्राथमिकता दी गई। पुलिस ने केवल गिरफ्तारी नहीं की। गुणवत्तापूर्ण विवेचना हुई। साक्ष्य बोले। फॉरेंसिक ने सच की पुष्टि की। फॉरेंसिक साक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से न्यायालय तक पहुंचाया गया। गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। अभियोजन विभाग और मॉनिटरिंग सेल के बीच मजबूत समन्वय बनाया गया। हर केस को अदालत में अंतिम सांस तक लड़ने का प्रयास किया गया। और इसी का परिणाम है कि अब अदालतों से आने वाले फैसले अपराधियों की नींद छीनने लगे हैं। अब अपराधियों को गिरफ्तारी से अधिक 'सजा' का भय सताने लगा है। सीतापुर का मामला इस अभियान का सबसे भयावह चेहरा है। 11 फरवरी 2022 की रात अभियुक्त नीरज ने अपनी पत्नी माया की हत्या कर दी। लेकिन उसके भीतर का वहशीपन यहीं नहीं रुका। उसने अपने मात्र दो वर्षीय मासूम पुत्र पीयूष को भी जमीन पर पटककर मौत के घाट उतार दिया। बीच-बचाव करने आए अपने भाई सुरेश पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। यह केवल हत्या नहीं थी, यह मानवीय संवेदनाओं का रक्तरंजित विखंडन था। लेकिन इस बार कहानी वहीं समाप्त नहीं हुई, जहां अक्सर हो जाया करती थी। पुलिस ने वैज्ञानिक और पेशेवर विवेचना की। साक्ष्य जुटाए गए। अभियोजन ने समयबद्ध पैरवी की। और अंततः माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 302 भादवि में मृत्युदण्ड से दण्डित किया। यह दण्ड केवल एक अपराधी को नहीं मिला, यह संदेश पूरे समाज तक गया कि अब मासूमियत की हत्या का उत्तर कानून देगा। बाराबंकी में 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाला उसका रिश्ते का चाचा था। यह अपराध केवल शरीर पर हमला नहीं था, विश्वास की हत्या भी था। लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाई। धारा 161 और 164 के बयान, वैज्ञानिक साक्ष्य, समयबद्ध आरोप पत्र और प्रभावी पैरवी, इन सबने मिलकर अभियुक्त को आजीवन कारावास तक पहुंचा दिया। अयोध्या में रंजिश के चलते विवेक वर्मा की हत्या कर दी गई। सात अभियुक्तों ने मिलकर हमला किया। कभी ऐसे मामलों में गवाह टूट जाते थे, साक्ष्य बिखर जाते थे और अभियुक्त छूट जाते थे। पर इस बार थाना पुलिस, पैरोकार और मॉनिटरिंग सेल ने हर साक्ष्य को समय से न्यायालय तक पहुंचाया। परिणाम सातों अभियुक्तों को आजीवन कारावास। जब हम सीतापुर के उस मासूम की हत्या या बाराबंकी की उस बिटिया की व्यथा को देखते हैं, तब हमें बोध होता है कि न्याय केवल अदालतों की फाइलों में दर्ज कोई शब्द नहीं है, बल्कि यह उस पीड़ित माँ के आंसुओं का जवाब है जिसने अपना बच्चा खोया, उस मासूम की चीख का प्रतिशोध है जिसकी मर्यादा भंग की गई, और उस समाज का विश्वास है जो सुरक्षित रातों का सपना देखता है। इन सभी घटनाओं में एक बात समान थी कि अपराधियों को यह भ्रम था कि समय के साथ मामला ठंडा पड़ जाएगा। लेकिन 'ऑपरेशन कन्विक्शन' ने इस भ्रम को तोड़ दिया।सीतापुर में मृत्युदण्ड। बाराबंकी में पॉक्सो के दोषी को आजीवन कारावास। अयोध्या में हत्या के सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास। उन्नाव में चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास। हरदोई में तीन दोषियों को आजीवन कारावास। अम्बेडकरनगर में पांच अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास। ये सजाएं केवल अदालती आदेश नहीं हैं, यह उस व्यवस्था का पुनर्जन्म है, जिसमें पीड़ित पहली बार महसूस कर रहा है कि राज्य उसके साथ खड़ा है।लखनऊ जोन के जनपदवार आंकड़े भी इस परिवर्तन की कहानी कहते हैं कि सीतापुर में 28 अभियोग, खीरी में 92, रायबरेली में 45, हरदोई में 23, उन्नाव में 18, अयोध्या में 43, सुलतानपुर में 09, बाराबंकी में 47, अम्बेडकरनगर में 10 तथा अमेठी में 13 अभियोगों में अपराधियों को सजा दिलाई गई।यह केवल पुलिसिंग नहीं, न्याय की पुनर्स्थापना है। कभी उत्तर प्रदेश में अदालत की तारीखें अपराधियों के लिए राहत और पीड़ितों के लिए यातना बन जाती थीं। अब वही अदालतें अपराधियों के लिए भय का पर्याय बनने लगी हैं।'ऑपरेशन कन्विक्शन' की सबसे बड़ी सफलता यही है कि इसने समाज को यह भरोसा लौटाया है कि कानून केवल किताबों में नहीं, जमीन पर भी जीवित है।जब किसी दुष्कर्मी को आजीवन कारावास मिलता है।

### ईरान–अमेरिका तनाव के बीच महंगाई का नया संकट

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में जिस तरह की तेजी आई है, अब तेल कंपनियां आम उपभोक्ताओं पर भी उसका बोझ सीधे डालना शुरू कर चुकी हैं। कुछ समय पहले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर और विमानन टर्बाइन ईंधन के दाम में खासी बढ़ोतरी की गई थी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इस बात की आशंका पहले से जताई जा रही थी कि तेल और गैस की कमी की वजह से आने वाले दिनों में जरूरी वस्तुओं की महंगाई बढ़नी तय है। खासतौर पर रसोई गैस की किल्लत की वजह से आम लोगों के सामने कैसी परिस्थितियां पैदा हुई हैं, यह सब जानते हैं। इस दौरान देश में ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की वजह से थोक महंगाई दर अप्रैल में 8.3 फीसद दर्ज की गई, जो मार्च में 3.88 फीसद थी। साफ है कि घरेलू बाजार पर अब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर पड़ना शुरू हो चुका है।हालांकि कुछ समय पहले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर और विमानन टर्बाइन ईंधन के दाम में खासी बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन उसके असर का दायरा कुछ हद तक सीमित था। अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफे का मोर्चा जिस तरह खुला है, उससे साफ है कि अगर ईरान और अमेरिका के बीच टकराव के साए में तेल की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रही, तो इसका असर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करेगा। गौरतलब है कि तेल कंपनियों की ओर से शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। वहीं सीएनजी की कीमत में भी दो रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया।

## भारत की विविधता से दूर होती नई पीढ़ी, अपनी विरासत को जानने की जिज्ञासा क्यों खो रही है?

(राकेश सिन्हा)

मैक्समूलर ने 1882 में अपने भाषणों की श्रृंखला में बताया था कि 'भारत– हमें क्या सिखा सकता है', तो एलएम बाशम ने 'द वंडर दैट वाज इंडिया' (आश्चर्यजनक, जो भारत था) के द्वारा हमें वह बताया, जो दक्कन से पाटलिपुत्र तक था। उन पुस्तकों को पढ़ना हमारे लिए बौद्धिक विलासिता है, तो एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ना अनिवार्यता है। अपने समाज या राष्ट्र को हम कितना जानते हैं? पिछले डेढ़ सौ वर्षों से भारत के अभिप्राय पर चर्चा, विवाद और टकराव चल रहा है। इसमें रवींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी और डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की परिभाषाएं हैं, तो दूसरी ओर संसद में इस पर होने वाली बहस भी शामिल है। पर यह अपूर्ण है। इसका कारण दूसरे प्रश्न में छिपा है। 'हम भारत को कितना जानने का प्रयास करते हैं?' समाजशास्त्र और इतिहास के पाठ्यक्रम, जिन पर 'विशेषज्ञों' द्वारा अनगिनत बार पुनर्विचार हुआ है, भारत की सही तस्वीर दे पाने में असमर्थ हैं। यही वजह है कि पीढ़ियों के लिए ये पुस्तकें परीक्षाओं में अंक लाने तक सीमित हैं। हर पुनर्विचार थोड़ा राजनीतिक विवाद जरूर पैदा करता है, जो हमें सूचित करता है कि भारत के इतिहास, विरासत और विविधता के बारे में विपरीत विचार अभी भी मुखर हैं। यूरोप के विद्वानों को 'भारत की खोज' प्रेरित और उद्वेलित करती है, पर यह हमें नहीं कर पाती है। मैक्समूलर ने 1882 में अपने भाषणों की श्रृंखला में बताया था कि 'भारत– हमें क्या सिखा सकता है', तो एलएम बाशम ने 'द वंडर दैट वाज इंडिया' (आश्चर्यजनक, जो भारत था) के द्वारा हमें वह बताया, जो दक्कन से पाटलिपुत्र तक था। उन पुस्तकों को पढ़ना हमारे लिए बौद्धिक विलासिता है, तो एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ना अनिवार्यता है। इन दोनों से अलग अपने परिवेश, परंपरा, विरासत को ढूंढ़ना, उससे साक्षात्कार करना और उस बुनियाद पर अपने आपको विकसित करना एक सभ्यताई दायित्व भी है। इसका हमने परित्याग कर दिया है। बीसवीं शताब्दी का एक संक्षिप्त कालखंड था, जब भारत की खोज में लोग लगे थे। वह भारत की कला, पत्रकारिता, राजनेताओं के भाषण और साहित्यकारों की लेखनी द्वारा जनसामान्य तक पहुंचता था। इसमें लोकमान्य तिलक के 'केसरी' से महर्षि अरविंद का 'वंदे मातरम्' अखबार और बिपिनचंद्र पाल का 'सोल आफ इंडिया' से लेकर कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी का 'सोमनाथ' उपन्यास शामिल है। पर भारत की व्यापकता उसकी जीवन पद्धतियों में है। वे भिन्न तो दिखती हैं, पर उनमें स्वर एक है। इसी विविधता को जानने और समझने में अपनी स्वैच्छिक अज्ञानता को हमने आगे कर रखा है। 1882 से लेकर 1941 तक साम्राज्यवादी शासन के दौरान हुई जनगणना में भारत को जानने, समझने का प्रयास हुआ, जो अब नहीं हो रहा है। उदाहरण के तौर पर 1911 और 1921 की जनगणना में सामाजिक परंपराओं, त्योहारों और रीति-रिवाजों में समुदायों की परस्पर साझेदारी का विस्तृत वर्णन है। इसी में पंजाब की 'पंचपीरिया परंपरा', बंगाल का 'फिरंगी काली मंदिर' और मद्रास का डुडेकुला समुदाय आदि हैं। वर्ष 1891 की जनगणना रिपोर्ट ने गिब्बन को उद्धृत किया कि 'एक हजार उपवनों और हजार नदियों के देवी-देवता अपने स्थानीय और विशिष्ट प्रभावों में शांतिपूर्वक प्रतिष्ठित थे। (भारत के) प्राचीनकाल में इतनी उदार भावना और समन्वय की प्रवृत्तियां थीं कि राष्ट्र अपने धार्मिक और पूजा पद्धतियों के बीच भेदों की अपेक्षा उनकी समानताओं पर अधिक जोर देता था।' यह भारत की रचनात्मक विविधता है। वह पहचान की कट्टरता और प्रतिद्वंद्विता, दोनों से मुक्त है। इसी को उभारते हुए 1931 में संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश) के जनगणना अधीक्षक एसी टर्नर ने भारत में धर्म के वैशिष्ट्य को उभारा था।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6098

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6097

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज चंद्रमा तीसरे भाव में गजकेसरी योग बनाकर परिवार और भाई बहनों से सहयोग दिला रहे हैं। पारिवारिक मामलो में आप आज भावुक भी रह सकते हैं। लेकिन आज आपकी राशि में बैठे हुए मंगल आपके लिए लाभ और तरक्की का अवसर भी तैयार कर रहे हैं। करियर में आपको अपनी मेहनत और लगन शीलता का फायदा मिलेगा।

### वृष
आज का दिन मानसिक रूप से उलझन भरा रह सकता है। आपकी राशि से अष्टम भाव में गुरु, शुक्र और चंद्रमा का संचार हो रहा है। ऐसे में आपको सोच समझकर ही किसी से कोई वादा करना चाहिए। किसी बात को लेकर आपकी उलझन और परेशानी बनी रह सकती है। नौकरी में आपको विरोधियों से सतर्क रहना होगा।

### मिथुन
आज मंगलवार का दिन सूर्य और बुध की युति से लाभदायक रहेगा। कारोबार में आपको बुद्धि और चतुराई पूर्ण निर्णय का लाभ मिलेगा। नौकरी में आपका दिन कुशलतापूर्वक बीतेगा। आप किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं। कोई काम जो अटका हुआ था वह भी आपका शुरू हो सकता है।

### तुला
आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। राशि में बैठे हुए केतु और आपका कूटनीतिक दांव पेंच सिखाएंगे और आप विरोधियों और शत्रुओं की चाल को मात दे पाएंगे। लेकिन आपको जोखिम लेने से बचना होगा वैसे चंद्रमा का गोचर आपकी राशि से ग्यारहवें भाव में गुरु और शुक्र के साथ होने से आपको प्रबंधन क्षमता और वस्त्रों के कारोबार में लाभ मिलेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन करियर और कामकाज के लिहाज से अच्छा रहेगा। भाग्य भाव में राशि स्वामी बुध सूर्य के साथ मिलाकर लाभ का संयोग बनाएंगे। बुद्धि और चतुराई का फायदा मिलेगा। नौकरी में आप साथी सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। कुछ नए अवसर भी आपको प्राप्त होंगे जो आपको भविष्य में भी लाभ दिला सकते हैं। किसी बात को लेकर मानसिक उलझन है तो उसका समाधान निकलेगा।

### धनु
आज मंगलवार का दिन भावुकता को बढाने वाला रहेगा। आप किसी बात को लेकर मानसिक द्वंद में रह सकते हैं। मन में करियर और काम में बदलाव का विचार प्रबल होगा। नौकरी में आपको नए विचारों और सक्रियता का फायदा मिलेगा। मन और मस्तिष्क को खोलकर नया सीखने और स्वीकर करने के लिए तत्पर रहना होगा।

### कर्क
आज का दिन लाभदायक रहेगा। राशि से दूसरे भाव में मंगल लाभ का अवसर प्रदान करेंगे, भाइयों से आपको सहयोग मिलेगा। राशि में बैठे शनि आपको गंभीर बनाएंगे और आप हर विषय को गंभीरता से समझने का प्रयास करेंगे। मन में दुविधा और उलझन की स्थिति रहने से निर्णय क्षमता प्रभावित होगी।

### सिंह
आज का दिन चंद्रमा और गुरु के गोचर से शुभ रहने वाला है। आपकी राशि से पंचम भाव में गजकेसरी योग रहने से आप शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। आपको अपने काम में भाग्य का भी साथ मिलेगा। आपका काम सुचारू रूप से चलेगा। दोस्तों और सहकर्मियों से आप अपेक्षित सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। आपका मनोबल ऊंचा रहेगा।

### कन्या
आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपकी राशि से सप्तम भाव में चंद्रमा का गोचर आपका मनोबल बढेगा। चंद्रमा गजकेसरी योग के साथ कला योग का भी निर्माण करेंगे जिससे आपकी कलात्मक क्षमता में बेहतरी आएगी। आप अपने काम और कार्यकुशलता के अपना प्रभाव बना पाएंगे।

### मकर
आज का दिन शुक्र, गुरु और चंद्रमा की युति से शुभ रहने वाला है। आपका मनोबल ऊंचा रहेगा। आर्थिक मामलों में प्रगति का संयोग बनेगा। आप अपनी कार्यकुशलता और प्रबंधन क्षमता से अधिकारियों का विश्वास जीत पाएंगे। मानसिक चंचलता भी बनी रहेगी और आप कई योजनाएं भी मन ही मन में बनाते रहेंगे। दोस्तों से आपको सहयोग मिलेगा।

### कुंभ
आज का दिन मानसिक उथल-पुथल को बढाने वाला रहेगा। मन में कई तरह के विचार आकर उलझा सकते हैं। आप किसी काम को जोश में आकर शुरू तो कर सकते हैं लेकिन पूरा किए बिना ही उसे बीच में अधूरा छोड़ सकते हैं। आपके विरोधी और शत्रु भी सक्रिय रह सकते हैं इसलिए अपने काम के प्रति आपको सतर्क रहना चाहिए। मामा मौसी से आपको सहयोग मिल सकता है।

### मीन
आज किसी न किसी बात को लेकर मानसिक उथल-पुथल में रह सकते हैं। राशि स्वामी चंद्रमा राशि से द्वादश भाव में गोचर करते हुए खर्च का भी योग बना रहे हैं। आपके अंदर सुख साधनों की चाहत बढ़ेगी, और इस पर आप धन खर्च भी करेंगे। आपका कोई बनता काम उलझ सकता है अथवा टल सकता है इसलिए सोच समझकर फैसला लें।

### वर्ग पहेली 6098

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| | ■ | 10 | ■ | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | | | | ■ | ■ |
| 13 | 14 | | ■ | | ■ | 15 | 16 |
| ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | |
| 20 | | ■ | 21 | | | | ■ |
| 22 | | | | ■ | | ■ | 23 |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 28 सितंबर 1907 को भारत के इस महान क्रांतिकारी ने जन्म लिया था जिसे 23 मार्च 1931 को लाहौर में फांसी दे दी गई (5)
5. दंत, दांत (2)
7. प्रतिदिन, नित्य (2)
8. यात्रा में साथ होना, सफर का साथ (5)
11. चसका, व्यसन (2)
12. समुद्र मंथन से निकला भयंकर विष (4)
13. बांस की चटाई को यह कहते है (3)
15. कनीज, खवास, बांदी (2)
17. स्वेच्छित, मन मर्जी का, मनचाहा (3)
19. पवित्र, पुनीत (3)
20. जिसमें प्राण हों, जीव (2)
21. उपदेश, सीख, आदेश, हुक्म (4)
22. क से ह तक की वर्णमाला (4)
23. प्रातःअर्धकालीन अर्ध प्रकाश (1)

**ऊपर से नीचे**
1. विश्वसनीय, भरोसे के काबिल (5)
2. गिरह, हाथी (2)
3. शेर, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
4. हमशोए, एक शौहर वाली स्त्रियां जिनका पति एक हो (उर्दू)(5)
5. नमूने के तौर पर बनाया हुआ (2)
6. झरोखा, खिड़की, गवाक्ष (उर्दू) (3)
9. समस्त, जितने हो वे सब, कुल (3)
10. ईश्वर का नाम , कृपालु, पुरानी फिल्मों का एक चरित्र अभिनेता जिनका कैरियर 1940 के दशक के उत्तरार्ध से लेकर 1970 के दशक के अंत तक फैला था (3)
14. सुंदर, प्रिय, खुशनुमा (4)
15. भोजन आदि के लिए दिया गया निमंत्रण (3)
16. फ्रांस में बहने वाली एक नदी (4)
18. यह मिस्र की राजधानी है (3)
19. पग श्रृंगार, पायजेब (3)
20. अग्र, आरंभ में (2)

### वर्ग पहेली 6097 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | न | ■ | दा | ■ | जी | व | न |
| फ | ल | न | मि | ल | ना | ■ | या |
| मि | ■ | म | नी | ला | ■ | य | दि |
| नि | ■ | क | ■ | ट | ■ | म | न |
| स्ट | डी | ■ | ही | ■ | शि | क | न |
| र | न | हा | रो | ■ | का | ■ | ई |
| ■ | ■ | जि | ■ | आ | य | ■ | रा |
| ब | ह | री | न | ■ | त | ह | त |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

ऋषभ पंत की फिसली जुबा

# प्रेजेंटेशन में लखनऊ टीम के लिए बोल गए अपशब्द

**जयपुर (एजेंसी)।** कप्तान ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की 13 मैचों में नौवीं हार के बाद पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में टीम के लिए अपशब्द बोल गए। आईपीएल2026 में वे प्लेऑफ की दौड़ से बहुत पहले ही बाहर हो चुके हैं। टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे है और अब इस सीजन के खत्म होने से पहले उन्हें सिर्फ एक आखिरी मैच की औपचारिकता पूरी करनी है।

पंत शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जब उन्होंने कहा, 'हम एक टीम के तौर पर गर्व महसूस करते हैं, चाहे अभी हमारी स्थिति कैसी भी हो। हमारी टीम जैसी है, हमें पता है कि हम जीत सकते हैं। चाहे कुछ भी हो, हम टीम और खिलाड़ी के तौर पर बहुत आत्मविश्वासी हैं। चीजें हमारे हिसाब से नहीं गईं और ये सब जानते हैं, लेकिन इससे ये सच नहीं बदलता कि हम एक (अपशब्द) अच्छी टीम हैं।'



एलएसजी की सबसे बड़ी समस्या उनकी बल्लेबाजी रही है। खुद पंत का सीज़न बेहद खराब रहा है, जहां उन्होंने 12 पारियों में सात बार 20 या उससे कम रन बनाए। उनके आसपास के बड़े खिलाड़ी, जैसे- निकोलस पूरन भी फॉर्म में नहीं दिखे। यहां तक कि मिचेल मार्श, जिन्होंने हाल ही में शतक लगाया था और मंगलवार को 96 रन बनाए, उनका भी इस आईपीएल में आगाज धीमा रहा था। टीम डायरेक्टर टॉम मूडी ने माना कि ख़ासकर मध्य क्रम का ख़राब प्रदर्शन, टीम के इस औसत प्रदर्शन की बड़ी वजह रहा, जिसकी वजह से टीम लगातार अंक तालिका के निचले हिस्से में रही।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ बल्लेबाजों ने ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन गेंदबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के सामने बुरी तरह दबाव में आ गए। सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाए जबकि जायसवाल ने 23 गेंदों में 43 रन की पारी खेली। ऱऱके सलामी बल्लेबाजों ने 221 रन के लक्ष्य में से 75 रन सिर्फ 39 गेंदों में ही जोड़ दिए।

वनडे टीम से पांच बाहर;, रोहित-हार्दिक के खेलने पर भी संशय

# टीम इंडिया में 4 नए खिलाड़ियों की एंट्री



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम 6 जून से अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगी। उसके बाद 14 जून से तीन वनडे मैचों की सीरीज भी टीम इंडिया अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर खेलने उतरेगी। इन दोनों सीरीज के लिए 19 मई (मंगलवार) को टीम इंडिया का ऐलान किया गया है। वनडे और टेस्ट दोनों टीमों की कमान शुभमन गिल संभालेंगे। जबकि चार नए चेहरे इन दोनों सीरीज में नजर आने वाले हैं।

## वनडे से 5 खिलाड़ियों की छुट्टी

भारत ने पिछली वनडे सीरीज आईपीएल और टी20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली थी। उस सीरीज में शामिल यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, ऋषभ पंत और चोटिल हर्षित राणा बाहर हो गए हैं। इशान किशन की बतौर सेकंड विकेटकीपर टीम में वापसी हुई है। प्रिंस यादव, गुरनूर बरार और हर्ष दुबे का पहली बार भारत की वनडे टीम में चयन हुआ है।



## हार्दिक पंड्या अभी भी रिकवरी पर हैं

रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या का भारत की वनडे टीम में चयन हुआ है। मगर दोनों खिलाड़ियों को सब्जेक्ट टू फिटनेस टीम में जगह मिली है, यानी वे दोनों अगर फिट हुए तो ही प्लेइंग 11 में खेल पाएंगे। आईपीएल 2026 में दोनों को इंजरी से जूझते देखा गया है। रोहित वापसी कर चुके हैं लेकिन बतौर इम्पैक्ट प्लेयर खेल रहे हैं। जबकि हार्दिक पंड्या अभी भी रिकवरी पर हैं।

## कौन से 4 नए खिलाड़ी शामिल

भारतीय टेस्ट टीम में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है। इसके चलते मानव सुतार और गुरनूर बराड़ को टेस्ट टीम में जगह मिली है। जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। उनकी जगह कुलदीप यादव बतौर सीनियर स्पिनर हैं और हर्ष दुबे का पहली बार भारतीय टीम में चयन हुआ है। वनडे टीम में भी गुरनूर और हर्ष शामिल हैं, प्रिंस यादव नए चेहरे के रूप में वनडे टीम में नजर आएंगे।

## किशन की वनडे टीम में वापसी

### 950 दिन पहले अफगानिस्तान के खिलाफ ही खेला था अंतिम मैच

**नई दिल्ली।** इशान किशन की पहले टी20 टीम में वर्ल्ड कप से पहले वापसी हुई। अब जब तैयारी शुरू होनी है वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तो उनका अब एकदिवसीय स्क्वाड में भी चयन हो गया है। इशान ने अपना आखिरी वनडे मैच 11 अक्टूबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप में ही अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। अब ठीक 950 दिन बाद ही उनका फिर से भारतीय वनडे टीम में चयन हो गया है। इशान किशन को टीम में बतौर सेकंड विकेटकीपर और बतौर बैकअप ओपनर शामिल किया गया है। रोहित शर्मा की फिटनेस के आधार पर उनका सेलेक्शन हुआ है। अगर रोहित फिट नहीं होते हैं तो उनका प्लेइंग 11 में खेलने पर संशय है।



### इशान किशन का वनडे रिकॉर्ड

इशान किशन को भारत के 2023 वनडे वर्ल्ड कप के स्क्वाड में भी बतौर बैकअप ओपनर शामिल किया गया था। उन्होंने डेंगू से पीड़ित शुभमन गिल की जगह पहले दो मैच भी खेले थे। आखिरी बार वह वनडे टीम में अफगानिस्तान के खिलाफ ही नजर आए थे। इशान ने भारत के लिए अभी तक 27 वनडे इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। इशान के नाम 27 वनडे मैचों की 24 पारियों में 42.40 की औसत और 102.19 के स्ट्राइक रेट से 933 रन दर्ज हैं। उन्होंने वनडे में सात अर्धशतक और एकमात्र शतक लगाया है जो उनकी इस फॉर्मेट में एकमात्र डबल सेंचुरी भी था। किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ 210 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। उसके बाद से वह सिर्फ दो वनडे मैच ही खेले थे और अब तकरीबन तीन साल बाद वह फिर से वनडे टीम का हिस्सा बन चुके हैं।

### अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का स्क्वाड

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, नितीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार, हर्ष दुबे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया

## शानदार जीत से खत्म की सीरीज



**भोपाल (एजेंसी)।** भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने भोपाल में खेले गए चार मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराकर शानदार अंदाज में जीत दर्ज की। उदय दास मेहता (भाई जी) केंद्रीय साई सेंटर में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मेहमान टीम को पूरी तरह दबाव में रखा।

हालांकि मैच की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ने शानदार अंदाज में की। पहले क्वार्टर के आठवें मिनट में ऑरोरा कोवासेविच ने गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई। लेकिन भारतीय कप्तान स्वीटी कुजूर ने 13वें मिनट में बराबरी का गोल कर टीम को मैच में वापसी दिला दी।

**दूसरे क्वार्टर में भारत ने पलटा मैच** – पहले क्वार्टर के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ता गया। दूसरे क्वार्टर में दीया ने 25वें मिनट में गोल दागकर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दबाव बनाए रखा और ऑस्ट्रेलियाई टीम को ज्यादा मौके नहीं दिए।

**दूसरे हाफ में भारत का दबदबा** – तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिंज ने 44वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त को और मजबूत कर दिया। वहीं अंतिम क्वार्टर में नौशीन नाज ने 50वें मिनट में गोल दागकर भारत की 4-1 की शानदार जीत पर मुहर लगा दी। भारतीय टीम ने पूरे दूसरे हाफ में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और ऑस्ट्रेलिया को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

**सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती** – हालांकि भारत ने आखिरी मुकाबला जीत लिया, लेकिन चार मैचों की सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से अपने नाम की। पहले मैच में भारतीय टीम को 3-4 से करीबी हार मिली थी। इसके बाद दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4-1 से हराया। तीसरे मैच में भी भारतीय टीम संघर्ष के बावजूद जीत हासिल नहीं कर सकी।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

# हारा पाकिस्तान, पर नुकसान भारत को हुआ, छठे स्थान पर खिसका

| स्थान | टीम | मैच | जीत | हार | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 8 | 7 | 1 | 0 | 84 | 87.50 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 3 | 2 | 0 | 1 | 28 | 77.78 |
| 3 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 3 | 1 | 0 | 36 | 75.00 |
| 4 | श्रीलंका | 2 | 1 | 0 | 1 | 16 | 66.67 |
| 5 | बांग्लादेश | 4 | 2 | 1 | 1 | 28 | 58.33 |
| 6 | भारत | 9 | 4 | 4 | 1 | 52 | 48.15 |
| 7 | इंग्लैंड | 10 | 3 | 6 | 1 | 38 | 31.67 |
| 8 | पाकिस्तान | 4 | 1 | 3 | 0 | 4 | 8.33 |
| 9 | वेस्टइंडीज | 8 | 0 | 7 | 1 | 4 | 4.17 |




**सिलहट (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराकर इतिहास रच दिया। सिलहट टेस्ट में 78 रन की जीत के साथ बांग्लादेश ने पाकिस्तान का सूपड़ा साफ किया। हालांकि इस नतीजे का असर भारत पर पड़ा, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 अंक तालिका में छठे स्थान पर खिसक गया। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। सिलहट में खेले गए दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 78 रन से हराकर सीरीज अपने नाम की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद बांग्लादेश को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 अंक तालिका में बड़ा फायदा हुआ, जबकि भारत को नुकसान झेलना पड़ा।

## बांग्लादेश ने टेस्ट सीरीज 2-0 से क्लीन स्वीप की

बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचते हुए पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में 78 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने आखिरी दिन संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम रिकॉर्ड रन चेज पूरा करने में नाकाम रही।मोहम्मद रिजवान ने एक छोर संभालते हुए शानदार 94 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन वह टीम को ऐतिहासिक जीत नहीं दिला सके। रिजवान के आउट होते ही पाकिस्तान की उम्मीदें पूरी तरह खत्म हो गईं और बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप कर दिया।




## रिजवान ने दिखाई लड़ाई, लेकिन नहीं मिला साथ


437 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने पांचवें दिन 316/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। शुरुआत में रिजवान को जीवनदान भी मिला, जब मेहदी हसन मिराज ने उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद रिजवान और साजिद खान ने तेज बल्लेबाजी करते हुए आठवें विकेट के लिए 50 रन जोड़े। साजिद खान 28 रन बनाकर ताइजुल इस्लाम का शिकार बने। इसके बाद रिजवान अकेले लड़ते रहे, लेकिन शोरीफुल इस्लाम की गेंद पर आउट होकर शतक से सिर्फ 6 रन दूर रह गए। उन्होंने 166 गेंदों में 94 रन बनाए। आखिर में ताइजुल ने खुर्रम शहजाद का विकेट लेकर बांग्लादेश को 78 रन की शानदार जीत दिलाई।

## ताइजुल इस्लाम बने जीत के हीरो

बांग्लादेश की जीत के सबसे बड़े हीरो लेफ्ट आर्म स्पिनर ताइजुल इस्लाम रहे। उन्होंने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। ताइजुल ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए लगातार दबाव बनाए रखा और अहम मौकों पर विकेट निकाले।


# अनिल कुंबले ने माना, क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच सकते हैं वैभव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना ??है कि युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी की रेंज और स्वभाव उन्हें अन्य बल्लेबाजों से अलग करता है और वह आईपीएल के एक सत्र में सर्वाधिक छक्के लगाने का क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। सूर्यवंशी आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक 53 छक्के लगा चुके हैं और गेल के 2012 में लगाए गए 59 छक्कों के रिकॉर्ड की बराबरी करने से केवल छह छक्के दूर हैं।




इस 15 वर्ष के बल्लेबाज ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स की तरफ से लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 38 गेंद में 93 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 10 छक्के और 7 चौके शामिल हैं। इस तूफानी पारी की बदौलत उनकी टीम ने 221 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट से आसान जीत हासिल की।

**'मैं कभी भी दो-तीन चौके या छक्के लगा सकता हूं, इसलिए जल्दबाजी नहीं -वैभव सूर्यवंशी** – राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से आईपीएल 2026 में तहलका मचा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जयपुर में खेले गए मुकाबले में 15 वर्षीय बल्लेबाज ने सिर्फ 38 गेंदों में 93 रन ठोककर टीम को शानदार जीत दिलाई। मैच के बाद वैभव ने अपनी पारी को लेकर बड़ा बयान दिया और बताया कि उन्होंने शुरुआत में संयम से बल्लेबाजी क्यों की।वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि उन्हें अपनी ताकत पर पूरा भरोसा था और वह जानते थे कि वह किसी भी समय लगातार चौके-छक्के लगा सकते हैं। इसी वजह से उन्होंने शुरुआत में जल्दबाजी नहीं की और विकेट पर समय बिताने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'मेरी सोच यही थी कि मैं कभी भी दो-तीन चौके या छक्के लगा सकता हूं। इसलिए मैंने शुरुआत में ज्यादा जल्दबाजी नहीं की और मैच को आखिर तक ले जाने की कोशिश की।



फुटबॉल इतिहास की दर्दनाक कहानी

# आत्मघाती गोल और मौत का 'फरमान'

### जिसे दुनिया ने 'जेंटलमैन' माना, लेकिन देश बचा नहीं पाया

**नई दिल्ली।** आंद्रेस एस्कोबार को दुनिया फुटबॉल के सबसे सभ्य और शांत खिलाड़ियों में गिनती थी। मैदान पर ईमानदारी से खेलने और अच्छे व्यवहार की वजह से उन्हें 'द जेंटलमैन' कहा जाता था। हालांकि, 1994 FIFA World Cup (फीफा विश्व कप) में एक गलती के कारण उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी। फीफा विश्व कप में आत्मघाती गोल कथित तौर पर उनकी मौत का कारण बना। अमेरिका के खिलाफ मैच में हुई उस गलती के बाद कोलंबिया वर्ल्ड कप से बाहर हो गया और सिर्फ पांच दिन बाद एस्कोबार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। माना गया कि यह हत्या उसी 'आत्मघाती गोल' और उससे जुड़े सट्टे में हुए नुकसान का बदला थी। फुटबॉल इतिहास की यह घटना आज भी दुनिया की सबसे दर्दनाक खेल घटनाओं में गिनी जाती है।

## सामान्य परिवार से निकला फुटबॉल का 'जेंटलमैन'

आंद्रेस एस्कोबार का जन्म 13 मार्च 1967 को कोलंबिया के मेडेलिन शहर में हुआ था। वह एक सामान्य परिवार में पले-बढ़े। स्कूल के दिनों से ही वह फुटबॉल खेलते थे और बाद में यही उनका करियर बन गया। उनके पिता डारियो एस्कोबार बैंकर थे। डारियो एस्कोबार ने एक ऐसा संगठन बनाया था, जो युवाओं को सड़कों पर भटकने के बजाय फुटबॉल खेलने का मौका देता था। उनके भाई सैंटियागो एस्कोबार भी फुटबॉलर रहे। बाद में वह टीम मैनेजमेंट में चले गए।



## वर्ल्डकप से लौटने के पांच दिन बाद हत्या

वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद आंद्रेस एस्कोबार ने लास वेगास में अपने रिश्तेदारों से मिलने के बजाय कोलंबिया लौटने का फैसला किया। एक जुलाई 1994 की रात वह अपने दोस्तों के साथ इलाके के एक बार में गए। बाद में वह एक शराब की दुकान और फिर एक नाइटक्लब पहुंचे। कुछ समय बाद उनके दोस्त अलग हो गए। सुबह करीब 3 बजे आंद्रेस एस्कोबार नाइटक्लब के पार्किंग एरिया में अपनी कार के पास पहुंचे थे। आंद्रेस एस्कोबार वहां अकेले थे, तभी तीन लोग वहां पहुंचे और उनसे बहस करने लगे। दो लोगों ने पिस्तौल निकाल ली। आंद्रेस एस्कोबार को 0.38 कैलिबर की पिस्तौल से छह गोलियां मारी गईं।

- **वह आत्मघाती गोल जिसने सब कुछ बदल दिया–** 1994 फीफा वर्ल्ड कप में कोलंबिया का दूसरा ग्रुप मैच मेजबान अमेरिका के खिलाफ था। इसी मुकाबले में आंद्रेस एस्कोबार से वह आत्मघाती गोल हुआ, जो बाद में उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी त्रासदी बन गया। अमेरिकी मिडफील्डर जॉन हार्क्स के क्रॉस को रोकने की कोशिश में आंद्रेस एस्कोबार ने गेंद को गलती से अपने ही गोलपोस्ट में पहुंचा दिया।

## न्यूज बाइट्स

### गजल कृति रंग-ए-तसव्वुर का किया गया लोकार्पण

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद के महाराजगंज रोड स्थित होटल ज़ेड स्क्वायर के सभागार में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद की 50वीं कृति हिमांशु चक्रपाणि रचित रंग-ए-तसव्वुर का लोकार्पण किया गया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज डेहरी के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,गणितज्ञ डॉ शिवपूजन सिंह,पर्यावरणविद डॉ रामाधार सिंह,प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, डॉ संजीव रंजन,प्रो कासिम फरीदी,वरिष्ठ शायर शब्बीर हसन शब्बीर, जेपी सेनानी अजय श्रीवास्तव,नागेंद्र केसरी विनय मामूली बुद्धि,अनुज बेचैन,सुदामा सिंह, सुमन अग्रवाल,डॉ सुमन लता,लव कुश प्रसाद सिंह,प्रियंका पांडेय,आफताब राणा, इकबाल अख्तर दिल,सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ पुस्तक का लोकार्पण किया गया।संचालन की जिम्मेवारी महामंत्री धनंजय जयपुरी द्वारा निभाई गई। डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि साहित्यसेवियों को एक धारा में अपनी दिशा को तय करना चाहिए ताकि अन्य क्षेत्रों के लोग उन्हें साहित्यकार ही समझे।डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि शेरों शायरी का संग्रह ही गजल का प्रतिरूप है,हिमांशु ने इस रचना में काव्य के विविध विधाओं को सजाया है।

घटना के बाद इलाके में तनाव, आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-139 किया जाम

# किसान की गोली मारकर हत्या

**निज संवाददाता** | दाउदनगर(औरंगाबाद)


मृतक का फाइल फोटो

जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात अपराधियों ने एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना भुइयां बिगहा गांव के पास की है, जहां बाइक सवार दो बदमाशों ने किसान के सिर में गोली मारकर वारदात को अंजाम दिया। मृतक की पहचान केसरारी गांव निवासी 50 वर्षीय कुंदन यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर एनएच-139 जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का आरोप था कि अपराधियों की गिरफ्तारी में पुलिस लापरवाही बरत रही है। परिजनों के अनुसार कुंदन यादव मंगलवार को किसी काम से बाहर निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल दाउदनगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी संतोष कुमार ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई कुंदन यादव के साथ केसरारी गांव जा रहे थे। तभी भुइयां बिगहा के पास दो बाइक सवार युवक पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली मारने के बाद दोनों आरोपी जिनोरिया की ओर फरार हो गए।

ग्रामीणों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान कुंदन यादव का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। उस समय भी गोलीबारी की घटना हुई थी। लोग इस हत्या को उसी पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रहे हैं। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए और शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लगभग आधे घंटे तक एनएच-139 जाम रहने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीण अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी गंभीर घायल

**निज संवाददाता** | नवीनगर(औरंगाबाद)



जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना नवीनगर-जपला मुख्य मार्ग पर नेनुआ तोल गांव के पास हुई, जहां तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत डंगवार गांव निवासी 53 वर्षीय विश्वनाथ साव के रूप में हुई है। वहीं घायल महिला उनकी पत्नी सुनैना देवी हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

बताया जाता है कि विश्वनाथ साव अपनी पत्नी के साथ बाइक से एक रिश्तेदार के घर शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। इसी दौरान नेनुआ तोल गांव के पास ओवरटेक करने के क्रम में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सड़क पर पलट गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवीनगर पहुंचाया। साथ ही घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही मृत्युंजय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। हालांकि हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजन सुनैना देवी को इलाज के लिए पटना ले गए, जबकि विश्वनाथ साव को औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सदर अस्पताल में मौत की खबर मिलते ही परिजनों के बीच चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे तीन बेटियां और दो बेटे छोड़ गए हैं। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजा देने की मांग की है।

# ई-फार्मेसी के विरोध में बंद रहीं दवा दुकानें




**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

ई-फार्मेसी और दवा कारोबार से जुड़े विभिन्न मुद्दों के विरोध में बुधवार को औरंगाबाद जिले की दवा दुकानें बंद रहीं। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स तथा बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के दवा विक्रेताओं ने राष्ट्रव्यापी बंद में भाग लिया। सुबह से ही शहर के रमेश चौक, पुरानी जीटी रोड, टिकरी रोड और अस्पताल रोड सहित कई प्रमुख इलाकों में मेडिकल दुकानें बंद नजर आईं। दवा दुकानों के बंद रहने से मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग जरूरी दवाओं के लिए एक दुकान से दूसरी दुकान तक भटकते दिखाई दिए।

दवा व्यवसायियों का कहना है कि ई-फार्मेसी के बढ़ते प्रभाव से छोटे मेडिकल दुकानदारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। उनका आरोप है कि बिना डॉक्टर की उचित निगरानी और जांच के ऑनलाइन दवाओं की बिक्री मरीजों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनती जा रही है।

ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार द्वारा दवाओं की होम डिलीवरी की व्यवस्था शुरू की गई थी। हालांकि कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी यह व्यवस्था जारी है और लोग बड़े पैमाने पर ऑनलाइन दवाएं खरीद रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारी डिस्काउंट के नाम पर कई कंपनियां नकली दवाओं की डिलीवरी कर रही हैं, जिससे लोगों की सेहत पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन जनता या प्रशासन के खिलाफ नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के विरोध में है जिससे छोटे व्यवसायियों को नुकसान हो रहा है।

# जीविका दीदियों की सहभागिता पर चर्चा, अस्पतालों की साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने की तैयारी

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन, डीपीएम स्वास्थ्य एवं डीपीएम जीविका उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सदर अस्पताल एवं अनुमंडल अस्पतालों की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने अस्पताल परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

इस दौरान यह प्रस्ताव रखा गया कि अस्पतालों की नियमित सफाई व्यवस्था में जीविका दीदियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि अस्पतालों में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखना मरीजों और उनके परिजनों के हित में अत्यंत आवश्यक है।

# अवैध गैस रिफिलिंग पर प्रशासन की कार्रवाई, 105 सिलेंडर जब्त

**निज संवाददाता** | कुटुंबा (औरंगाबाद)

जिला प्रशासन ने अवैध गैस भंडारण एवं घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 105 गैस सिलेंडर समेत कई सामग्री जब्त की है। यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर की गई। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह को प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर रिसियप थाना अध्यक्ष और कुटुंबा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके बाद ग्राम पहरा में संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया।

छापेमारी के दौरान विकास कुमार सिंह के आवास एवं दुकान परिसर की सघन तलाशी ली गई। जांच में कुल 105 गैस सिलेंडर, 90 गैस पासबुक, छह उज्ज्वला गैस चूल्हा, एक रिफिलिंग नोजल पाइप और एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन बरामद कर जब्त किया गया। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और अनधिकृत रिफिलिंग से जुड़ी गतिविधियों के प्रमाण मिले हैं। मामले में विकास कुमार सिंह, पिता मनोज सिंह, निवासी ग्राम पहरा, थाना रिसियप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, जमाखोरी अथवा अनधिकृत रिफिलिंग को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि घरेलू उपयोग के लिए दिए गए एलपीजी गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल केवल निर्धारित उद्देश्यों के लिए करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्काघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्म्च से लू प्रभावित व्यक्ति को देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें




इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोंछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव
हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

PR No. 380346(IPRD)2026-27

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड
झारखण्ड सरकार 104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)